9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 4.00 वर्ष-12, अंक 49, पृष्ठ -10 महानगर संस्करण

D-live NewsTV www.dabangdunia.co.in

दैनिक दबंग दुनिया

रायपुर, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें



पेज 06

## सार.समाचार

### सीएम ने नरक चतुदर्शी और छोटी दीपावली की दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियो को नरक चतुदर्शी और छोटी दीपावली की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली से एक दिन पहले कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुदर्शी तिथि को छोटी दिवाली मनाई जाती है, इसे नरक चतुदर्शी या रूप चौदस के रूप मे मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। रूप चौदस का पर्व सौंदर्य से जुड़ा है। साथ ही इस दिन नकारात्मक शक्तियो के प्रभाव को दूर करने के लिए माँ काली और यम की पूजा का विधान है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छोटी दिवाली पर आप सभी के जीवन से चिंता और दु:खो का नाश हो। आप सभी को सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और संपन्नता प्राप्त हो।



### उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 6 नवंबर को आएंगे रायपुर



रायपुर। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ छत्तीसगढ़ राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 6 नवंबर को रायपुर पहुंचेगे। वे अंतिम दिन अलंकरण समारोह में शामिल होंगे। उत्सव की शुरुआत 4 नवंबर से होगी। उद्घाटन कार्यक्रम मे मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव आएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार के बताया कि, राज्योत्सव कार्यक्रम नवा रायपुर के ग्राउंड मे आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दीपावली के कारण आयोजन को आगे बढ़ाया गया है। हालांकि 1 तारीख से ही उत्सव का नजारा सरकारी दफ्तरों मे दिखने लगेगा। सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिया है कि, जिला मुख्यालयो पर 5 नवंबर को एक दिन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें विकास विभागो की विभागीय प्रदर्शनी और स्थानीय कलाकारों की परफॉर्मेस होंगी। 1 नवंबर से 6 नवंबर तक जिला मुख्यालयो के सभी सरकारी दफ्तरो मे लाइटिंग की जाएगी।

#### सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बिलासपुर से बिलासपुर और सरगुजा संभाग के लोगों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं : सीएम विष्णु देव साय

# लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

» प्रधानमंत्री ने 200 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बिलासपुर का किया वर्चुअल लोकार्पण

» धन्वंतरि दिवस पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं की दी सौगात

दबंग दुनिया ♦ रायपुर








सेवा से समृद्धि और सुशासन की संकल्पना के साथ आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरी जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बिलासपुर (कोनी) में 200 करोड़ की लागत से निर्मित सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में वर्चुअल रूप से देश के विभिन्न स्थानों में 12 हजार 850 करोड़ रूपए से अधिक लागत की अनेक स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया, इनमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर (कोनी) का सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण और रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (उपक्रठ) का शिलान्यास शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को धनतेरस और भगवान धनवंतरि जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि धनतेरस के दिन सौभाग्य और स्वास्थ्य का यह उत्सव सिर्फ एक संयोग नहीं है, यह स्वास्थ्य और समृद्धि का उत्सव है। देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते है, आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज धनवंतरी और नौवां आयुर्वेद दिवस है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यायधानी बिलासपुर को एक बड़ी सौगात दी हैं। बिलासपुर स्थित मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। अस्पताल से न केवल बिलासपुर के आसपास के ग्रामीणों को इलाज की बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि सरगुजा संभाग के भी मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी और सुशासन के संकल्प के साथ विकास के सभी वादों को पूरा करने के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना फिर से शुरू की जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित विकास के सभी आयामों पर हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 200 करोड़ की लागत से बना अस्पताल धनतेरस के पावन अवसर पर बिलासपुर वासियों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है। बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित इस हॉस्पिटल के शुभारंभ से अब क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि इस अस्पताल के शुभारंभ से स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया कीतिर्मान स्थापित होगा।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने 200 करोड़ के लागत से बने इस मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ को बिलासपुर के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए कीतिर्मान स्थापित कर रही है। इसी कड़ी में ढाई एकड़ में यह 11 मंजिला भव्य हॉस्पिटल बनाया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस अस्पताल में बिलासपुर सहित सरगुजा संभाग के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

गौरतलब है कि दूर-दराज के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने एवं चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए 2003 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की शुरुआत की थी। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के फेस चार के अंतर्गत दो सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रारंभ किया जा रहे हैं जिसमें 200 करोड़ की लागत से बना यह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामिल है। 11 मंजिला यह अस्पताल बिलासपुर का सबसे ऊंचा भवन है जिसमें सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे, कलर डॉपलर टीएमटी मशीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। 240 बिस्तर वाले इस अस्पताल में 70 आईसीयू एवं आईसीसीयू बेड रहेंगे। इस अस्पताल में 08 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का भी निर्माण किया गया है। वतर्मान में इस अस्पताल में न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, पल्मनोलॉजी और जनरल मेडिसिन सहित चार ओपीडी प्रारंभ किये जा रहे हैं। इस अस्पताल में ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब की भी सुविधा मिलेगी।

#### सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है रन फॉर यूनिटी

# सीएम साय ने राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए राजधानी वासियों के साथ लगाई एकता दौड़

दबंग दुनिया ♦ रायपुर





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में राजधानी वासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी एकता दौड़ लगाई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। श्री साय ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है। सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री राम विचार नेताम ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हमें अपने देश की एकता अखंडता को बनाये रखने की प्रेरणा देता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते।

खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश देता है। सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए 500 से अधिक रियासतों को एक बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर आगे बढ़े।

गौरतलब है कि इस वर्ष दीपावली के उत्सव को देखते हुए 29 अक्टूबर को ही राष्ट्रीय एकता दिवस और रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

# पीएम ने केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान रायपुर का किया वर्चुअली शिलान्यास

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर वर्चुअल माध्यम से रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (उपक्रठ) का शिलान्यास किया।प्रधानमंत्री श्री मोदी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से रायपुर से जुड़े थे। श्री मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम रही है।

केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान रायपुर को केन्द्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (सीसीआरवायएन) के तहत स्थापित किया जा रहा है। 90 करोड़ रूपए की लागत से इस संस्थान का निर्माण 24 माह में पूरा होगा। राज्य सरकार ने इस संस्थान के लिए 10 एकड़ की भूमि विभाग को उपलब्ध करा दी है। यह छत्तीसगढ़ का पहला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और अस्पताल होगा जो गैर संचारी रोगों जैसे मोटापा, प्रीडायबिटीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम, व गठिया आदि के उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। अनुसंधान केन्द्र में बाह्य रोगी और प्रशासनिक ब्लॉक, आंतरिक रोगी ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, योग हॉल, आहार केन्द्र, मालिश और फिजियोथेरेपी अनुभाग के साथ ही अनुसंधान ब्लॉक भी स्थापित होंगे। यह केन्द्र स्पा और वेलनेस थेरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम संचालित करेगा। केंद्र में वेलनेस थिरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम का भी संचालन होगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान का विकास होगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश अपनी पुरानी पद्धतियों को संजोकर लगातार आगे बढ़ रहा है।

# जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने विभागीय अधिकारियों से ली काम-काज की जानकारी

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



जनसम्पर्क संचालनालय के नव पदस्थ आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने आज यहां छत्तीसगढ़ संवाद के सभा कक्ष में जनसम्पर्क संचालनालय एवं संवाद के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से विभागीय कार्यकलापों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने अधिकारियों से शासन की योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संचालक जनसम्पर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जे.एल.दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, श्रीमती हर्षा पौराणिक एवं संतोष मौर्य सहित संचालनालय के संयुक्त संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक सहित संचालनालय एवं संवाद के अधिकारी मौजूद थे।

Scanned with OKEN Scanner

# कलेक्टर-एसपी ने निमार्णाधीन तहसील, हाईटेक स्टूडियो, बनारी-पुटपुरा चौक, केरा रोड सहित वसुंधरा उद्यान का निरीक्षण किया

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

**दबंग दुनिया • जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कचहरी चौक स्थित निमार्णाधीन तहसील कार्यालय, हाईटेक स्टूडियो, बनारी-पुटपुरा चौक, खोखरा डंपिंग स्थल, केरा रोड सहित वसुंधरा उद्यान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कचहरी चौक स्थित निमार्णाधीन मॉडल तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कचहरी चौक निमार्णाधीन हाईटेक डिजीटल स्टूडियों का निरीक्षण करते हुए कहा कि हाईटेक स्टूडियो बन जाने से स्थानीय क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स को विभिन्न सुविधाओं के साथ आवश्यक उपकरण मिलेगा। अत्याधुनिक कैमरे, ड्रोन कैमरे, हाइएंड कंप्यूटर जैसे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे है। शूटिंग के साथ-साथ एडिटिंग के लिए भी सॉफ्टवेयर्स की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान उन्होंने इस परिसर में कला केन्द्र की स्थापना के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं एसपी ने बनारी-पुटपुरा चौक का निरीक्षण करते हुए यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क चौड़ीकरण, लाईटिंग की व्यवस्था डिवाइडर, गेट निर्माण, सुचना पटल, रेडियम पट्टी आदि लगाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के कचरे के प्रबंधन का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डंपिंग यार्ड में कचरे को सही तरीके से निपटाने के लिए बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि डंपिंग यार्ड के आसपास की क्षेत्र की सफाई बनाए रखी जाए और कचरे के निपटान में पर्यावरण के प्रति सावधानी बरती जाए। कलेक्टर ने नवम्बर माह के अंत तक कचरे का निपटान कर खाली करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने केरा रोड के सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को तेजी से पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन हो। उन्होंने स्थानीय निवासियों की सुविधाओं का भी ध्यान रखने का निर्देश दिया, ताकि सड़क निर्माण के कारण उन्हें कोई असुविधा न हो।

# उरगा पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

## पारिवारिक विवाद के चलते पिता ने की पुत्र की हत्या

**दबंग दुनिया • कोरबा**

पुत्र की प्रताड़ना से तंग आकर पिता ने लोहे के सब्बल से सिर में वार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है।



मधुसिंह मरावी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका भतीजा मृतक जीवराखन सिंह आय दिन शराब पीकर परिवार वालो से मारपीट लड़ाई झगड़ा करता था। जिस वजह से पत्नि अपने बच्चे को लेकर तीन वर्षो से अपने मायके में रह रही है, और मृतक के पिता मानसिंह और माँ भगवती मृतक से तंग आकर जम्मू कश्मीर कमाने खाने चले जाते है। जब भी वापस आते है मृतक पैसों की मांग कर प्रताड़ित करता है।28 अक्टूबर को रात्रि 10 बजे जीवराखन शराब पीकर हाथ में लोहे का सब्बल लेकर घर आया और अपने पिता मानसिंह को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारने के लिए बढ़ रहा था। तभी मृतक का चाचा मधु सिंह बीच बचाव किया, तब मृतक अपने चाचा मधु सिंह को लोहे के सब्बल से पैर में मारा तब मानसिंह गुस्सा हो गया और जीवराखन के हाथ से सब्बल छिनकर मृतक के सिर में 3-4 बार प्रहार कर दिया। जिससे मृतक का खोपड़ी फट गया और मृतक मौके पर ही मर गया। जिस पर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। एफएसएल टीम के साथ घटना स्थल निरीक्षण किया गया। मर्ग पंचनामा कार्यवाही के बाद आरोपी से पूछ ताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल जप्त किया गया है।आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# कुत्ता और बिल्ली की दोस्ती कोरबा में दिखता है दोस्ताना

**दबंग दुनिया • कोरबा**

कुत्ता और बिल्ली दोनों अपने दुश्मनी के लिए जगजाहिर है, लेकिन जानी दुश्मनों के बीच यारी की कहानी चर्चा का विषय बन चुकी है। विमला मोजेस के सार्थक प्रयासों से जानवरों के बीच की गहरी यारी इंसानों के लिए भी एक लर्निंग स्टोरी है।



कोरबा में दोस्ती की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली है, जो न केवल इंसानों, बल्कि जानवरों के बीच भी दोस्ती के महत्वपूर्ण रिश्ते को दिखाती है। अक्सर सुनने में आता है कि कुत्ते और बिल्ली एक-दूसरे के जानी दुश्मन होते हैं, लेकिन कोरबा के रामपुर बस्ती में ऐसा एक अनोखा नजारा देखने को मिला है, जिसमें एक कुत्ता और कई बिल्लियाँ एक परिवार की तरह साथ में रह रही हैं। इस कुत्ते का नाम रोबर्ट है और यह अपनी सहेलियों कल्ली, भूरी, पूसी और अन्य बिल्लियों के साथ तालमेल बनाकर जी रहा है। आमतौर पर इनके बीच तनाव और टकराव की स्थिति देखी जाती है, लेकिन यहां मामला बिल्कुल अलग है। खास बात ये है कि रोबर्ट बिल्लियों की सुरक्षा का भी ख्याल रखता है। इस अनोखी दोस्ती का श्रेय पशु प्रेमी विमला मोजेस को जाता है। विमला मोजेस रोबर्ट को एक साल पहले अपने घर लाई थी और शुरूआत में उसे बिल्लियों से अलग रखा। रोबर्ट और बिल्लियाँ को एक साथ खेलते हुए देखकर हैरानी हुई। इसके बाद विमला ने सोचा कि क्यों न इन्हें एक ही जगह रखा जाए और इससे इनकी दोस्ती ज्यादा गहरी होती चली गई।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में अपर कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक

**दबंग दुनिया • जांजगीर-चांपा**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निदेर्शानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन हेतु में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एस. पी. वैद्य अध्यक्षता में कलेक्टोरेट कार्यालय में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित किया गया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 816 मतदान केन्द्रों एवं ईआरओ/एईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) कार्यालयों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज 29 अक्टूबर 2024 को किया जाकर 28 नवम्बर 2024 तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। जिलें में पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन माह नवम्बर-2024 के द्वितीय तथा तृतीय शनिवार एवं रविवार को किया जावेगा। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा एवं 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन की फोटोरहित मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के वेबसाइट में होस्ट कर दी गई है। आम जनता मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची डाउनलोड कर इसका अवलोकन कर सकते है। राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग प्रदान करे साथ ही लोगो को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। मतदाता सूची में नाम एवं मोबाईल नंबर दर्ज होने पर आयोग द्वारा संचालित वोटर सर्विस पोर्टल में जाकर एपिक डाउनलोड कर सकते है, यदि किसी का मोबाइल नम्बर दर्ज नहीं है तो वह फॉर्म 8 में संशोधन के माध्यम से मोबाइल नंबर दर्ज कराकर उसके तत्काल बाद एपिक डाउनलोड टैब में जाकर दर्ज एपिक डाउनलोड कर सकते है। आमजन वोटर हेल्पलाइन एप्प का प्रयोग कर अपना मतदान केन्द्र कमांक एवं मतदाता सूची में अपना सरल कमांक आसानी से जांच कर सकते है, तथा स्वयं आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# बालको क्षेत्र के लोग बस की सुविधा से वंचित

**कोरबा।** बालको क्षेत्र के लोग बस की सुविधा से वंचित हैं। जबकि कोरबा से चलने वाली बसों का संचालन पहले बालको से हुआ करता था जो वर्षों से बंद हैं। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि यह सुविधा बंद होने से उन्हें अपनी यात्रा कोरबा जाकर शुरू करनी पड़ती है। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जितनी भी बसें कोरबा से चल रही हैं, उनको परमिट बालको से चलाने की मिली हुई है। लेकिन बस संचालक बालको के बजाय कोरबा से बसों का संचालन कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को भी बस की सामान्य सुविधा रोजाना मिले इसके लिए जिला परिवहन विभाग से बस मालिकों को बालको से बसों को चलाने के निर्देश देने की मांग की है।

# बरबपुर से उरगा के बीच का सफर हुआ मुश्किल



**दबंग दुनिया • कोरबा**

वर्षा ऋतु के दौरान जर्जर सड़कों पर पानी भरे रहने और कीचड़ से लोग परेशान रहे। अब बारिश थमते ही लोग धूल के गुबार से बेहाल हैं। त्योहारी सीजन में यह समस्या लोगों के लिए कष्टकारी है। पीडब्ल्यूडी ने भले ही सड़कों की मरम्मत के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है, लेकिन प्रमुख मार्गों पर अफस रों का ध्यान ही नहीं है। बरबपुर से उरगा के बीच गड्ढों को पाटने के लिए बजरी को डाल दिया है। इसकी वजह से भारी वाहनों पर चलने से धूल का गुबार उड़ते रहता है। अब तक पैच वर्क नहीं कराया गया है। उरगा थाना के साथ ही चौक के पास भी लोगों को परेशानी होती है। यही हाल गोपालपुर से छुरी मार्ग का है। यहां भी मरम्मत नहीं कराई गई है। हाईवे में भी सुबह के समय पानी का छिडकाव किया जा रहा है, लेकिन धूप निकलने के बाद सड़क सूख जाती है। अभी उरगा पेट्रोल पंप, अदानी पावर प्लांट, बरपाली और मड़वारानी के पास धूल उड़ने की समस्या अधिक है।

# जांजगीर के बीटीआई चौक नहर पुल का डामरीकरण कार्य सम्पन्न, नागरिकों को मिलेगी सुविधा

**दबंग दुनिया/जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग में बीटीआई चौक नहर पुल में डामरीकरण का कार्य किया गया। जिससे नागरिकों के आवागमन में सुविधा के साथ राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पुल के चौड़ीकरण कार्य के तहत पुल के दोनों तरफ 5-5 मीटर चौड़ाई बढ़ाई गई थी। पहले संकीर्ण पुल के कारण वाहनों की आवाजाही में बाधा आती थी, और अक्सर जाम की समस्या बनी रहती थी। इसके बाद प्रशासन द्वारा पुल का चौड़ीकरण किया गया। चौड़ीकरण के पश्चात कलेक्टर छिकारा की पहल पर पुल पर डामरीकरण कार्य भी पूर्ण हो गया है, जिससे पुल पर आवागमन अब और भी सुरक्षित और सुगम हो गया है।



# बांटने से बढ़ती है खुशी

**दबंग दुनिया • जांजगीर-चांपा**



21 वर्षों से जरूरतमंद बच्चों के बीच जाकर दिवाली मनाने वाले विप्लव सेवाभावी संस्था के सदस्य इस वर्ष महानदी तट पर स्थित ग्राम देवरघटा (कमरीद) के नाविक परिवार के बच्चों के बीच पटाखा, मिठाई व अध्ययन साम्रागी बांटकर दिवाली मनाया। मंगलवार 29 अक्टूबर धनतेरस के दिन मारूति आश्रम देवरघटा में संस्था के सदस्यों ने लगभग तीन सौ बच्चों के साथ यह पर्व मनाया। संत गोपालदास महाराज, जनपद सदस्य श्रीमती लौंग लता सिंह एवं सरपंच उपसरपंच ने संस्था के नेक कार्य को सराहा। इस दौरान संस्थापक दीपक यादव, डॉ अश्वनी राठौर, विकास मिश्रा, अमन सिंह, डॉ लोकेंद्र कश्यप, डॉ प्रतीक यादव, बिट्टू शर्मा, हरीश गोपाल,रितेश अग्रवाल, अनीश, अंकित, अक्षत, विपुल, हिमांशु, आकाश, मिंकु, अभय, आर्यन अमित, सृजन, अरमान, आशुतोष आदि उपस्थित रहे। शिक्षक दीपक यादव ने बताया कि सन 2003 की दीपावली में जब विप्लव की ये सोच उन लोगों में दीपावली का उजास बांटने के लिए शुरू हुई जो किसी अभाव के चलते पटाखे मिठाई से वंचित हो जाते है। आज 10 से 50 आयु वर्ग के शिक्षक, डॉक्टर इंजीनियर चार्टर्ड एकाउंटेंट, उद्यमी, व्यवसायी, कांट्रेक्टर्स, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी, समाज और दलीयविचारधारा से जुड़े लोगों ने सदस्य बनकर इस विप्लव को पल्लवित पुष्पित किया। 21 वर्षों में दीपावली के अवसर पर कोई एक गांव चुनकर वहां के बच्चों को आतिशबाजी, मिठाई, कपड़ा, अध्ययन सामग्री, खेल सामग्री का ग्राम सिवनी, पाली, कन्हाईबन्द, खोखरा, खोखसा, खैरा, हरदी महामाया, पोंच, पेन्डरी जांजगीर, किरीत, महंत, हरदी हरि, जगमहन्त, करमंदी, डोंगरी व पीथमपुर आदि ग्रामों में कर चुके हैं। इसके अलावा जिले में प्रथम रक्तदाता डायरेक्ट्री जीवन सुधा का प्रकाशन व वितरण, स्वैच्छिक रक्तदान, रक्त समूह परीक्षण शिविर, वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जरूरतमंदो को वस्त्र व जरूरत की वस्तु अदान-प्रदान के लिए जांजगीर के बी. डी. महंत गार्डन प्रांगण में नेकी का कोना 6 वर्षों से अनवरत संचालन, शासकीय विद्यालय पेन्ड्री मड़वा, तागा व बुड़गहन में भोजन पात्र, पंखा, वाटर फिल्टर, चरण पादुका प्रदत्त, वृद्धाश्रम खोखरा में कूलर का दान व समय समय पर कपड़ो, अध्ययन सामग्री का वितरण, अंधमुक बधिर विद्यालय पामगढ़ में गर्म कपड़ों का वितरण, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य, राष्ट्रध्वज के सम्मान में ध्वज संहिता की जानकारी प्रदान करने के लिए सिद्ध-शक्ति वेलफेयर दुर्ग के साथ साझा अभियान खादी का राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर जागरूकता अभियान, जरूरतमंदों को पढने के लिए आर्थिक मदद, कोविड काल में जरूरतमंदों को भोजन सामग्री, आपात सेवा साबुन वितरण, कोविड वेक्सिनेशन में मदद। शा उमा वि मड़वा व शाउमा टीकाकरण में सहयोग बच्चों व मेडिकल टीम को सहयोग कार्य कर चुके है। इस दौरान सरपंच जागेश्वरी साहू, पंच ललिता माँझी, रोजगार सहायक विवेकानंद यादव, सचिव मोहन लाल साहू , पंच पुरषोत्तम माँझी,हरिशंकर केवट,सुनील तिवारी,बाबूलाल गोंड का सहयोग रहा।

# नहर में बहे बच्चे, भड़का लोगों का आक्रोश

■ सीएसईबी चौकी के बाहर किया प्रदर्शन

**दबंग दुनिया • कोरबा**

धनतेरस से एक दिन पहले दुखद घटना हो गई। शहर के मध्य से होकर बहने वाली नहर में सोमवार की सुबह नहाने के लिए गई महिला अपने रिश्ते के दो बच्चों के साथ बह गई। महिला की लाश तुलसी नगर के पास बरामद कर लिया गया था, लेकिन दोनों बच्चों की तलाश अब भी जारी है। इस मामले को लेकर मंगलवार सुबह परिवारजनों और बस्तीवासियों ने बड़ी संख्या में सीएसईबी चौकी का घेराव कर दिया। पूरा मामला तुलसी नगर राताखार के मध्य निर्मित जोड़ा पुल के समीप का है, जहां वार्ड 14 पम्प हाउस मैगजीनभाठा निवासी सुषमा मानिकपुरी, 14 वर्षीय सिमरन और 8 साल के प्रतीक के साथ नहाने आई थी। सिमरन और प्रतीक नहाते समय पानी में बहने लगे उन्हें बचाने के लिए सुषमा ने भी नहर में छलांग लगा दी। तीन लोगों को बहते देख इन्हें बचाने के लिए दो युवकों ने नहर में छलांग लगाई। करीब 1 किलोमीटर आगे सुषमा की लाश मिली, वहीं दोनों बच्चों की तलाश अब तक जारी है। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी नहर में बह गए बच्चों का पता नहीं चल पाया। इस बात को लेकर परिवार व बस्ती वाले बड़ी संख्या में सीएसईबी चौकी पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। सीएसईबी चौकी का घेराव कर जल्द ही बच्चों की तलाश करने की मांग करने लगे द्य पुलिस के अधिकारी परिजनों को समझने में लगे रहे।

# विधायक, कलेक्टर ने रन फॉर यूनिटी के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**दबंग दुनिया • जांजगीर-चांपा**

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हाई स्कूल मैदान जांजगीर में रन फॉर यूनिटी के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्साह एवं उल्लास के साथ बच्चे, युवा, खिलाडि?ों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, नागरिकों ने दौड़ लगाई। रन फॉर यूनिटी हाई स्कूल मैदान जांजगीर से कचहरी चौक होते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल गार्डन में समाप्त हुई। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर एवं एसपी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। देश के एकीकरण, एकता एवं अखंडता तथा विकास के लिए उनके योगदान का स्मरण किया गया। इसके साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए सभी ने शपथ ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, एसडीएम जांजगीर ममता यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राए सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




# आशुतोष पांडे को नगर निगम आयुक्त का जिम्मा

**कोरबा।** नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई का स्थानांतरण हो चुका है। उनके तबादले के बाद आयुक्त की कुर्सी खाली हो गई थी। राज्य शासन ने सोमवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। जिसमें 2008 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी आशुतोष पांडे को नगर निगम कोरबा का आयुक्त बनाया है। वे अभी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के विशेष सहायक हैं। निगम आयुक्त प्रतिष्ठा मंमगई का पहले ही जगदलपुर तबादला हो चुका है। 2014 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दिनेश नाग को जिपं सीईओ बनाया है। वे अभी कोरबा में ही अपर कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। आईएएस संबित मिश्रा को बीजापुर कलेक्टर बनाने के बाद से सीईओ का पद खाली था। गौरेला पेंड्रा मरवाही से संयुक्त कलेक्टर कौशल प्रसाद तेंदुलकर को कोरबा भेजा है।

# कुदरी बैराज वॉटर स्पोर्ट्स जोन का विधायक एवं कलेक्टर ने किया उद्घाटन

## विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने वाटर स्पोर्ट्स जोन में किया नौका विहार

**दबंग दुनिया • जांजगीर-चांपा**

ग्राम पंचायत में स्थित कुदरी बैराज में विधायक ब्यास कश्यप एवं कलेक्टर आकाश छिकारा ने कुदरी वॉटर स्पोर्ट्स जोन का मंगलवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने हसदेव नदी कुदरी बैराज में नौका विहार करते हुए शुभारंभ किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लाल बहादूर सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष नम्रता कन्हैया राठौर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नम्रता नामदेव, कुदरी सरपंच बबली आर के यादव, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जनपद पंचायत सीईओ आकाश सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



कुदरी वॉटर स्पोर्ट्स जोन के उद्घाटन अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि कुदरी बैराज जांजगीर-चांपा क्षेत्र का बहुत ही महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है और यहां पर लोग लगातार पिकनिक मनाने आते है। इस लिए इस क्षेत्र में पर्यटन की संभावना को देखते हुए आज वॉटर स्पोर्ट्स जोन का शुभारंभ किया गया है। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर छिकारा ने कहा कि कुदरी बैराज में वाटर स्पोर्ट्स जोन का उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस वाटर स्पोर्ट्स जोन में पर्यटकों के लिए बोटिंग, पैडल बोटिंग, कैफिटेरिया जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल की गई हैं, जिससे क्षेत्र में मनोरंजन के साधनों का विस्तार होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा, सीएसआर मद, डीएमएफ एवं अन्य विभागीय अभिसरण से कुदरी में विभिन्न कार्य किये गये हैं। उन्होंने कुदरी बैराज में बोटिंग की सुविधा एवं पर्यटन स्थल की व्यवस्था को और बेहतर बनाये रखने, साफ-सफाई, कैफेटेरिया और पर्यटन संबंधी नवाचार को बढ़ावा देने कहा।

Scanned with OKEN Scanner

# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

## कलेक्टर ने की राज्योत्सव तैयारी की समीक्षा

दबंग दुनिया ♦ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमां के बेहतर क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों की निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में 05 नवम्बर को राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन समन्वय स्थापित कर गंभीरता पूर्वक करें। आयोजन गरिमापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने राज्योत्सव में लगने वाले विभिन्न विभागों के स्टॉल के लिए दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने दीपावली त्यौहार के मद्देनजर आवश्यक कानून व्यवस्था और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी और पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु सभी उपार्जन केंद्रों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएँ समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंनें कहा कि खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने जिले के संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों के अतिरिक्त ऐसे समस्त केन्द्रों के पहचान करने को कहा, जहां विगत वर्ष 1 प्रतिशत की अधिक की कमी या धान के निराकरण में कठिनाई हुई हो। इस दौरान गत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिन धान उपार्जन केन्द्र को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया था। उन केन्द्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने 16 चेकपोस्ट में रोस्टरवार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा। आवश्यकतानुसार चेकपोस्ट की संख्या बढ़ाने हेतु प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए हैं। धान के रख-रखाव के लिए उपार्जन केन्द्रां में मानक स्टेकिंग और ड्रेनेज मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने धान की सम्भावित अवैध बिक्री और परिवहन पर भी अभी से सतर्क रहने और तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने एसडीएम एवं खाद्य औषधि प्रशासन के अधिकारियों को त्यौहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सतत निगरानी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि पात्र छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड आवश्यक शिविर लगाकर बनाएं। ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवाईसी के लिए भी जनपद के सीईओ खाद्य विभाग के साथ मिलकर विशेष कार्रवाई करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए है।

उन्होंने पीएम जनमन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आगामी रबी फसल की तैयारी के संबंध में भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करें तथा निगरानी करते रहें ताकि सभी वर्गों के लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## प्रधानमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास



दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र सह 100 बिस्तर अस्पताल का भी शिलान्यास किया गया। जिसमें सभी ने वर्चुवल माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के जनचौपाल कक्ष में नवम आयुर्वेद दिवस मनाया गया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने किया। डॉ. एल.एस. ध्रुव द्वारा आयुर्वेद के महत्व के बारे में चर्चा की गई। विभाग की वरिष्ठ चिकित्सिका डॉ. उत्तरा खंडेल द्वारा भी आयुर्वेद की उत्पत्ति के बारे में प्रकाश डाला गया। डॉ. ममता मिश्र ने भी अपने अनुभव सभी उपस्थित जनों के साथ साझा किये। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों को जिला आयुष अधिकारी ने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी हुआ आयोजन

### जिलाधीष ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का किया शुभारंभ

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मंगलवार 29 अक्टूबर को प्रातः जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ला शासकीय बहुदेशीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चक्रपाणि स्कूल से नगर भ्रमण होते हुए आउटडोर स्टेडियम तक आयोजित एकता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारीयों कर्मचारियों सहित सभी शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिको सहित मिडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिलाधीश दीपक सोनी ने आज प्रातः आठ बजे हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। साथ ही दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ लिया। इस अवसर पर जिलाधीश दीपक सोनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की राष्ट्रीय एकता में उत्कृष्ट योगदान पर उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एडिशन एस पी अभिषेक सिंह, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## जिला पंचायत सीईओ ने मतदाता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



दबंग दुनिया ♦ रायपुर

दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई। यह रथ दक्षिण विधानसभा के विभिन्न मार्गों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगी। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे, जिला समन्वयक श्री के.एस. पटले, जिला परियोजना अधिकारी एवं स्वीप की सहायक नोडल अधिकारी डॉ कामिनी बावनकर, जिला सहायक परियोजना अधिकारी श्री चुन्नी लाल शर्मा उपस्थित थे।

## हल्का पटवारी के कारनामे से कृषक परेशान, लाखों का हुआ नुकसान

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा

टेहका कृषक चन्द्रकान्त यादव द्वारा अपने खेत में अब से आठ वर्ष पूर्व बोर पंप लगवाया था जिसका विधुत बिल निरंतर भुगतान करते रहे हैं। पिछले वर्ष अप्रेल 2023 में चन्द्रकान्त के जमीन से लगा हुआ खेत को रामखिलावन उर्फ समीर ध्रुव ने खरीदा है। कुछ दिन उपरांत हल्का पटवारी श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा कृषक चन्द्रकान्त के बोर पम्प को गोपनीय ढंग से समीर ध्रुव के जमीन में दर्ज कर दिया। कृषक चन्द्रकान्त को इसकी भनक तक नही लगा। उल्टे यह भी दर्ज कर दिये कि कृषक चन्द्रकान्त अन्य बोर पम्प जो कृषक श्रवण कुमार के खेत खसरा नम्बर 364 से पानी लेता। फरवरी 2024 में समीर ध्रुव ने उक बोर पम्प पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया उस समय चन्द्रकान्त के खेत में रबी फसल धान और गेहूं लगा हुआ था जो पूरा खराब हो गया इससे कृषक को लगभग एक लाख का नुकशान हुआ। कृषक पक्ष द्वारा इस सम्बंध में विरोध किये जाने पर समीर ध्रुव द्वारा सरे राह एवं मोबाइल फोन पर अश्लीलगाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बंध में तहसीलदार भाटापारा को शिकायत किया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं किया। थाना प्रभारी भाटापारा को सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ शिकायत किया गया लेकिन कार्यवाही नहीं किया उल्टा कोर्ट में जाने के लिए एनसीआर थमा दिया।

समीर उर्फ रामखिलावन ध्रुव वर्तमान में भाटापारा में पार्षद हैं सम्भवतः राजनीतिक प्रभाव के कारण कोई अधिकारी हल्का पटवारी एवं पार्षद के विरुद्ध कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। कृषक विगत आठ माह में तहसील का चक्कर लगा रहे हैं।

उक्त सम्बंध में लगाया जा रहा आरोप मिथ्या है सम्बंधित जमीन मेरे द्वारा खरीदी गई है व सम्बंधित जमीन के दस्तावेजो का सत्यापन तहसीलदार व पटवारी द्वारा किया जा चुका है।

-रामखिलावन ध्रुव

## कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदकों की समस्याओं का निराकरण के दिए निर्देश

दबंग दुनिया ♦ महासमुंद

जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 36 आवेदकों ने मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी।

आज जन चौपाल में आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र, नक्शा त्रुटि सुधार, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण, भूमि व्यवस्थापन तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम खैराभाठा की पानबाई ने प्रधानमंत्री आवास के लिए, ग्राम मालीडीह के पुनीराम ने खसरा त्रुटि सुधार, श्रीमती सरोज बाई ने करणी कृपा मामले में पीड़िता को मुआवजा एवं कार्य दिलाने, बसना विकासखण्ड के ग्राम छातापठार के श्री गंगाराम ने भूमि अतिक्रमण हटाने, पिथौरा की अहिल्या सवा ने जमीन दूरूस्ती संबंधी आवेदन कलेक्टर को सौंपे। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 जारी

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 जारी किया गया है। इसी अनुक्रम में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में किया गया है। प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार मतदाताओं की जानकारी अनुसार विधानसभा क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र 129, पुरुष मतदाता 52338, महिला मतदाता 52458, थर्ड जेंडर 2, कुल मतदाता 104798 है। विधानसभा क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 404, पुरुष मतदाता 184597, महिला मतदाता 185313, थर्ड जेंडर 2,कुल मतदाता 369912 है। विधानसभा क्रमांक 45 बलौदाबजार में मतदान केंद्र 199, पुरुष मतदाता 91036, महिला मतदाता 92631, थर्ड जेंडर 0,कुल मतदाता 183667 है। विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र 282, पुरुष मतदाता 129255, महिला मतदाता 131271, थर्ड जेंडर 11,कुल मतदाता 260537 है। इस तरह जिले में कुल 1014 मतदान केंद्र, पुरुष मतदाता 457226, महिला मतदाता 461673 थर्ड जेंडर 15, कुल मतदाता 918914 है। इसी तरह दावें एवं आपत्तियों का कार्यक्रम तय है। जिसमें एकीकृत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को, दावा आपत्तियाँ प्राप्त करने हेतु तिथियाँ 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक, विशेष शिविर हेतु तिथियाँ 09 नवम्बर 2024, 10 नवम्बर 2024, 16 नवम्बर 2024 तथा 17.11.2024 तय किया गया। दावा आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तारीख 24 दिसम्बर 2024 तक, डाटाबेस अद्यतन करना, तथा अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति प्राप्त करने की तिथि 01. जनवरी 2025 ,मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा। सभी मतदान केंद्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु ते तिथियों में अविहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आवेदक ऑनलाइन पोर्टल https%//voters-eci-gov-in/ या मोबाईल एप Voter Helpline App के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। दावा आपत्ति से संबंधित प्रपत्र एवं उनके उपयोग कर सकते है।



जिसमें फॉर्म नंबर 6 नए मतदाता के रूप में पंजीयन हेतु, फॉर्म 7 नाम विलोपन हेतु या किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के संबंध में आपत्ति हेतु, फॉर्म नंबर 8 स्थानांतरण, त्रुटि सुधार, मार्किंग, प्रतिस्थापन एपिक हेतु उपयोग कर सकते है। राजनैतिक दलों के द्वारा भी बीएलए की नियुक्ति मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल बूथ स्तर पर संबंधित अधिकारियों की सहायता हेतु बूथ लेवल एजेंट को नियुक्त कर सकते हैं।

## दीपावली में व्यवसायी एवं लोगों की सुविधाओं का रखें ख्याल : जिलाधीश

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

जिलाधीश दीपक सोनी ने मंगलवार 29 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा किया। उन्होंने दीपावली पर्व में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखते हुए व्यवसायियों तथा लोगों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में खरीदी बिक्री में किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जिलाधीश ने कहा की नगरीय निकायों में पटाखा दुकान आवंटन के उपरांत सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। दुकान स्थल का सुरक्षा मानक रिपोर्ट लेने के लिए तहसीलदार, सीएमओ,लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला नगर सेनानी की टीम गठित करें और रिपोर्ट लें। सभी दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। अनुपालन नहीं करने वाले दुकानदारों के दुकान का आवंटन निरस्त करें। जिलाधीश ने नगरीय निकायों में साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सीएमओ, तहसीलदार एवं एसडीएम को प्रतिदिन नगरीय निकायों में साफ सफाई की कड़ाई से निगारनी करने का निर्देश दिया है।

कलेक्टर ने आगामी 5 नवम्बर को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारी की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समय पर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टालों की साज-सज्जा विभागीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए गरिमापूर्ण होनी चाहिए।

पीएम आवास निर्माण हेतु निःशुल्क रेत व्यवस्था - कलेक्टर ने राज्य शासन की मंशानुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को पारदर्शी ढंग से निःशुल्क रेत उपलब्ध कराने हेतु विकसित किये गए सॉफ्टवेयर में सावधानीपूर्वक प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को निःशुक रेत परिवहन ट्रेक्टर या छोटी वाहन में करना होगा। ऑनलाइन एंट्री के लिए रोजगार सहायक व तकनीकी सहायक को अधिकृत किया गया है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## बावा मोहतरा में अब आता है खुशियों का नोटिफिकेशन : निर्वाणी

- ये सिर्फ पैसे नहीं, दवा और दुवा दोनों हैः अहिल्या यादव
- राज्य के मुखिया विष्णु देव, तो माँ लक्ष्मी हर घर वास करेगी हीःप्रज्ञा

दबंग दुनिया ♦ बेमेतरा



छत्तीसगढ़ की 70 लाख विवाहित महिलाओं के जीवन मे महतारी वन्दन योजना से नया उजाला आया है,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निवार्णी जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बावा मोहतरा में महतारी वन्दन से लाभान्वित महिलाओ से जाकर उनका हाल चाल जाना,महिलाओ के खाते में आ रहे हर माह के हजार रुपये के उपयोगों के विषय मे चर्चा की,बड़ी उत्साह और उमंग के साथ रानी यदु ने बताया कि मैं इन पैसों को सहेज कर रखती हूं और जब रायपुर से मेरी ब्याहता बेटी और दामाद आते हैं तो अपने नाती नतुरों के लिए उपहार लेती हूं मुझे इतनी खुशी मिलती है कि मैं अपने पैसों से यह सब कर रहीं हूँ,मीनाक्षी देवदास बताती हैं मैं भी अब मौसमी फल लाकर जूस निकाल के अपने और बच्चों के सेहत में खर्च करती हूं,अहिल्या यादव की आँखे खुशियों से कुछ नम हैं कहती हैं बीमार पड़ने पर दवाइयों के लिए उधार नही मांगना पड़ता,ये सिर्फ पैसे नहीं दवा और दुआ दोनों है,कुमारी साहू,हीरा साहू,सरिता साहू कहती हैं सास,बहू,देवरानी जेठानी सब को मिलता है महतारी बन्दन का पैसा गाँव मे लगने वाले हाट बाजार में अब हम भी गुपचुप चाट और जलेबियों का शौक पूरा करते हैं, सावित्री यादव कहती हैं पैसे ही नही महिलाओ का श्रृंगार है,टिकली,फुंदरी, इसनो पाउडर के लिए ताकना नही पड़ता, बिसाहिन यादव शुशीला साहू,शकुन यादव,कलावती,जंतरी साहू,भगवंतीन साहू, राजकुमारी ,उमा मानिकपुरी लोकेश्वरी यादव,फेकन साहू ,मोहिनी सहित प्यारी यादव ने अपनी खुशियों की बात बताई,दमयंती ने कहा कि मैं अपने और बेटी के लिए अब उन दिनों के लिए मेडिकल से खरीद अच्छे नेपकिन उपयोग करती हूँ, हम भी शहरी महिलाओ से अब कम थोड़ी हैं,

जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निवार्णी ने महिलाओ से कहा जब तक विष्णुदेव सरकार है हम महिलाओ को मोबाइल पर खुशियों का नोटिफिकेशन मिलते रहेगा,मुखिया विष्णुदेव तो लक्ष्मी घरों में आना ही है,महतारी बन्दन के महतारियें के आशीष से सुशासन का सूरज गांव गांव जगमगा रहा है,हमारी महतारी बहने पोषण,स्वास्थ्य,स्वावलंबन,आत्मविश्वास से लबरेज हो रही है,यही भाजपा की नीति है, आने वाले समय मे प्रधानमंत्री मोदी ने विधानसभा और लोकसभा में भी हम बहनों की संख्या और सम्मान को बढ़ानेका रास्ता बना दिया है,सभी एकत्रित महिलाओ ने सरकार की योजना का आभार जताया प्रज्ञा निवार्णी ने उन्हें खुशियों के नोटिफिकेशन की कहानी संग्रह भेंट की...

## तीन नामाकंन हुए वापस

रायपुर। रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत आज तीन ने अपना नामाकंन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने वालों में महेन्द्र कुमार बाघ, रवि भोई व जुगराज जगत शामिल है। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर (दक्षिण) उपनिर्वाचन 2024 के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना नामांकन दाखिल करने का समय निर्धारित था। वहीं उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़**
eegar-phe-cg@nic.in
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :-** जल जीवन मिशन अन्तर्गत नलजल प्रदाय योजना के तहत पाईप लाईन एवं एफएचटीसी का कार्य।

| नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | ग्राम/वि.खं. | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1061/28.10.2024 | 159687 | भालूडिग्गी /मैनपुर | 7.47 |

नोट :- उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 30.10.2024 से देखी जा सकती है तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 17.11.2024 है।

जी-242503520/2

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**गरियाबंद (छ.)**

Scanned with OKEN Scanner

# अंदरूनी ग्रामों में बस परिचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा जिला प्रशासन

## कटेकल्याण, मैलावाड़ा एवं गीदम के युवा समूहों को विधायक ने सौंपी नये बसों की चाबियां

**दबंग दुनिया ◆ दंतेवाड़ा**



जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को यात्री बस सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस क्रम में आज जिला कार्यालय परिसर में जिले के कटेकल्याण, मैलावाड़ा, एवं गीदम के युवा समूह क्रमशः जय बस्तर युवा समूह कटेकल्याण, गंगादई बस ट्रेवल्स मैलावाड़ा, दंतेश्वरी समूह गीदम के युवाओं को क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी द्वारा नये बसों की चाबियां सौंपी गई। इस मौके पर विधायक ने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जिम्मेदारी पूवर्क बस संचालन की समझाइष भी दिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं कलेक्ट्रेट परिसर में बस चलाकर 'टेस्ट ड्राइव' भी किया। ज्ञात हो कि कटेकल्याण का युवा समूह बड़े गुडरा से गुड़से तथा मैलावाड़ा का समूह भूसारास से दंतेवाड़ा तथा गीदम का समूह भटपाल से कटेकल्याण तक ग्रामीणों को बस सुविधा उपलब्ध कराएगा। इन बस सर्विसों का रूट अनुसार दंतेवाड़ा से बड़ेगुडरा, कटेकल्याण, गाटम, मेटापाल, मेंदोली, जराम, पोन्दुम, दंतेवाड़ा, गंजेनार, नकुलनार, कुआकोंडा, मैलावाड़ा, मोखपाल, बड़ेगुडरा, तक। दंतेवाड़ा से पोटाली अरनपुर, समेली, मालेंडा, पालनार, गोंगपाल, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा तक। दन्तेवाड़ा से छिंदनार, मोफलनार, तुमनार, बड़ेसुरोखी, समलूर, गीदम, दंतेवाड़ा तक। दंतेवाड़ा से भुसारास, मोखपाल, मैलावाड़ा, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा, तक। दंतेवाड़ा से नारायणपुर, सातधार, हितामेटा, बारसूर, रोंजे, हीरानार, गीदम, दंतेवाड़ा निर्धारित रहेगा।

इस मौके पर इन युवाओं में से सखाराम ठाकुर, शिवनाथ, छन्नू राम ताती, ललिता, मुकेश, हेमकुमार पांडेय ने शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास दिलाया कि वे बस परिचालन की जिम्मेदारी को पूरी क्षमता से उठाएगें। इसके साथ ही गीदम के अन्य युवा बिसरो राम को टैक्सी परिचालन हेतु बोलेरो वाहन दिया गया। ज्ञात हो कि जिले के अंदरूनी इलाकों में बस सुविधा उपलब्ध न होने से यहां के रहवासियों को हमेशा आने जाने में दिक्कतों को सामना करना पड़ता था इसके चलते उन्होंने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी इस मांग को रखा था और प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के अन्य क्षेत्रों में बस सुविधा परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। इन समूहों को बस प्रदाय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत तथा जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से दिया गया है। निश्चय ही बस सुविधा उपलब्ध होने से यहां के ग्रामीणों को आने जाने में अब सहुलियत होगी। इस मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, एसपी श्री गौरव राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

## आयुर्वेद जीने के साथ ही स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है-विधायक

**दबंग दुनिया ◆ दंतेवाड़ा**



जितना अच्छा परिणाम आयुष की औषधियों से रोगी को मिलता है, किसी और चिकित्सा पद्धति में नही, कारण ये पद्धतियां हमारे परंपरागत ज्ञान पर आधारित है। इनके अनुसार ऋतुचर्या तथा आहार चर्या के कारण ही हमारे पूर्वज लंबी आयु जीने के साथ ही स्वस्थ और सक्रिय बने रहते थे। उक्त आशय संबंधी उद्बोधन विधायक श्री चैतराम अटामी ने आज बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय आयुष विभाग द्वारा शिविर मे कही। भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में श्री अटामी ने आगे कहा कि आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है और इस पद्धति से उपचार धीरे-धीरे होकर जड़ से समाप्त करने की दिशा में भी कारगर साबित हो सकती है। इस पद्धति से उपचार कराकर बीमारी से पीड़ित मरीज लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखकर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर आयुर्वेद पर भरोसा करने वालों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। शिविर में पंचकर्म पद्धति से गंभीर बीमारियों का उपचार सहित सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जाती है। अतः आमजन अभी से ही आयुर्वेद को अपनाये और शरीर को स्वस्थ रखे।

मौके पर आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जगदंबा पांडा ने बताया कि भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें वात रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, बवासीर, रक्तचाप, मलेरिया, पीलिया, उदार रोग, दमा, मधुमेह, सभी प्रकार के रोगियों के रोग रोगी यहां पर उपस्थित हुए हैं जिसमें अभी तक के 240 रोगियों का पंजीयन हो चुका है, और आगे यह शिविर 4 बजे तक निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री विजय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रभारी प्राचार्य सेवक राम निषाद को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विधायक आशाराम नेताम ने सम्मानित किया

**दबंग दुनिया ◆ कांकेर**



सरोना तहसील सरोना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामतारा में पतिभावन छात्र सम्मान समारोह पुस्तक विमोचन, न्योता भोज कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए। विद्यालय के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रभारी प्राचार्य सेवक राम निषाद को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विधायक आशाराम नेताम ने सम्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की।कार्यक्रम में कई प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गय , जिन्होंने शिक्षा के प्रति अपने समर्पण और मेहनत का प्रदर्शन किया। विधायक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों को प्रेरित करते हैं, बल्कि शिक्षकों के लिए भी प्रोत्साहन का स्रोत बनते हैं।इस कार्यक्रम ने विद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार किया और सभी को शिक्षा के महत्व का एहसास कराया। इह अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू शिक्षक कमल रावल एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण अतिशीघ्र हो : ताटी

**दबंग दुनिया ◆ भोपालपटनम**



क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के निर्माण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने में हो रहे विलंब के कारण यात्रियों को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है नगर के हृदय स्थल में बना वर्तमान बस स्टैंड अत्यंत छोटा होने के कारण यात्री बसों के साथ-साथ टैक्सी वाहनों के पार्किंग करने में भी चालकों को भारी परेशानी हो रही है। ताटी ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय भोपालपटनम प्रवास के दौरान अंतर्राज्यीय बस स्टैंड की घोषणा की थी कांग्रेस के शासनकाल में बस स्टैंड हेतु भूमि का चयन कर लिया गया था लेकिन उक्त भूमि वन विभाग की होने के कारण भोपालपटनम नगर पंचायत ने भूमि अधिग्रहण की सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया है किंतु वन विभाग की अड़ियल रवैया के चलते भूमि का हस्तांतरण नगर पंचायत को आज पर्यंत नहीं किया गया है उन्होंने कहा कि शासन की उदासीनता के कारण अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण कार्य की प्रशासकी स्वीकृति न मिलने से नगर वासियो में मायूसी देखी जा रही है ताटी ने यह भी कहा कि तेलंगाना एवं महाराष्ट्र राज्य सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश की सैकड़ो यात्री बस एवं टैक्सियो का प्रतिदिन भोपालपटनम आना-जाना होता है लेकिन इन वाहनों के लिए पर्याप्त जगह न होने से चालकों को काफी असुविधा होने के साथ-साथ यात्रियों को भी वाहनों की प्रतीक्षा में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे सदैव दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है जिला पंचायत सदस्य ताटी ने भोपालपटनम में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण अतिशीघ्र कराने की मांग की है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश में समस्त पटाखा व्यापारियों को सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई



**दबंग दुनिया ◆ कांकेर**

आई के ऐलिसेला (भापुसे) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल (भापुसे), उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय गिरिजा शंकर साव (रापुसे) के मार्गदर्शन में उपपुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर (रापुसे) के पर्यवेक्षण में दिनांक 28.10.2024 एवं 29.10.2024को सम्पूर्ण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में दीपावली पर्व के चलते जिले के बाजारों एवं पटाखा दुकानों में जिला पुलिस बल एवं नगर सेना द्वारा चेक किया गया तथा दुकानों में आग लगने की स्थिति में मॉक ड्रिल डेमो देते हुए समस्त पटाखा विक्रेताओं को सुरक्षा संबंधित हिदायत दिया गया व किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर पुलिस कंट्रोल रुम, संबंधित थाना एवं फायर ब्रिगेड को सूचना देने की हिदायत दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी कांकेर मनीष नागर, थाना प्रभारी नरहरपुर सुरेश राठौर व जिले के अन्य थानों के थाना प्रभारी/ थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

# कांकेर ज़िले के आरक्षकों का चयन उप निरीक्षक पद पर होना गर्व का विषय



**दबंग दुनिया ◆ कांकेर**

वर्ष 2018 में हुई भर्ती प्रक्रिया में इस इकाई के आरक्षक मनीष मंडावी थाना चौकी कच्चे का चयन प्लाटून कमांडर ,बस्तर फाइटर महिला आरक्षक वेदवती कुमेटी थाना चौकी कच्चे का चयन उप निरीक्षक, महिला आरक्षक बिम्बलेश्वरी मरकाम पुलिस दूर संचार कांकेर का चयन उपनिरीक्षक के पद पर होने पर श्रीमान पी सुंदर राज पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, श्री अमित तुकाराम कांबले पुलिस उपमहानिरीक्षक कांकेर रेंज, श्री आई कल्याण एलेसेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , श्री संदीप पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर भानु प्रतापपुर, श्री अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक डी आर जी कांकेर, गिरिजा शंकर साव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय , गोविंद वर्मा रक्षित निरीक्षक कांकेर तथा जिले के अन्य सभी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह देकर इन सबको सम्मानित किया गया। बस्तर फाइटर महिला आरक्षक वेदवती कुमेटी के पिता श्री सोमारूराम कुमेटी भी थाना भानु प्रतापपुर में आरक्षक के पद पर हैं । वह अपनी पुत्री के उपनिरीक्षक पद पर चयनित होने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में हुआ बैठक

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निदेर्शानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम के संबंध में एवं मतदाता सूची, फोटोरहित मतदाता सूची की सी.डी. एवं सेवा निर्वाचक मतदाताओं की सूची निःशुल्क प्रदाय करने के संबंध में दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष दंतेवाड़ा में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर 2024 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं सेवा निर्वाचक मतदाताओं का प्रकाशन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,समस्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त मतदान केन्द्रों में किए गये प्रकाशन के संबंध में अवगत कराया गया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची, फोटोरहित मतदाता सूची की सी.डी. एवं सेवा निर्वाचक मतदाताओं की सूची निःशुल्क प्रदाय किया गया।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस अवसर पर कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी




**दबंग दुनिया ◆ दंतेवाड़ा**

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, के संयुक्त तत्वाधान में दंतेवाड़ा के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से दौड़ लगाया। यह एकता दौड संयुक्त कार्यालय भवन दंतेवाड़ा से प्रारम्भ हो कर पुलिस लाईन कारली में जाकर समाप्त हुआ दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को एक रखने का संदेश दिया गया। इस दौड़ में श्री राजेश पात्रे अपर कलेक्टर, श्री अभिषेक तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दन्तेवाड़ा, श्री राम वर्मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डॉ. आर.एल. गंगेश, मु. चिकित्सा अधिकारी, श्री एम. के. अम्बस्ट, जिला शिक्षा अधिकारी, श्री पवन मेरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री प्रदीप सिंह, सहायक खेल अधिकारी ने विभाग की ओर से सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आगामी धान खरीदी, सहकारी समितियों के गठन, जर्जर भवनों के विनष्टीकरण, सहित अन्य लंबित प्रकरणों के बारे में विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिवस में होने वाली धान खरीदी के संबंध में सभी प्राथमिक तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। तथा जो विभाग प्रमुख इसके प्रभारी रहेंगे वे यह सुनिश्चित करें कि इसमें किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले के ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों की गठन के संबंध में विभागों से जानकारी चाही गई।

# एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ



**दबंग दुनिया ◆ बचेली**

एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का प्रारंभ 28.10.2024 को हुआ। जिसके तहत एनएमडीसी के प्रशासनिक भवन प्रांगण में और विभिन्न कार्यस्थलों पर कर्मचारियों,अधिकारियों एवं ठेका श्रमिकों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई । हर वर्ष की भांति इस वर्ष सतर्कता जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस वर्ष की विषय वस्तु केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' घोषित की गई है। इस बार यह सप्ताह 28.10.2024 से 03.11.2024 तक मनाया जा रहा है । इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कर्मचारी, शिक्षकगण, अपोलो स्टाफ, सीआईएसएफ और बच्चे प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होंगे। इस बार केन्द्रीय सतर्कता आयोग के द्वारा सभी नागरिको को ई-प्लेज लेने के लिए आव्हान किया गया जिसमें सभी नागरिक https://pledge.cvc.nic.in वेब साईट में जाकर ई-प्लेज ले सकते हैं और ई-प्लेज लेने का प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकते है।

# स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : चैतराम अटामी

**दबंग दुनिया ◆ दंतेवाड़ा**



भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी आज जिला अस्पताल दंतेवाड़ा पहुंचे सर्वप्रथम विधायक चैतराम अटामी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा प्रबंधन से मुलाकात कर जिस ओटी में मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया उसका निरिक्षण किया तत्पश्चात विधायक चैतराम अटामी ने अस्पताल पबंधन व डॉक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक की और ओटी के रखरखाव एवं उपकरणों को दुरस्त रखने के दिशा निर्देश दिये,विधायक चैतराम अटामी ने जिला अस्पताल प्रबंधन से सख्त रूप से कहा की स्वास्थ्य संवेदनशील विषय इस पर लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी अस्पताल प्रबंधन के पास यदि किसी भी प्रकार की तकनिकी या प्रशासनिक सुविधाओं की कमी है तो अस्पताल प्रबंधन एवं जिला प्रशाशन तुरंत बातचीत कर विषय को गंभीरता से ले सरकार हर यथासंभव मदद करने को तैयार है विधायक अटामी ने कहा की डॉक्टर मरीजों के प्रति सेवाभाव व अपनापन से पेश आये डॉक्टरों को भगवान के बाद इंसान के रूप में देखा जाता है दंतेवाड़ा आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्र है यहाँ मरीजों के प्रति डॉक्टर नम्रता से व्यव्हार करें ऐसे मामलो की पुनरावृति न हो इस हेतु विशेष ध्यान दिया जाये,केंद्र और प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं जैसे संवेदनशील विषयो को गंभीरता से लेते हुए लगातार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं का विस्तार कर रही है बावजूद किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसकी जवाबदारी अस्पताल प्रबंधन लेते हुए गंभीरता से कार्य करें जिन 10 मरीजों के आँखों में ऑपरेशन के बाद संक्रमण हुआ है प्रदेश सरकार मरीजों के बेहतर उपचार हेतु चिंतित है और हर यथासंभव मदद करने हेतु प्रयासरत है कांग्रेस स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीती करना छोड़ अगर पिछले 05 वर्षो मैं पूर्व रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के अस्पतालों के रखरखाव की ही चिंता करती तो आज दंतेवाड़ा में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ जनता को मिल रहा होता ,प्रदेश में भाजपा जब से सत्ता में आयी है जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में कमियों को दूर कर रही है चाहे विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी हो या उपकरणों की उनमे इजाफा हुआ है।

Scanned with OKEN Scanner

# कल्याण पूर्व विधानसभा से चार दिग्गज उम्मीदवारों ने भरा नामांकन






दबंग रिपोर्टर » कल्याण

कल्याण पूर्व विधानसभा में सोमवार को एक के बाद एक उम्मीदवारों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन फार्म भरा जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या आम जनता को झेलनी पड़ी।

बताते चले कि कल्याण पूर्व विधानसभा राजनीतिक महकमे में सबसे आगे चल रहा है यहां से भाजपा की अधिकृत उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ ने अपना नामांकन दाखिल किया उसके पश्चात महेश गायकवाड़ ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन दाखिल किया, इस बीच पूर्व में चक्किनाका से काटेमानिवली नाका तक ट्रैफिक जाम लगा रहा इनके पश्चात शिवसेना (उद्धव गुट) के धनंजय बोडारे ने भी दल बल व गाजे बाजे के साथ अपना उम्मीदवारी फार्म भरा । इनके ठीक पीछे कांग्रेस के सचिन पोटे भी अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए ड प्रभाग कार्यालय पहुचे जहां पर उन्होंने अपक्ष उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन फार्म भरा । वही प्रहार जनशक्ती पक्ष व परिवर्तन महाशक्ती के अधिकृत उम्मीदवार शैलेश राममूर्ती तिवारी ने भी शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनके मैदान में आने से पूर्व की राजनीति में भूचाल आ गया है कोई भी उम्मीदवार किसी से कम नही है इसकी वजह से जीत किसकी झोली में आएगी यह बता पाना मुश्किल हो गया है ।

## युवाओं के उत्साहपूर्ण समर्थन के साथ क्षितिज ठाकुर ने दाखिल किया नामांकन पत्र



दबंग रिपोर्टर » विरार

132 - नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र से बहुजन विकास आघाड़ी के मौजूदा विधायक क्षितिज ठाकुर ने 28 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर विधायक हितेंद्र ठाकुर, पूर्व महापौर प्रवीणा ठाकुर, पूर्व सांसद बलिराम जाधव, नालासोपारा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष उमेश नाइक, वरिष्ठ नेता बबनशेठ नाइक, वसई-विरार मनपा के प्रथम पूर्व उपमहापौर सगीर डांगे,और अन्य वरिष्ठ नेता एवं असंख्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। विशेष रूप से, इस रैली में युवाओं की भारी उपस्थिति देखी गई। वहीं हजारों युवा कार्यकर्ता अपने दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर पीले झंडे लगाकर इस रैली में शामिल हुए। रैली में 400 से अधिक वाहनों का कारवां शामिल था, जो बहुजन विकास आघाड़ी के जयकारे के साथ नालासोपारा पश्चिम स्थित बहुजन विकास आघाड़ी के कार्यालय से शुरू होकर वसई-विरार नगर निगम के मुख्यालय तक पहुंचा। बैंड, ढोल-ताशे, और युवाओं की जोरदार नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इसके बाद, क्षितिज ठाकुर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 2009 से विधायक क्षितिज ठाकुर नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्हें क्षेत्र का लोकप्रिय विधायक माना जाता है। इस विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की संख्या भी काफी अधिक है। रैली में नालासोपारा के युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे उनके समर्थन का स्पष्ट संकेत मिला। इस भव्य शक्ति प्रदर्शन ने एक बार फिर क्षितिज ठाकुर की लोकप्रियता और बहुजन विकास आघाड़ी के मजबूत जनाधार को साबित किया।

## डॉ बाबासाहेब आंबेडकर व केलकर परिवार का बहुत पुराना संबंध है: केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले



**ठाणे।** विधायक संजय केलकर सर्वसामान्य जनता से बातचीत करने वाले विधायक है और डॉ बाबासाहेब आंबेडकर व केलकर के परिवार से बहुत पुराना संबंध है यह बात आज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा। केंद्रीय राज्यमंत्री आठवले ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि केलकर को भारी मतों से चुनकर लाने के लिए मार्गदर्शन किया। साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री आठवले ने कहा कि देश के लिये डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने इस तरह से जोड़ा है कि राहुल गांधी कितना भी बुराई करे लेकिन इस संविधान को कोई भी बदल नही सकता है इस अवसर पर भाजपा विधायक निरंजन डावखरे, ठाणे शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, भाजपा ठाणे विधानसभा चुनाव प्रमुख सुभाष काले, आर पी आय के वाघमारे, सचिन पाटील, राजेश गाडे, विशाल वाघ आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टाटा मोटर्स ने कस्टमर केयर महोत्सव का आयोजन किया




दबंग रिपोर्टर » ठाणे

भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहनों के निमार्ता, टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्च कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चचाएं करेंगे।

इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, अपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत कई विशेष रूप से तैयार पेशकशें भी मिलेंगी। टाटा मोटर्स के एक?जीक?यूटिव डायरेक?टर श्री गिरीश वाघ ने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 एडिशन का उद्घाटन करते हुए कहा, ह्नहम इस साल कस्टमर केयर महोत्सव को दोबारा लाकर काफी उत्साहित हैं। इसकी शुरूआत 23 अक्टूबर से हो रही है।

इस दिन का हमारे लिए खास महत्व है क्योंकि हमने 1954 में अपना इसी दिन पहला कमर्शियल वाहन बेचा था। अब हम इसे कस?टमर केयर डे के रूप में मनाते हैं। यह महोत्सव उपभोक्ताओं को बेहतरीन सर्विस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसमें गाड़ियों की अच्छी तरह जांच की जाएगी और ग्राहकों को कई और लाभ भी मिलेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह महोत्सव हमारे सभी उपभोक्ताओं की जिंदगी में खुशियां बिखेरे, चाहे वे देश के किसी भी हिस्से में रहते हों। इससे हम अपने सभी साथियों और हितधारकों से अपने रिश्ते और मजबूत करना चाहते हैं। हम सभी ग्राहकों को अपने नजदीकी टाटा ऑथोराइज्ड सर्विस सेंटर पर आने के लिए आमंत्रित करते हैं और मुझे पूरा यकीन है कि इस पहल से उनके बिजनेस को बहुत मदद मिलेगी। टाटा मोटर्स के पास कमर्शियल वाहनों की एक बड़ी रेंज है। कंपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत उपभोक्ताओं को कई विशेष सेवाएं प्रदान करती है, जो कमर्शियल वाहनों की पूरी जिंदगी मैनेज करने में मदद करने के लिहाज से डिजाइन की गई है। वाहनों की सभी तरह की जरूरत के समाधान की शुरूआत गाड़ी खरीदने से होती है। इस कार्यक्रम के तहत कई विशेष सेवाएं दी जाएंगी, जिससे वाहनों का रखरखाव और प्रबंधन करने में ग्राहकों को मदद मिलेगी।

गाड़ी में टूट-फूट या गाड़ियों के खराब होने पर मदद मिलेगी। गाड़ी की सर्विसिंग समय पर होगी। इसके साथ ही वार्षिक मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एएमसी) भी किये जायेंगे और उपभोक्ताओं को यहां गाड़ियों के असली स्पेयर पार्ट्स आसानी से मिल जाएंगे। टाटा मोटर्स गाड़ियों के बेहतर प्रबंधन के लिए फ्लीट ऐज का उपयोग करती है, इससे ऑपरेटर्स को कमर्शियल वाहनों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल में मदद मिलती है और गाड़ियों के स्वामित्व की कुल लागत भी कम होती है।

## गोल्ड सिनेमा ने विदिशा का पहला आधुनिक मल्टीप्लेक्स लॉन्च किया

» विदिशा

गोल्ड सिनेमा ने विदिशा में पहला 3-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स लॉन्च किया है, जो कुल 625 सीटों के साथ दर्शकों को अत्याधुनिक मनोरंजन का अनुभव प्रदान करता है। इसमें 38 आलीशान रेक्लाइनर सीटें शामिल हैं। आधुनिक और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन वाले इस थिएटर में हर ऑडिटोरियम की अपनी विशेष पहचान है, जिससे दर्शकों को हर बार नया अनुभव मिलता है। यह नया मल्टीप्लेक्स विदिशा के लोगों को सर्वश्रेष्ठ मनोरंजन और आराम प्रदान करता है:

- » एडवांस्ड सिनेमा टेक्नोलॉजी: 2K और लेजर प्रोजेक्शन, डॉल्बी 7.1 साउंड और 3ऊसुविधा, जिससे थिएटर का असली अनुभव मिलता है।
- » स्टाइलिश और आरामदायक सीटिंग: 38 रेक्लाइनर सीटों पर ऑन-सीट फूड और ड्रिंक सर्विस, वरइ चार्जिंग पोर्ट और कंबल की सुविधा, जिससे दर्शक आराम से फिल्म का आनंद ले सकते हैं।
- » क्यूरेटेड फूड और बेवरेज ऑप्शन: विभिन्न स्वादों के अनुसार तैयार किए गए स्नैक्स और पेय पदार्थ, जिनमें सेहतमंद विकल्प भी शामिल हैं।
- » सुविधाजनक पहुंच : माई टाउन प्लाजा में स्थित इस थिएटर में पार्किंग की सुविधा भी है, जो इसे विदिशा में परिवार और दोस्तों के लिए मनोरंजन का एक प्रमुख स्थान बनाता है।

डायरेक्टर रतन जैन ने कहा, हमें विदिशा की जनता के लिए एक शाही फिल्म अनुभव लाने की खुशी है। हर ऑडी का अपना खास अंदाज है, जिससे एक आधुनिक मनोरंजन स्थल का निर्माण हुआ है।

डायरेक्टर हसमुख शाह ने कहा, हम विदिशा के पहले मल्टीप्लेक्स को लॉन्च करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। अब विदिशा के लोगों को फिल्म देखने के लिए भोपाल नहीं जाना पड़ेगा।

डायरेक्टर हिमानी शाह मानेक ने कहा, हमने युवा फिल्म प्रेमियों से अच्छा रेस्पॉन्स पाया




है, जो अब राहत की सांस ले सकते हैं क्योंकि गोल्ड सिनेमा अब विदिशा में खुल चुका है।

टिकट www.goldcinema.co, गोल्ड सिनेमा मोबाइल ऐप्स, बुकमायशो और पेटीएम से बुक किए जा सकते हैं।
गोल्ड सिनेमा का पता है: माई टाउन प्लाजा, चौथी मंजिल, गाँव रंगाई, सांची रोड, भंडारी पैलेस के पास, विदिशा, म.प्र. 464 001।

**संपर्क जानकारी सिनेमा बॉक्स ऑफिस:** +91 90827 19090
ईमेल: info@goldcinema.co
सोशल मीडिया: [facebook.com/goldcinemaofficial] (http://www.facebook.com/goldcinemaofficial) | [instagram.com/goldcinemaofficial](https://www.instagram.com/goldcinemaofficial)गोल्ड सिनेमा के बारे में

साल 2007 से, गोल्ड सिनेमा ने 9 राज्यों में 37 से अधिक स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है और भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में अग्रणी बन गया है। कॉर्पोरेट ऑफिस: गोल्ड डिजीटेक थियेटर्स प्रा. लि., 104, रचना बिल्डिंग, वल्लभभाई पटेल रोड, विले पार्ले (पश्चिम), नानावटी अस्पताल के पास, मुंबई - 400056, इंडिया कॉर्पोरेट: +91 85917 49731

## भव्य शक्ति प्रदर्शन के साथ हितेंद्र ठाकुर ने वसई विधानसभा सीट से दाखिल किया नामांकन पत्र



दबंग रिपोर्टर » वसई

चुनावी प्रक्रिया में आज 28 अक्टूबर को वसई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हितेंद्र ठाकुर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करते समय बहुजन विकास आघाड़ी के हजारों कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पीले झंडों और पीले कपड़ों में हजारों कार्यकर्ता और पार्टी के पदाधिकारी उत्साह से शामिल हुए। हितेंद्र ठाकुर के समर्थन में जोरदार नारेबाजी भी की गई, जिससे बहुजन विकास आघाड़ी का शक्ति प्रदर्शन साफ दिखाई दिया।

हितेंद्र ठाकुर ने सुबह विरार के ग्राम देवता जीवदानी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और उसके बाद अपने नामांकन पत्र को दाखिल करने के लिए निकले। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें ढोल-ताशे, पीले झंडे और पताकाओं के साथ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। तहसीलदार कार्यालय में नामांकन दाखिल करने के समय ठाकुर के साथ उनकी पत्नी और पूर्व महापौर प्रवीणा ठाकुर, वरिष्ठ नेता बबनशेठ नाईक, वसई विरार नगर निगम के प्रथम उपमहापौर सगीर डांगे, और कृषि उत्पन्न बाजार समिति के अध्यक्ष अशोक कोलासो उपस्थित थे।वसई विधानसभा क्षेत्र को हितेंद्र ठाकुर का गढ़ माना जाता है।2009 में ठाकुर ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था, लेकिन 1990 से लेकर अब तक वे वसई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। ठाकुर को वसई में व्यक्तिगत रूप से समर्थन करने वाले मतदाताओं का बड़ा वर्ग है, और आज भी उनकी लोकप्रियता यहां बरकरार है।2014 के विधानसभा चुनाव में, हितेंद्र ठाकुर ने 97,291 वोटों के साथ विवेक पंडित को हराया था। इसके बाद, 2019 के चुनाव में उन्होंने शिवसेना के विजय पाटिल को हराकर 1,02,950 वोट प्राप्त किए। इस शक्ति प्रदर्शन से बहुजन विकास आघाड़ी ने एक बार फिर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया और आगामी चुनावों के लिए अपनी मजबूती को साबित किया।

## भिवंडी पश्चिम से पूर्व महापौर विलास पाटिल ने भरा नामांकन पत्र



दबंग रिपोर्टर » भिवंडी

भिवंडी शहर के पूर्व महापौर विलास आर पाटिल ने हजारों समर्थकों के साथ सहायक चुनाव अधिकारी के कार्यालय कामत घर पहुंचकर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। शिवाजी चौक से कामतघर तक निकली रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

**भारी समर्थकों के साथ दिखाई ताकत**

गौरतलब हो कि, भिवंडी शहर के पूर्व महापौर विलास आर पाटिल ने शिवाजी चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा को माल्यार्पण,नमन कर हजारों समर्थकों के साथ चुनावी रैली का श्रीगणेश किया. शिवाजी चौक से सर्वधर्म समुदाय की विशाल रैली में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष मंडई, गौरीपाडा, धामणकर नाका,वराला देवी मंदिर से कामतघर स्थित सहायक चुनाव अधिकारी कार्यालय पहुंचकर विलास आर पाटिल ने चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

विदित हो कि, पूर्व महापौर विलास पाटिल ने कांग्रेस पार्टी से टिकट मांगा था लेकिन नहीं मिलने पर निर्दलीय के तौर पर नामांकन किया है। विलास पाटिल और उनके समर्थकों को आशा है कि, कांग्रेस पार्टी घोषित प्रत्याशी दयानंद चोरघे का टिकट काटकर विलास पाटिल को दे सकती है। क्योंकि विलास पाटिल राजनीति में उलट पुलट कर असंभव को संभव करने में महारत हासिल है।उन्होंने ऐसा भिवंडी महानगर पालिका में मेयर बनने के लिए एक नहीं दो बार ऐसा करिश्मा कर दिखा चुके हैं । वह 6 नगरसेवक से 56 नगरसेवक अपने पाले में करके अपना महापौर बनाने के साथ खुद भी महापौर बन कर दिखाया है।

## अवैध पोस्टर, बैनर,बोर्ड पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिए निर्देश



**ठाणे।** विधानसभा चुनाव के दौरान बिना परमिशन के लगे हुए दीपावली की शुभकामना आदि जैसे पोस्टर, बैनर,बोर्ड पर सहायक आयुक्त तत्काल कार्रवाई करने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिया निर्देश।मनपा के नागरी संशोधन केंद्र में सोमवार को विभागप्रमुखों के साथ में मनपा आयुक्त सौरभ राव ने एक बैठक लिया जिसमें अनधिकृत पोस्टर,बैनर,बोर्ड पर कड़क कार्रवाई करने के लिए दिया निर्देश।आचार संहिता लागू होने के बाद शहर के सभी क्षेत्रों में बैनर ,पोस्टर मनपा ने निकाल दिया था लेकिन दीपावली पर्व पर फिर से शुभकामना संदेश का बैनर लग सकता है ऐसी स्थिति में जिसको जिलाधिकारी कार्यालय से परमिशन है उसको छोड़कर अन्य बिना परमिशन वाले पर कड़क कार्रवाई किया जाय यह बात आयुक्त राव ने बैठक में स्पष्ट कहा।इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा सहित सभी उपायुक्त, परिमंडल उपायुक्त, सहाय्यक आयुक्त, विभागप्रमुख उपस्थित थे।उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे ने बैठक का संचालन किया।साथ ही बैठक में आयुक्त राव ने मतदाता के सुविधा की दृष्टि से सभी चुनाव अधिकारी पीने के लिए पानी,बैठने आदि की व्यवस्था करें ताकि मतदाता का दुर्व्यवहार नही हो इसका विशेष ध्यान रखना है।

## भिवंडी में मजदूर की मौत के मामले ने पकड़ा तूल

### मनपा अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग

दबंग रिपोर्टर » भिवंडी

शास्त्री नगर क्षेत्र में एक सप्ताह पहले 4 मंजिला अवैध इमारत की निर्माण के दौरान बिल्डिंग मटेरियल लेकर जा रही ट्राली टूट कर जमीन पर गिरने से गरीब मजदूर की मौत हो गई थी। सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर अंभोरे ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को लिखित पत्र देकर अवैध निर्माण के जिम्मेदार मनपा आयुक्त अजय वैद्य सहित क्षेत्रीय सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर के ऊपर कानूनन आपराधिक मामला दाखिल किए जाने की मांग की है।

गौरतलब हो कि, भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को दिए शिकायत पत्र में सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर अंभोरे ने बताया है कि, भिवंडी शहर में मनपा अधिकारियों की मिलीभगत से बहुमंजिला इमारतों का अवैध निर्माण बिल्डरों द्वारा जोरों से शुरू है। शिकायत के बाद भी भ्रष्ट अधिकारी कोई एक्शन नहीं लेते हैं। आश्चर्यजनक है कि, भिवंडी शहर में अवैध निर्माण रोकने के लिए माननीय हाईकोर्ट द्वारा 2022 में पारित आदेश का पालन भिवंडी मनपा नहीं कर रही है।माननीय हाईकोर्ट द्वारा अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने की खातिर मनपा आयुक्त, अतिक्रमण उपायुक्त, पुलिस उपायुक्त, संबंधित एरिया वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, क्षेत्रीय सहायक आयुक्त की एसआईटी कमेटी बनाकर अवैध निमार्णों को रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, शहर में इमारतों का अवैध निर्माण होने पर संबंधित अधिकारी ही पूर्णतया जिम्मेदार होंगे। शास्त्री नगर में अवैध निर्माण होने के दौरान ट्राली गिरने से हुई मजदूर अकबर सैय्यद की दर्दनाक मौत की जिम्मेदारी भ्रष्ट, लापरवाह अधिकारियों की है। गरीब मजदूर की हुई मौत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मनपा अधिकारी वर्ग पर हाईकोर्ट के कानूनी प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दाखिल होना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

# इस्राइल का ईरान पर हमला तनाव बढ़ने के संकेत नहीं

इस्राइल ने महीने की शुरूआत में हुए ईरानी हमले का जवाब देते हुए शनिवार तड़के करीब 100 लड़ाकू विमानों के जरिए उस पर हमला किया। इस रूप में जरूर यह एक गंभीर घटना कही जाएगी कि पहली बार इस्राइल ने ईरान पर सीधा हमला किया है, लेकिन कई ऐसे संकेत हैं जो बताते हैं कि इस कार्रवाई के बाद मध्यपूर्व में तनाव कम करने के प्रयास जोर पकड़ सकते हैं। इस्राइल की इस कार्रवाई ने उसे यह दावा करने की सहूलियत दे दी है कि जैसे को तैसा की तर्ज पर जवाब देकर उसने ईरान से हिसाब बराबर कर लिया है, लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न तो इस सैन्य कार्रवाई की जद में परमाणु और तेल ठिकानों को शामिल किया गया और न ही आम लोगों को नुकसान पहुंचाया गया। जानकारों के मुताबिक, यह इस बात का संकेत है कि इस्राइल का इरादा मामले को और भड़काने का नहीं है। हमले पर ईरान की सतर्क और संतुलित प्रतिक्रिया भी कुछ ऐसा ही संकेत दे रही है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने हमले के बाद कहा कि उसे आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। ध्यान रहे, उसने इस हमले का बदला लेने जैसी कोई बात नहीं कही। इसके उलट कुछ समय बाद ईरानी सेना की ओर से जारी बयान में यह संकेत दिया गया कि अगर गाजा पट्टी और लेबनान में जारी इस्राइल की जमीनी कार्रवाई पर किसी तरह की रोक लगती है, कोई युद्धविराम लागू होता है तो उसके जवाबी हमले की संभावना और कम हो जाएगी। दोनों देशों के रुख में आई इस नरमी ने शांति प्रयासों की सफलता की गुंजाइश बढ़ा दी है। देखा जाए तो हिजबुल्लाह और हमास के शीर्ष नेतृत्व का काफी हद तक सफाया करने के बाद इस्राइल की नेतन्याहू सरकार अब यह कह सकती है कि उसका अभियान निष्फल नहीं रहा। ऐसे में बड़ा सवाल यह हो जाता है कि आखिर बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में उसे और कितना वक्त लगेगा। अगर मध्यस्थता के प्रयासों के जरिए बंधकों की रिहाई का कोई सर्वमान्य फॉम्युर्ला निकलता है तो सभी पक्षों के लिए राहत की बात होगी। यह सही समय है कूटनीति के जरिए शांति को एक और मौका देने का। इसमें दो राय नहीं कि इस्राइल और फलस्तीन का मूल विवाद काफी जटिल है, इसे रातोरात हल नहीं किया जा सकता, लेकिन तात्कालिक तौर पर यथास्थिति को स्वीकार करते हुए शांति स्थापित करने और फिर मूल विवाद को बातचीत से हल करने का प्रयास जारी रखने पर सहमति भी कोई कम बड़ी उपलब्धि नहीं होगी।

विचार मंथन

## जागरण करना है...

जागरण करना है...
जागरण करना है...
बहन-बेटियों की रक्षा के लिए,
परिवार की सुरक्षा के लिए,
लोक लाज को बचाने के लिए,
सुखमय जीवन बिताने के लिए,
जागरण करना है ...
जागरण करना है...
कायर को वीर बनाने के लिए,
रक्षा में शस्त्र उठाने के लिए,
निर्भय स्वतंत्र-स्वच्छंद हर्षमय
अपने उत्सव मनाने के लिए,
जागरण करना है...
जागरण करना है...
पैतृक व्यवसाय चलाने के लिए,
स्वजनों को रोजगार दिलाने के
लिए,
अपने त्यौहार अपनों से व्यवहार,
यह बात स्मरण कराने के लिए,
जागरण करना है...
जागरण करना है...
बेटी के गुम हो जाने पर
तुम आंसू खूब बहाते हो,
थाने-कोर्ट-कचहरी में तुम
दर-दर की ठोकर खाते हो,
जागरण यदि हो जाता तो
शायद ये नौबत न आती,
यह बात सोच-सोचकर तुम
मन ही मन पछताते हो,
इसलिए!
जागरण करना है...
जागरण करना है...
हमने तो तुम जैसों को
बहुत करीब से देखा है,
आदर निरादर में तो बस!
एक छोटी-सी रेखा है,
गहरी थी वह विकट खाई!
इतनी-सी बात न समझ आई,
अब मन बहलाने को कहते हो
यह सब तकदीर का लेखा है,
इसलिए!
जागरण करना है...
जागरण करना है...
मानो तो आसपास ढूंढो
वह लोग जो हैं तैयारी में,
नित नए रूप धर लेते हैं
वह लोग जो हैं अय्यारी में,
षड्यंत्र निरंतर होते हैं
जब सज्जन निद्रा में सोते हैं,
जागो अब आंखें खोलो तुम
फिर कर्म करो होशियारी में
जागरण करना है...
जागरण करना है...

- अर्जुनसिंह भदौरिया
'बागी' उज्जैन

# धनतेरस से प्रारंभ होता है दीपावली पर्व

तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं।

**- रमेश सर्राफ धमोरा**
लेखक



दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। धनतेरस अर्थव्यवस्था का महापर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं। हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस ह्वआयुर्वेदह्न का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था। भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है। धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। समृद्धि की बदलती फिजा सद्संस्कारों को शिखर दे, वैचारिक दृष्टिकोण को रचनात्मकता दे, आधुनिकता के साथ पनपने वाली बुराइयों को विराम दे, ईमान और इंसानियत बटोरते हुए आगे बढ़े। आज कहां सुरक्षित रह पाया है-ईमान के साथ इंसान तक पहुंचने वाली समृद्धि का आदर्श? कौन करता है अपनी सुविधाओं का संयमन? कौन करता है ममत्व का विसर्जन? कौन दे पाता है अपने स्वार्थों को संयम की लगाम? भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेंगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा।

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

### कामधेनू लिमिटेड छत्तीसगढ़ में अपनी ब्रांडेड कलर कोटेड शीट्स की विनिर्माण क्षमता को 50% और मजबूत करेगा

**रायपुर।** कामधेनू लिमिटेड, ब्रांडेड टीएमटी बार के खुदरा बाजार में भारत के सबसे बड़े निमार्ता और विक्रेता ने छत्तीसगढ़ में अपने ब्रांड 'कामधेनु कलर मैक्स शीट और कामधेनु श्रेष्ठ की बाजार हिस्सेदारी और उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए आज उनकी विनिर्माण क्षमता में 50% वृद्धि की घोषणा की। नई रणनीति हाल के दिनों में राज्य में प्राप्त उत्पादों की बढ़ी मांग के अनुरूप विकसित की गई है। कामधेनु लिमिटेड का इरादा इस मांग को पूरा करने और एक वर्ष में क्षमता को 4000 MT से 6000 MT तक बढ़ाने का है।

कंपनी की योजनाओं के बारे में कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, ₹आज, कामधेनु कलर कोटेड और जी सी शीटस शीट्स का उपयोग कई सरकारी और गैर-सरकारी परियोजनाओं में किया जा रहा है। राज्य में लगातार बढ़ते आवास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के कारण हमारे उत्पादों की मांग भी बढ़ी है, इसे देखते हुए, हम अपनी उच्च गुणवत्ता वाली कलर कोटेड शीट की उत्पादन क्षमता में इजाफा कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के समकक्ष कामधेनू कलर मैक्स और जी सी शीटस शीट्स रिहाइशी और औद्योगिक परियोजनाओं में रूफिंग व क्लैडिंग के लिए खूबसूरत समाधान पेश कर रही है। ये शीट इंस्टॉल करने में आसान हैं और इसके इस्तेमाल से किसी भी प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेजी आती है। ग्राहकों की जरूरत के मुताबिक कस्टमाइजेशन सुनिश्चित करने के लिए कामधेनू कलर मैक्स रेंज संबंधित उत्पाद भी मुहैया कराती है जैसे रेन वाटर सिस्टम, रेन गटर, क्रिम्पिंग कर्व, सैल्फ ड्रिलिंग स्क्रू आदि।

कामधेनू कलर मैक्स और कामधेनु श्रेष्ठ प्रि-पेन्टेड प्रॉडक्टस है जो चयन हेतु आकर्षक रंगों की विस्तृत रेंज पेश करता है। हाई क्वालिटी स्टील अलॉय की अनेक परतों पर एक खास कोटिंग इन प्रोडक्ट्स को सक्षम बनाती है की वह क्रैकिंग व पीलिंग, चरम मौसम व भारी निर्माण के दौरान प्रतिरोध कर सके। यह न सिर्फ शीट को पूरी तरह जंग से मुक्त एवं वाटरप्रूफ बनाता है बल्कि अंदरूनी हिस्से को गर्मियों में शीतल तथा सर्दियों में गर्माहट भरा बनाए रखता है।

### एसआईएस पिचेस ने बिलासपुर और अमतर में आठ नई हाइब्रिड क्रिकेट पिचों के साथ भारत में बढ़ाई अपनी मौजूदगी

**दबंग दुनिया ♦ बिलासपुर**




भारत में उच्च गुणवत्ता वाली क्रिकेट सुविधाओं की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए खेल सतह डिजाइन, निर्माण और स्थापना में वैश्विक अग्रणी कम्पनी एसआईएस पिचेस ने आठ नए हाइब्रिड क्रिकेट पिचों का निर्माण पूरा होने की घोषणा की है। इन आठ पिचों में से चार अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम अमतर, हिमाचल प्रदेश में और चार अन्य बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में लुहनु क्रिकेट स्टेडियम में बनाई गई हैं। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में हाइब्रिड पिचों के सफल निर्माण के बाद ये नई पिचें दोनों स्थानों पर अधिक खेलों की मेजबानी और देश भर में क्रिकेट के बढ़ते उत्साह को पूरा करने की अधिक क्षमता प्रदान करेंगी। एसआईएस पिचेस की हाइब्रिड क्रिकेट पिच अपने बेहतर स्थायित्व और लगातार खेलने की क्षमता के लिए जानी जाती हैं। इन्होंने पूरे भारत में ग्राउंड टीमों और खिलाड़ियों का ध्यान आकर्षित किया है।

अमतर और बिलासपुर में दो-दो पिच मैदान के बीच में बनाई गई हैं, जबकि दो-दो अतिरिक्त पिचें समर्पित अभ्यास क्षेत्र में तैयार की गई हैं। नई पिचें बिलासपुर और अमतर दोनों में सभी स्तरों पर क्रिकेटरों के लिए खेल की स्थिति और पेशेवर गुणवत्ता प्रशिक्षण सुविधाओं को बेहतर बनाएंगी। एसआईएस पिचेस ने अमतर के अभ्यास क्षेत्र में विशेष रूप से डिजाइन किए गए टर्फ का 30 वर्ग मीटर विस्तार भी किया है। यह अतिरिक्त टर्फ यहां की क्रिकेट महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भविष्य की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा।

एसआईएस पिचेस के अंतर्राष्ट्रीय सेल्स डायरेक्टर पॉल टेलर ने कहा, भारत भर में हाइब्रिड पिचों के लिए बढ़ती रुचि को देखना उत्साहजनक है। बिलासपुर और अमतर में टीमों के साथ काम करना एक अच्छा अनुभव रहा है। ये पिच इन क्लबों को अधिक टिकाऊ सतहों पर अधिक गेम खेलने का मौका देंगे और अंततः यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक खिलाड़ी अपने क्रिकेट में सुधार करें और खेल से लाभान्वित हों। हमें उम्मीद है कि इन नई पिचों से खिलाड़ियों और कोचों को नई क्रिकेट प्रतिभाओं को विकसित करने के उनके प्रयासों में मदद मिलेगी।

अमतर में अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम के क्यूरेटर संजय ठाकुर ने कहा, नई हाइब्रिड पिचें हमें अधिक क्षमता प्रदान करेंगी और हम अधिक मैचों की मेजबानी कर पाएंगे। ये पिचें अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं भी प्रदान करेंगी, जिससे हमें अपने क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति बढ़ते उत्साह को पूरा करते हुए विभिन्न स्तरों पर प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलेगी।

बिलासपुर के लुहनु क्रिकेट स्टेडियम के आयोजन सचिव विशाल जगोटा ने कहा, नई हाइब्रिड पिचें हमारी सुविधाओं में बढ़ोतरी करेंगी। इन टिकाऊ पिचों के साथ, हम अधिक मैचों की मेजबानी कर सकते हैं और बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं, जो क्रिकेट की गुणवत्ता को बढ़ाएगा और खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए बेहतर अनुभव प्रदान करेगा।

### टाइटन कंपनी ने जगदलपुर में नए टाइटन वर्ल्ड स्टोर के साथ छत्तीसगढ़ में अपने रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार किया

जगदलपुर। टाइटन कंपनी ने छत्तीसगढ़ में अपने 11वें टाइटन वर्ल्ड स्टोर के लॉन्च की घोषणा की है। यह नया स्टोर पश्चिमी क्षेत्र में टाइटन वर्ल्ड के विस्तार में बड़ी उपलब्धि है। यह स्टोर राव कॉम्पलेक्स, बजरंग नगर, जगदलपुर में स्थित है, जिसका उद्घाटन गौरव बोरा, रीजनल बिजनेस मैनेजर, वॉचेज एण्ड वियरेबलस वेस्ट 2 के द्वारा किया गया। बस्तर के बीचों-बीच स्थित टाइटन वर्ल्ड का नया स्टोर टाइटन के लिए बड़ी उपलब्धि है। स्थानीय लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए स्टोर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह क्षेत्र की धरोहर और विश्वस्तरीय कारीगरी का अनूठा संयोजन लेकर आता है। प्रीमियम घड़ियों की व्यापक रेंज के साथ इस स्टोर में टाइटन, टॉमी हिलफिगर, सोनाटा, फास्ट्रैक, रागा, जूप, के साथ-साथ स्मार्टवॉचेज, वॉल क्लोक्स और ऑटोमेटिक घड़ियों का व्यापक कलेक्शन है जो इनोवेशन और सदाबहार स्टाइल के साथ उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा। इस अवसर पर गौरव बोरा ने कहा टियर 2 और टियर 3 शहरों में विस्तार जारी रखते हुए इन क्षेत्रों में आधुनिक एवं स्टाइलिश घड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है और इसी मांग को ध्यान में रखते हुए हम आधुनिक डिजाइन लेकर आते हैं। टाइटन मे हम घड़ियों में कारीगरी के इंटरनेशनल मानक बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे द्वारा लाई गई हर घड़ी ब्राण्ड की उस खासियत को दर्शाए, जिसके लिए ब्राण्ड को जाना जाता है। भव्य ओपनिंग के अवसर पर उपभोक्ता एक्सक्लुजिव लॉन्च ऑफर के तहत फ्लैट 10 फीसदी छूट का लाभ उठा सकते हैं। टाइटन वर्ल्ड जगदलपुर के उपभोक्ताओं को आमंत्रित करता है कि इस स्टोर में आएं तथा प्रीमियम घड़ियों एवं लाईस्टाइल एक्सेसरीज की दुनिया का अनूठा अनुभव पाएं।

### उद्योग जगत के संगठनों ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय पर राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति के उल्लंघन का आरोप लगाया

नई दिल्ली। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज (ए आई एम ई डी) ने मैनुफैक्चर्र्स ऑफ इमेजिंग, थेरेपी एण्ड रेडियोलोजी डिवाइसेज (एमआईटीआरए), एसोसिएशन ऑफ डायग्नॉस्टिक मैनुफैक्चर्र्स ऑफ इंडिया (एडीएमआई) तथा मेडटेक उद्योग के हितधारकों के सहयोग से पीएचडी हाउस में एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया। जहां पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी), स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक (डीजीएचएस) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा हाल ही में जारी कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। ये ज्ञापन नवीकृत एवं पहले से इस्तेमाल किए जा चुके चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति देते हैं, बावजूद इसके कि इसी तरह की डिवाइसेज का निर्माण भारत में किया जाता है। उद्योग जगत के लीडरों का मानना है कि यह भारत को चिकित्सा उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा खतरा है, साथ ही यह प्रधानमंत्री जी के 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में बाधा भी उत्पन्न करता है। यह देश की स्वदेशी निर्माण क्षमता में रूकावट उत्पन्न करता है। उद्योग जगत के लीडर्स ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि नवीकृत चिकित्सा उपकरणों के आयात को अनुमति देने के मुद्दे पर हस्तक्षेप करें। इसके अलावा मरीजों की सुरक्षा के संबंध में भी गंभीर मुद्दों की संभावना उठाई गई है, क्योंकि हो सकता है कि नवीकृत किए गए चिकित्सा उपकरण, नव निर्मित उपकरणों की तरह गुणवत्ता के मानकों पर खरे न उतरें, जो मरीजोंकी सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का कारण हो सकता है। उद्योग जगत के दिग्गजों ने इस बात पर जोर दिया कि यह ज्ञापन स्वदेशी मेडटेक सेक्टर को कमजोर बनाता है, जो हाल ही के वर्षों में 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निवेश के चलते तेजी से विकसित हुआ है। भारत द्वारा उच्च गुणवत्ता की मेडिकल डिवाइसेज बनाने की क्षमता के बावजूद नवीकृत डिवाइसेज के आयात की अनुमति देना, घरेलू सेक्टर की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती है। पहले से इस्तेमाल की जा चुकी और नवीकृत मेडिकल डिवाइसेज के आयात को बढ़ावा देकर यह पॉलिसी भारतीय उद्यमियों के लिए इनोवेशन और निवेश में बाधा उत्पन्न करती है, तथा भारत के प्रतिस्पर्धी मेडकटेक उद्योग के विकास में रूकावट है।

### अंजीर में 300, मनुक्का 100, कंधारी किशमिश में 50 रुपए किलो की तेजी

**इंदौर।** स्थानीय सियागंज किराना बाजार में कामकाज सामान्य बना हुआ है। सूखे मेवों में त्योहारी मांग जोरदार बनी हुई हैं। वहीं काजू के दाम गत वर्ष के मुकाबले करीब 200 से 250 रुपए किलो ऊंचे बोले जा रहे हैं जिसमें उपभोक्ता मांग अच्छी बनी हुई है। मखाने की उपलब्धता खपत की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने से 20 रुपए किलो की तेजी दर्ज की गई। आगे त्यौहारी सीजन होने के साथ ही सीजनल मांग बनी रहने पर और तेजी की संभावना व्यक्त की जा रही है। नमकीन और मोटी पिस्ता, बादाम में तेजी रही। साथ ही अंजीर में 300, मनुक्का 100, कंधारी किशमिश में 50 रुपए किलो की तेजी दर्ज की गई। त्यौहारी सीजन को देखते हुए आगे और तेजी की संभावना व्यक्त की जा रही है। इधर खोपरे गोले एवं बूरे में मांग कम होने से घबराहट बनी हुई हैं। शकर में कामकाज सामान्य बना हुआ है। शकर की आवक 4 गाड़ी की रही।

**शकर** - शकर 4000-4300, एम.शकर 4100-4400, गुड लड्डू 4700-4800, गिलास एक किलो 4900-5100, भैली 4000-4200 रुपए क्विंटल।

**नारियल** - नारियल 120 भरती 1800, 160 भरती 2000, 200 भरती 2200 250 भरती 2400 खोपरा गोला 195-235, खोपरा बूरा 4101-6101 रुपए।

**मसाले** - लौंग 860-910 दालचीनी 250-270 रुपए।

### पंजाब नेशनल बैंक का मुनाफा दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपए रहा

**मुंबई।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सोमवार को अपने जुलाई-सितंबर अवधि के नतीजों का ऐलान किया। बैंक का मुनाफा 2024-25 की दूसरी तिमाही में दो गुना से अधिक होकर 4,306 करोड़ रुपए रहा। पब्लिक सेक्टर बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,756 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट कमाया था। पीएनबी ने बताया कि सितंबर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 34,447 करोड़ रुपए हो गई। यह पिछले साल की समान तिमाही में 29,383 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा तिमाही के दौरान बैंक ने ब्याज से 29,875 करोड़ रुपए की आय दर्ज की, जो एक साल पहले की इसी समान अवधि में 26,355 करोड़ रुपए से अधिक है। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक के ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट (एनपीएस) में सुधार दिखाई दिया है। यह एक साल पहले के 6.96 प्रतिशत से घटकर सितंबर तिमाही में ग्रॉस लोन का 4.48 प्रतिशत हो गया। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या फंसा हुआ कर्ज पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 1.47 प्रतिशत से घटकर 0.46 प्रतिशत हो गया। वहीं, पीएनबी बैंक का कंसोलिडेट मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 4,714 करोड़ रुपए हो गया। यह एक साल पहले की इसी अवधि में 1,990 करोड़ रुपए था। बैंक ने बोर्ड की तरफ से मंजूर नीति के अनुरूप 350 करोड़ रुपए का फ्लोटिंग प्रावधान किया है। 30 सितंबर तक बैंक के पास 500 करोड़ रुपए का फ्लोटिंग प्रोविजन है।

### एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल अरेस्ट धोखेबाजी के खिलाफ नागरिकों को सावधान करने के लिए महत्वपूर्ण संदेश साझा किया

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की सलाह जारी की है, जिसका उद्देश्य इस तरह की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में, धोखेबाज कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करते हुए व्यक्तियों या व्यवसायों को निशाना बनाते हैं। पीड़ितों को कथित कर चोरी, विनियामक उल्लंघन या वित्तीय कदाचार के लिए डिजिटल गिरफ्तारी वारंट की धमकी दी जाती है। धोखेबाज डिजिटल अरेस्ट वारंट को वापस लेने के लिए ह्वनिपटान शुल्कह्व या ह्वजुमार्नाह्व के रूप में भुगतान मांगते हैं। भुगतान हो जाने के बाद, धोखेबाज अपनी पहचान का कोई निशान छोड़े बिना गायब हो जाते हैं। धोखेबाजों के साथ साझा की गई व्यक्तिगत जानकारी के कारण पीड़ितों को आर्थिक नुकसान और कभी-कभी पहचान की चोरी का सामना करना पड़ता है।

एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष - क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल, श्री मनीष अग्रवाल ने इस धोखाधड़ी पर चेतावनी देते हुए कहा, ह्वधोखाधड़ी करने वाले सीधे ग्राहकों की भावनाओं को निशाना बना रहे हैं। जब भी किसी को कानून प्रवर्तन अधिकारी होने का दावा करने वाले धोखेबाजों से कॉल या संदेश प्राप्त होता है, तो हमेशा उचित चैनल के माध्यम से सरकार / कानून प्रवर्तन अधिकारियों से स्वतंत्र रूप से संपर्क करके उनकी पहचान की पुष्टि करें। सतर्क रहना और इस तरह की धोखाधड़ी की प्रथाओं के बारे में जागरूक रहना ऐसे घोटालों का शिकार होने से बचने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

Scanned with OKEN Scanner

# पार्षदगण लगातार धरने पर, शासन प्रशासन कर ही अनदेखी : मोती साहू




**दबंग दुनिया ◆ टुण्डरा**

नगर पंचायत टुण्डरा के सभी पार्षद एक वर्षो के मानदेय भुगतान नहीं होने से नाराज चल रहे हैं, अनेको बार ध्यान आकर्षण करने के बाद भी पूरा भुगतान मुख्य नगर पंचायत अधिकारी द्वारा नहीं कराया जा सका है। तालाबंदी, धरना प्रदर्शन करने के बाद भी ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है।नगर पंचायत अधिकारी की निष्क्रियता की खामयाजा पार्षदों को एवं मूलभुत सुविधाओं की अनदेखी से नगरवाशियों को भुगतना पड रहा है। अनुवीभागीय राजस्व अधिकारी गिरोदपुरी एवं टुण्डरा तहसीलदार के द्वारा बारबार आश्वासन दिया गया कि मानदेय भुगतान करा दिया जायेगा, किन्तु अब तक मानदेय भुगतान नहीं करा पाना समझ से परे है। समाचार लिखे जाने तक धरना पर बैठे हुये है। दैनिक समाचारों, शोशल मिडिया,एल आई बी आदि के माध्यय से शासन प्रशासन के संज्ञान में लाने के बाद भी डबल इंजन की सरकार टुण्डरा नगर पंचायत की अनदेखी कर रही है इसका विपरीत परिणाम आने वाले नगरीय निकाय के चुनाव में दिखेगा । आज के धरने पर नगर अध्यक्ष मोती साहू,रविशंकर बंजारे, रमाकांत साहू,दिनेश देवांगन,सुनीता खेमचंद रात्रे, देवमति दिल साहू,विजयाकुमारी युगल साहू, नंदकुमारी बिरेन्द्र साहू,केंवरा बाई सनद पटेल,गीतराम पटेल,कंचन पटेल आदि शामिल रहे।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की स्मृति में दौड़ा बलरामपुर

» जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी

» दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ




**दबंग दुनिया ◆ बलरामपुर**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) आयोजित की गई। दौड़ पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान पर समाप्त हुई। इस दौड़ में बालक-बालिका के साथ अधिकारी-कमर्चारी व आमनारिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने देश की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। दौड़ समापन के पश्चात उपस्थित अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार बल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो को याद किया। उन्होंने सरदार पटेल और राष्ट्रीय एकता में उनकी भूमिका व योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की एकता में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। सभी छात्र-छात्राओं को सरदार पटेल जी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस को भारत की स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को स्मरण कर उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को बताया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर संदेशों को बताते हुए कहा कि हमें जाति, धर्म, सम्प्रदाय इन सब से ऊपर उठ कर अखंड भारत की ओर अग्रसर होना है। उन्होंने कहा कि हम एकता दिवस के साथ-साथ पुलिस स्मृति दिवस भी मना रहे हैं। आज हम देश के लिए शहीद हुए जवानों को याद कर उन्हें नमन कर रहे हैं। आप सभी युवा देश के भविष्य हैं इसलिए आप सभी देश के लिए कुछ कर जाएं यही आशा है। इस दौरान उपस्थित अतिथियों के साथ छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने आस-पास की साफ-सफाई कर स्वच्छ बलरामपुर-सुघर बलरामपुर का संदेश भी दिया। उल्लेखनीय है कि देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता है और इस वर्ष भी श्री पटेल की 150 जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया गया। सभी ने जाति, धर्म, भेदभाव जैसी कुरीति विचारों को छोड़ इस दौड़ में हिस्सा लिया यह विविधताओं में एकता की मिशाल पेश करता है। इस दौरान उपस्थित अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कमर्चारियों एवं छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ बलरामपुर-सुघर बलरामपुर अंतर्गत आस-पास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन मिश्रा, जनपद सीईओ रणवीर साय, गणमान्य नागरिक दिनानाथ यादव, दिलीप सोनी, रक्षित निरीक्षक विमलेश देवांगन, छात्र-छात्राएं सहित आमनागरिक उपस्थित रहे।

# एकता दौड़ को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और दौड़ में हुई शामिल




» जिले के सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह से एकता दौड़ में लिया भाग

**दबंग दुनिया ◆ जीपीएम**

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) में बच्चे, युवा, खिलाड़ी, आम नागरिक, अधिकारी, कमर्चारी सहित सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। एकता दौड़ पुलिस कण्ट्रोल रूम गौरेला से प्रारंभ होकर ज्योतिपुर चौंक से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुआ। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया और दौड़ में शामिल हुई। उन्होंने कलेक्ट्रेट में आयोजित समापन कार्यक्रम में धावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए एकता दिवस का आयोजन 29 अक्टूबर को किया गया। कलेक्टर ने एकता दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों सहित सभी धावकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विजेताओं को 5 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। एकता दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजेश मरावी, द्वितीय स्थान सागर केंवट एवं तृतीय स्थान पर अरूण यादव रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर मनीषा मरावी, द्वितीय स्थान पर यमुना नेताम एवं तृतीय स्थान पर आशा मरावी रही। समापन कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर ऋचा चन्द्रकार, परियोजना निदेशक डीआरडीए कौशल प्रसाद तेंदुलकर, जिला शिक्षा अधिकारी जे के शास्त्री, जिला खेल अधिकारी सीमा डेविड, मुकेश दुबे, बृजलाल राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# दीवाली के पहले ही दिन चरमराई सक्ती नगर की यातायात व्यवस्था



**दबंग दुनिया ◆ सक्ती**

जिला मुख्यालय सक्ती की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। शहर के प्रमुख व्यवसायिक मार्गों में लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यही हालत लगभग सभी मार्गों की है। शहर के चौक -चैराहों में तो हर समय जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। विदित हो कि सक्ती शहर में यातायात के नाम पर चौक-चैराहों में इक्का-दुक्का पुलिस जवान तैनात कर दिया गया है। शहर के भीतरी हिस्सों में लग रहे जाम और अव्यवस्थित यातायात को दुरुस्त करने की कोई पहल पुलिस प्रशासन की ओर से नहीं की जा रही है। धीरे-धीरे स्थिति ऐसी होती जा रही है कि मानो पुलिस ने शहर को पूरी तरीके से छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि अग्रसेन चौक से स्टेशन जाने वाले मार्ग में पल-पल जाम लग रहा है। इस मार्ग की हालत सबसे ज्यादा खराब है। धड़ल्ले से बड़े चार पहिया वाहन सकरे मार्ग में प्रवेश कराए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था की सुधार की ओर पहल करना समझ से परे है। हर रोज जाम की स्थिति का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है।

## कानफोड़ू पटाखे की आवाज निकालने वाली बाइक पर कार्यवाही जरूरी

सक्ती नगर में कुछ युवा इन दिनों बुलेट वाहन में रेट्रो साइलेंसर लगवा कर धड़ल्ले से सड़क पर दौड़ रहे हैं, लेकिन कोई धरपकड़ नहीं हो रही है। इनसे पटाखा या बंदूक की गोली चलने जैसी आवाज निकलती हैं। बीच सड़क पर युवा तेजी से गाड़ी दौड़ाते हुए यह आवाज निकालते हैं। ऐसे में हादसा होने का भी डर बना रहता है। तेज आवाज वाले साइलेंसर की आवाज बुजुर्ग और दिल के मरीजों के लिए घातक साबित हो रही है। बाइक के शौकीन युवा नए साइलेंसर को निकालकर लंबी पाइप वाले साइलेंसर लगवा रहे हैं। इसके कारण कई बार पीछे से तेज आवाज आने से राहगीर डर जाते हैं। तेज ध्वनि के साथ फायर की आवाज निकलती है। बाइक का एक्सीलेटर बढ़ाकर गलियों में भी ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा है, जिसके कारण बच्चों, बुजुर्गों, दिल की बीमारी वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी होती है।

# राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए एकजुट होकर योगदान दें : कलेक्टर



**दबंग दुनिया ◆ मुंगेली**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आज रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय स्थित आगर खेल परिसर से जिला कलेक्टोरेट तक स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कमर्चारी तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने एकता दौड़ लगाई। यह रैली दाउपारा चौक होते हुए जिला कलेक्टोरेट पहुंची, जहां जनदर्शन कक्ष में कलेक्टर श्री राहुल देव ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश के रियासतों का एकीकरण किया, इसीलिए उनके जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कलेक्टर ने लोगों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए एकजुट होकर योगदान देने की बात कही।

### मन, वचन और कर्म से देश की अखण्डता एवं एकता के लिए करें कार्य : एसपी

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री रहे। उन्होंने भारत के रियासतों के एकीकरण के लिए कार्य किया। जब भारत आजाद हुआ था तब देश 500 से ज्यादा रियासतों में बंटा था। इन्हें भारत में मिलाने में सरदार पटेल ने सबसे अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को सही मायने में श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम मन, वचन और कर्म से देश की अखण्डता एवं एकता के लिए कार्य करेंगे। वनमंडलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि हम एक जिम्मेदार नागरिक हैं। आज के समय में सोशल मीडिया के माध्यम से कई अराजक तत्व देश की एकता और अखण्डता को भंग करने का प्रयास करती है। ऐसे मैसेज को शेयर एवं फॉरवर्ड न करें। जिले में सामाजिक एकता एवं समरसता बनी रहे। अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर पर दीपावली पर्व के अवकाश के कारण एकता दिवस आज मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब आपस में एकजुट रहें और एकता बनाए रखें। जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को एकता का संदेश देना है। जो हमें जाति, धर्म एवं समुदाय में बांटने की कोशिश करते हैं, हमें उन ताकतों को हराना है। इस दौरान एसडीएम श्रीमती पावर्ती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्र कुमार घृतलहरे सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कमर्चारी, गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मीडिया के साथी और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

## जनदशर्नः 66 आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित सौंपे आवेदन

मुंगेली। जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनदर्शन में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें ग्राम मसनी के हरप्रसाद जांगड़े ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, जरहागांव के जलेश्वर वैष्णव ने अपने खेत का खसरा नम्बर सुधार कराने, ग्राम परसाकापा के गनपत सोनवानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम चमारी की सविता बाई ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम चंदली के ग्रामीणों ने विद्युत केबल को दुरूस्त कराने, ग्राम किरना के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे। अपर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# आमरण अनशन का दूसरा दिन जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू पहुंचे

**दबंग दुनिया ◆ सक्ती**



चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव द्वारा कलेक्टर कार्यालय जेठा सकती में किये जा रहे आमरण अनशन के समर्थन में जैजैपुर विधानसभा के विधायक बालेश्वर साहू जिला कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल पूर्व विधायक चैन सिंह सामले नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष प्रीतम अग्रवाल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महबूब नगर पालिका सकती के विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन पिंटू ठाकुर जिला कॉग्रेस प्रवक्ता गिरधर जायसवाल ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष कुशल कश्यप प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव सरवन सिदार राजेश लहरे तुलसी साहू कुसुमलता अजगले अयोध्या भारद्वाज अमित राठौर प्यारेलाल पटेल देवा लहरे सुनील चन्द्रा पहुचे इस अवसर पर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार झूठी सरकार हैं गाँव के गरीब किसानों को परेशान कर रही जिस बात की घोषणा सदन में हुआ है उस भी अमल नही हो रहा है बड़े व्यापारी माल माल हो रहे है गरीब आदमी को चालीस हजार का रेत में पैसा खर्च हो जाएगा तो उसका प्रधानमंत्री आवास कैसे बनाएगा ऊपर से अधिकारियों को कमीशन देना पड़ रहा है जिला कॉग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गिरधर जायसवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधायक रामकुमार यादव कई बार प्रशासन को विधानसभा क्षेत्र एवं जिले में लोगों को प्रधानमंत्री आवस में रेत खरीदने में हो रही परेशानी से अवगत कराया कि सदन की बात को लागू करे अधिकारी पुलिस सब परेशान कर रहे है लेकिन गम्भीरता से नहीं लिया तब आम लोगों की प्रदेश व्यापी समस्या को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं डॉ चरण महन्त ने जिले के सभी कॉग्रेस जनो को इस आंदोलन में भाग लेने के निर्देश दिये है जिला कॉग्रेस कमेटी सकती के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने सूचना जारी कर सभी कॉग्रेस के पदाधिकारियों को आंदोलन स्थल पहुँचने के सूचना भेजी आज बड़ी संख्या में जिले भर कॉग्रेस जन किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल में भीड़ बढ़ती जा रही त्यौहार का समय होने के वावजूद लोगों का आना जाना लगातार जारी है।

# 3 किलो 180 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार डभरा पुलिस की कार्रवाई

**दबंग दुनिया ◆ सक्ती**



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री रमा पटेल (रा.पु.से.), एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर / डभरा अंजली गुप्ता (रा.पु.से. ) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध जुओं, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए दिये गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी डभरा के द्वारा थाना क्षेत्र मे मुखबिर तैनात किया गया था। दिनांक 28.10.2024 को जरिये मुखबीर के मोबाईल से सूचना मिला है कि ग्राम बगरैल का ताराचंद पटेल अवैध रूप से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा अपने स्कूटी से ग्राम बगरैल से दोपहर करीब 01 से 02 बजे के मध्य ग्राम चुराघांठा की ओर लेकर जाने वाला है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी ताराचंद पटेल पिता रूपधर पटेल उम्र 50 वर्ष साकिन बगरैल थाना डभरा के इलेक्ट्रानिक स्कूटी से दो सफेद पन्नी में एवं एक भूरा मटमैला रंग की पन्नी में लिपटा हुआ 03 पैकेट मादक पदार्थ गांजा वजन 03 किलो 180 ग्राम किमती 24000 रूपये तथा ग्रे कलर की बिना नंबर की इलेक्ट्रानिक स्कूटी ए-ळडफ्द ढफ्ह किमती 40000 रूपये कुल किमती 64000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 388/2024 धारा 20 बी एन.डी.पी.एस. एक्ट कायम कर दिनांक 28.10.2024 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक प्रवीण राजपूत के नेतृत्व में उनि. सी. एम. मालाकार आर. मानसिंह कुर्रे, मिरीश साहू, एकेश्वर चन्द्रा का विशेष योगदान रहा।

Scanned with OKEN Scanner

# 'माधेश्वर जैन अंतागढ़ बने सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला काँकेर के जिला अध्यक्ष

दबंग दुनिया ♦ अंतागढ़

कोरर, सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला काँकेर के संगठन का चुनाव कोरर के मंडी प्रांगण में पिछड़ा वर्ग समाज के सभी ब्लॉक के लोगों व पदाधिकारी की उपस्थिति में काँकेर जिले के जिला अध्यक्ष का चुनाव तीन चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में माधेश्वर जैन अंतागढ़ का मनोनयन कर सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस प्रक्रिया को पूर्ण कराने में पर्यवेक्षक के रूप में नीलकंठ शार्दुल जिला अध्यक्ष कोंडागाँव, किशोर दीवान दंतेवाड़ा, रामा साहू सेवानिवृत्त शिक्षक सेलगांव व संरक्षक परिक्षेत्र कोरर की विशेष भूमिका रही सहयोगी के रूप में साहू व डड़सेना कलार समाज के जिला अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

सभा के शुरुआत प्रथम वर्तमान जिला अध्यक्ष जगन्नाथ साहू के द्वारा अपने तीन साल के



अध्यक्षीय सेवा में लगातार गाँव - गाँव भ्रमण कर संगठन को सबके सहयोग से पुनः खड़ा संगठित किया जिसमें सभी ओबीसी भाइयों बहनों का भरपूर सहयोग मिला जिसके बदौलत संगठन को अनेक बार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से शासन के सम्मुख पिछड़ा वर्ग के मांगों को उठाने में सफल रहा इस हेतु उपस्थित सभी जनसमुदाय व जिले के प्रत्येक ग्राम के सभी पिछड़ा वर्ग के लोगों का आभार किया गया तत्पश्चात जिले के संरक्षक मंडल को जिला अध्यक्ष पद से स्तीफा सौपा। स्तीफा पश्चात चुनाव की प्रक्रिया पर्यवेक्षक त्रिय के द्वारा संपन्न कराया गया। इस चुनाव प्रक्रिया में जिला अध्यक्ष हेतु आठ लोगों ने जिला अध्यक्ष हेतु नामांकन भरा जिसमें जिला अध्यक्ष का मनोनयन माधेश्वर जैन अंतागढ़ के रूप में किया गया।

इस चुनाव प्रक्रिया में जिले के वर्तमान पदाधिकारी में सभी ब्लॉक अध्यक्ष भानुप्रतापपुर से अरविंद जैन, चारामा से राजकुमार साहू, काँकेर से धनेश यादव, दुर्गुकोदल से विजय पटेल, साथ ही संरक्षक हरेश चक्रधारी, मनीष योगी, युवराज पटेल, गौरीशंकर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष परमानंद साहू,महा सचिव अशोक यादव,सचिव ईश्वर साहू, कोरर परिक्षेत्र अध्यक्ष दयालु यादव , संगठन मंत्री वेदप्रकाश सिन्हा, अलित जैन, जितेंद्र कुमार साहू, सतत्कार पटेल, राजेन्द्र प्रसाद कटेन्द्र, गुलाब साहू, एल के भरतद्वज, धन्नू साहू, बोधन साहू, लक्ष्मीनाथ, रामसिंह धनकर, विजय पटेल, राजीव श्रीवास, महेश पटेल, रामेश्वर जैन, परमानन्द पाल, निर्मल कुमार जैन, नरेश कुमार, दीपक प्रधान, नंदकुमार जैन, हेमंत यादव, जोहारु राम, दिनेश साहू, दुर्गा प्रसाद जैन, हुक्कूम साहू, गीता राम धनकर, टोमेश साहू, हरिराम साहू, बद्रीनाथ आदि पिछड़ा वर्ग समाज से उपस्थित रहे चुनाव प्रक्रिया व सभा कसंचाल वर्तमान महासचिव अशोक यादव ने किया।

## 150 छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



दबंग दुनिया ♦ बागबाहरा

किताबी पढ़ाई के साथ बच्चों को वास्तविक अनुभव दिलाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा के बच्चों को प्राचार्य जागेश्वर दीवान ने अपनी सक्रिय शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्ग दर्शन में अपनी शाला के 150 छात्र छात्राओं को व्यवसायिक शैक्षणिक भ्रमण करवाया। बच्चो ने सरकारी आई टी आई कॉलेज और पोस्ट आफिस का भ्रमण कर अपने अनुभव को बढ़ाया।बच्चो ने बहुत ही उत्साहित मन से अपने मार्ग दर्शकों के साथ भ्रमण किया। आई टी आई प्राचार्य श्री के.के. गुप्ता जी और प्रशिक्षको ने छात्र छात्राओं को भविष्य से जुड़ने के बहुत से ट्रेडों के बारे में बहुत ही सारगर्भित जानकारी दी, जो छात्र छात्राओ के भविष्य को संवारने में सक्रिय पहल रही। आई टी आई के प्राचार्य गुप्ता सर ने अपने प्रशिक्षकों नरेंद्र पटेल,उमेश वर्मा, कौशल कुमार साहू,देवानंद और भूपेंद्र कश्यप से 1 साल और 2 साल के कोपा कंप्यूटर ,वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन डीजल मैकेनिक और फिटर के कोर्स में किस तरह अपना भविष्य बना सकते हैं, कि जानकारी दी जिसमें बहुत से छात्र छात्राओं ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की और बहुत खुश भी हुए। भ्रमण के दूसरे पड़ाव में बच्चो को बागबाहरा पोस्ट आफिस का भ्रमण कराया गया। कई बच्चो ने पहली बार पोस्ट आफिस देखा।पोस्ट ऑफिस श्री गोकुल प्रसाद पोस्ट मास्टर ने सारी बच्चो से संबंधित और परिवार से जुड़ी योजनाओं के जानकारी के साथ सेविंग एकाउंट खुलवाने के महत्व को बच्चो को बताया गया। साथ ही पोस्ट आफिस के सारी टिकिटों के महत्व और उपयोग के बारे में बच्चो ने जानकारी प्राप्त की। पूरे भ्रमण में शिक्षिका श्रीमती कविता चंद्राकर ,पूजा यादव,शिक्षक श्री दीपेश पटेल ने अपने छात्र छात्राओं को पूरी निगरानी के साथ सक्रिय बनाये रखे। इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण शालाओं में होना बहुत अच्छा प्रयास है जिससे बच्चों को वास्तविक अनुभव मिल सकता है और ऐसे भ्रमण स्कूल से बच्चो को उनके भविष्य बनाने के सफर में सार्थक साबित होते है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता शिव पटेल ने ली भाजपा की सदस्यता



दबंग दुनिया ♦ देवकर/कोदवा

वरिष्ठ भाजपा नेता शिव पटेल को भाजपा नेता सक्रिय सदस्य प्रभारी सुनील सिंह ठाकुर एवं भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग सह प्रभारी राकेश पाण्डेय ने दिलाई सक्रिय सदस्यताभारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता महाअभियान मे एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी में न ए सदस्य जोड़ें जा रहे हैं, वहीं पुराने सदस्यों का भी संगठन में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करना है, भाजपा संगठन के निर्देशों के अनुरूप जिन प्रारंभिक सदस्यों ने अपने माध्यम से भाजपा संगठन में न्यूनतम 100 सदस्यों को जोड़ा है। उन्हें सक्रिय सदस्यों की श्रेणी में रखकर उनके लिए 100 रूपये के रसीद के साथ पार्टी में सक्रिय सदस्य अपने अपने मंडल अध्यक्षों या संगठन के द्वारा नियत किये ग ए पदाधिकारियों के माध्यम से बनाया जाना है, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव पटेल,एंव भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग सह प्रभारी राकेश पाण्डेय ने भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य की रसीद बनाया, भाजपा नेता शिव पटेल ने कहा भाजपा का सक्रिय सदस्य बनना सौभाग्य की बात है,देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना महिलाओं के शा सक्तीकरण की अभूतपूर्व योजना,है,जिले में भारतीय जनता पार्टी के संगठन के मुखिया ओमप्रकाश जोशी के संगठन कौशल के चलते बेमेतरा की तीनों विधानसभा सीट भाजपा ने जीती है।

## सीएम साय की पहल से स्व.जगदेव राम उरांव स्मृति चिकित्सालय का होगा आधुनिकीकरण, 35 करोड़ स्वीकृति

दबंग दुनिया ♦ जशपुरनगर

शहर के गम्हरिया रोड में स्थित वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित स्व जगदेव राम उरांव स्मृति चिकित्सालय का 35 करोड़ 53 लाख की लागत से आधुनिकीकरण होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल एनटीपीसी लारा ने स्वीकृति देते हुए राशि जारी कर दी है। इस अस्पताल के बन जाने से जशपुर और इसके आसपास के ग्रामीण अंचल के रहवासियों को लाभ मिलेगा। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा सालों पूर्व जशपुर में इस अस्पताल का संचालन शुरू किया गया था। यहां जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा परामर्श देने के लिए चिकित्सकों के साथ एक्स रे सहित जांच की अन्य सुविधा उपलब्ध कराया गया है। इस अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। जिले के इस अस्पताल की जीर्णोद्वार और आधुनिकीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। दिसंबर 2023 में विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री का दायित्व सम्हालने के बाद उन्होंनें जिले में चिकित्सा सेवा को सुदृढ़ करने का काम प्राथमिकता से शुरू किया। इसी दौरान वनवासी कल्याण आश्रम के जिला चिकित्सालय के आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव उनके सामने आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएम साय ने रायगढ़ जिले के लारा में संचालित एनटीपीसी के अधिकारियों से चर्चा की। उनके लगातार प्रयास से एनटीपीसी ने वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित इस अस्पताल के जीर्णोद्वार और आधुनिकीकरण के लिए 35 करोड़ 53 लाख रूपए के अनुदान स्वीकृत करने का पत्र जारी कर दिया है। इस राशि से सौ बिस्तर की क्षमता वाले अस्पताल का निर्माण करने के साथ ही उपचार के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों की खरीदी के लिए किया




जाएगा।विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री का पदभार सम्हालने के 10 माह में चिकित्सा सेवा क्षेत्र में जिले को दूसरा बड़ा उपहार दिया है। इससे पहले उन्होनें प्रदेश के पहले बजट में जिलेवासियों की बहुप्रतिक्षित मेडिकल कालेज की मांग की ओर बड़ा कदम बढ़ाते हुए 220 बिस्तर की क्षमता वाले अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल निर्माण की घोषणा की थी। सरकार ने इस अस्पताल के निर्माण के लिए बजट जारी करते हुए,निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही यह अस्पताल आकार लेने लगेगा। आगे चल कर इस 220 बिस्तर वाले अस्पताल को मेडिकल कालेज के रूप में विकसीत करने की योजना तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त जिले इन 10 महिनों में 15 अतिरिक्त एंबुलेंस,मुक्तांजलि वाहन,7 उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नत किए जाने की स्वीकृति,कुनकुरी में डायलिसिस केन्द्र,जिले के प्राथमिक व स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक उपकरणों की खरीदी के लिए अतिरिक्त आबंटन जैसे कई कदम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उठाया है।

## भाजपा की सदस्यता बनाने में जुटे दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्गक्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर....



दबंग दुनिया ♦ उतई

सदस्यता अभियान 2024 और सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों पुरई , धनोरा, उतई, डूमरडीह, कातरों, मातरो, करगाडीह,में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर घर घर पहुंचकर भाजपा के विचारों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को साझा करते हुए क्षेत्रवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया, जिससे संगठन को और मजबूती मिली। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह अभियान एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

**और अपने रेफरल आईडी से दस हजार सदस्य को पूर्ण किया**

**पीढ़ियों की तपस्या का है फल :** इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि आज बीजेपी सबसे बड़ा दल बनी है तो इसमें हमारी कई पीढियां की तपस्या रही है. विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल बीजेपी है. हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती है.

भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है. भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है. हम पिछले कुछ वर्षो का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा. बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है. शासन की योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य जब शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है तो उनका पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है. इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, शुभम वर्मा, करण सेन,कन्हैया साहू, शीतला राजपूत विमला कामड़े, रूपेश पारख, फलेंद्र सिंह राजपूत, पिंटू महेंद्र चोपड़ा,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दीपावली पर्व से पूर्व चमका बाजार, लोगों ने की जमकर खरीदारी



दबंग दुनिया ♦ देवकर

नगर देवकर सहित आसपास के बाजार में दीपावली पर्व से पूर्व लोग खरीदारी कर रहे हैं। इसके कारण बजार में रौनक देखने लायक है वहीं और कपड़े ओर हांटल की दुकानों में जमकर भीड़ पहुंच रही है। लोगों ने जमकर खरीदारी किया।होटल में जहां एक से एक मिठाई तैयार की गई वहीं कपड़े की दुकानों में दुकानदार भी सभी रेंज और वैराटियों की कपड़े लोगों की डिमांड के अनुसार रखे हुए हैं। मिठाई की दुकानों में सुबह से ही खरीदारी करने पहुंचे थे। इस बार स्वीट इंडिया मिठाई दुकान में खोवा की जलेबी वाली मिठाई की बिक्री जमकर हो रही है। सोमवार को दुकान संचालक ने संतोष देवांगन और मिठाई संचालक ओमप्रकाश शर्मा बताया ग्राहकी अच्छी होने से सभी में उत्साह है। मंगलवार को धनतेरस होने के कारण अपेक्षाकृत भीड़ ज्यादा रहेगी लोग भीड़ से बचने के लिए सोमवार को ही खरीदी करने पहुंच गए थे। वहीं स्थानीय सुरही नदी तट पर संतोषी मंदिर के सामने में पटाखा बाजार सजकर तैयार हो गई है और सोमवार की शाम से पटाखे की बिक्री भी शुरू हो गई है। इस बार मैदान में 10/12 दुकानें लगाई गई है।

बच्चे और युवा अपनी पसंद की खरीदी कर रहे हैं। पटाखे के व्यापारियों ने बताया कि इस बार दीपावली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग बड़ी उत्साह से पटाखे की खरीदी कर रहे है। व्यापारियों ने बताया कि पर्व को लेकर लोगों की डिमांड के अनुसार सभी रेंज की पटाखे और फूलझाड़ियों , चकरी, लाइट, राकेट, अनार सहित डबल आवाज, डबल बूम , सांप गोली, लाल पैकेट वाली छोटी बड़ी पटाखे सभी रेंज के उपलब्ध है।

## सरसीवा रोड में मरम्मत का कार्य हुआ शुरू

**सरायपाली।** विगत 25 अक्टूबर को सरायपाली से सरसीवा पहुंच मार्ग की दुदर्शा का खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद लोक निर्माण विभाग ने मामला को गंभीरता से लेते हुए 27 अक्टूबर से मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। जिससे अब थोड़ी बहुत राहत राहगीरों को धुल व गड्ढो से मिलेगी और एक्सीडेंट का खतरा भी कम होगा। बता दें सरारपाली से सरसीमा पहुंच मार्ग में हजारों गड्ढे देखे जा सकते थे,जो बारिश के दिनों में कीचड़ से लोग परेशान रहते थे, बारिश थमने के बाद धूल से,बर्षात में सरसीवा रोड मुख्य मार्ग में पानी भर जाता था,गड्ढे पानी भरने से बड़े आकार में तब्दील हो जाते थे और जैसे ही बारिश की विदाई हुई धूल के गुब्बार से राहगीर परेशान थे। ग्रामीणों के द्वारा सागरपाली में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री को इसी मार्ग में गुजरते समय भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के द्वारा जर्जर सड़क के खस्ता हाल के बारे में अवगत कराया गया था, और अच्छी तरह से मरम्मत का कार्य करवाने की मांग की गई थी, पश्चात वैकल्पिक तौर पर जगह-जगह गड्ढे में रिपेयरिंग किया गया था, लेकिन सही तरीका से रिपेयरिंग न करने के कारण उखड़ गया था।

## नवागढ़ क्षेत्र में अलग-अलग जगहों से 14 जुआरियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ क्षेत्र में अलग-अलग जगहों से 14 जुआरियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन पर दीपावली के अवसर पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना नवागढ़ प्रभारी निरी. भास्कर शर्मा के नेतृत्व में थाना नवागढ़ क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग/रात्रि गश्त के दौरान छापा मारा गया। इस कार्यवाही के दौरान थाना नवागढ़ क्षेत्र के तेंदुआ, धाराशिव, सेमरा से 14 लोगों को जुआ खेलते हुए पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्यवाही किया गया।

## यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन 2 को

**सरायपाली।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी यादव समाज सरायपाली द्वारा 2 नवम्बर दिन शनिवार को वार्ड क्रमांक 12 उड़िया पारा सरायपाली मे गिरि गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है,जिसमे पूजन सुबह 8 बजे से, सुबह 11 बजे युवाओ द्वारा बाइक रैली , दोपहर 2 बजे सामाजिक बंधुओं द्वारा नगर भ्रमण,शाम 7 बजे भण्डारा , सांस्कृतिक कार्यक्रम अचर्ना पाढ़ी स्टार नाइट (अर्केष्ट्रा] का आयोजन नया मंडी सरायपाली मे किया जाएगा। यादव समाज के संयोजक नरेन्द्र कुमार यादव, युवा अध्यक्ष पवन यादव, हितेश यादव पार्षद, जय यादव कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष बिरेंद्र यादव, महेंद्र यादव महामंत्री, प्रदीप यादव, संजय यादव, जितू मटारी, करन यादव, टिंकू यादव, मोहन यादव, रामलाल यादव, शंकर यादव, देवेश यादव, जितेंद्र दीप, लोकेश बगर्ती, संजू यादव, कमल यादव, रिकू यादव, अंशु यादव, धनंजय यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार राजू यादव, तुषार यादव, इशान यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, मयंक यादव, संजय यादव, धर्नजय यादव, राजेश यादव, बृजेश यादव सरपंच भठोरी बिहारी ढाबा बसना आदि द्वारा अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या मे श्रद्धालु भक्तगण एवं सामाजिक बन्धु पहुँच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## कर्मवीर संगठन की रितु ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

» सवा दो घण्टे मकरासन स्थिति में रहकर कातरों की रितु ने रचा कीतिर्मान, योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मे नाम दर्ज

दबंग दुनिया ♦ उतई

उतई नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग से सम्बध्द उतई क्षेत्र ग्राम कातरो का सक्रिय सामाजिक संस्था कमर्वीर युवा संगठन की कायर्कारिणी सदस्य रितु कुम्भकार ने लगातार 2 घंटे 10 मिनट मकरासन योग की स्थिति में बने रहकर योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया।

कमर्वीर युवा संगठन के संयोजक जितेंद्र सोनी ने बताया रितु कुम्भकार मकरासन में लगातार 2 घण्टे 10 मिनट तक स्थिर रहने वाली विश्व की पहली बेटी है। रितु योग के क्षेत्र में बचपन से ही रुचि रखती है और लगातार सरल से लेकर कठिन योगासनों का अभ्यास करती है। योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के संस्थापक एवं निदेशक राकेश भारद्वाज ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर रितु के नाम




वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने की घोषणा की। रितु के इस उपलब्धि ने कातरो सहित आसपास के युवतियों व युवकों को योग के प्रति आकर्षित किया है और गांव का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है।

कमर्वीर युवा संगठन की सदस्य एवं वर्ल्ड रिकॉडर्धारी रितु कुम्भकार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वे योग के लिए शुरुआत से ही अभ्यास करती रहीं है लेकिन उनके योग प्रशिक्षक हिमांशु केसरवानी से वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में अप्रैल में पता चला तो और भी कड़ी मेहनत शुरू कर दी। वह रोज सुबह 4 से 7 बजे तक लगातार मकरासन का अभ्यास करती थी। शुरुआत में ही 30 मिनट स्थाई अभ्यास के साथ शुरू हुई मेहनत 3-4 महीने में ही सवा दो घंटे का स्थाई अभ्यास होने लगा। इस मेहनत ने उसे लांगेस्ट यंगेस्ट एचीवर योगा वर्ल्ड रिकॉर्ड कैटेगिरी में अपना नाम दर्ज कराया। इस उपलब्धि के लिए अपने योग गुरु हिमांशु केशरवानी व कमर्वीर युवा संगठन कातरो के साथ माता देवंतीन बाई एवं पिता चम्पालाल कुम्भकार को दिया है। साथ ही सभी प्रसंशकों एवं शुभकामना देने वालों का आभार व्यक्त किया। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के दौरान स्वयं उपस्थित होकर साक्षी बने। उन्होंने रितु को उसके लगन और मेहनत की सराहना करते हुए युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया कहा रितु की उपलब्धि ने हम सबको योग के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रितु और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी कहा रितु की कड़ी मेहनत ने ग्राम कातरो को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है।

जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर ने कातरो की बेटी ने नया कीतिर्मान स्थापित कर समाज को बताया है कि बेटी किसी से कम नहीं है वह सब कुछ कर सकती है। रितु अन्य लड़कियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

रितु के इस उपलब्धि के लिए कमर्वीर युवा संगठन और शौर्य युवा संगठन के सभी पदाधिकारी, ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, एनवाईके दुर्ग के सलाहकार आदित्य भारद्वाज, शुभम सोनी, केवल देवांगन, मनीष, देवेंद्र, श्रीकांत, ऋषि साहू, ऋषि देवांगन सहित ग्राम व क्षेत्र के लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

Scanned with OKEN Scanner

# चार लाख रुपयों के उपहार पाकर खिले स्नेह के बौद्धिक दिव्यांगजनों के चेहरे

## 175 बौद्धिक दिव्यांग जनों एवं 40 प्रशिक्षकों को वितरित किये

दबंग दुनिया ● नागदा







लायंस आफ नागदा की स्थायी परियोजना एवं देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था के राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित संस्था स्नेह में दीपावली उपहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को लायंस हॉल में किया गया। स्नेह के परियोजना अधिकारी विप्लव चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना तथा स्नेह के बच्चों ने प्रार्थना गीत की प्रस्तुति के साथ किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नागदा खाचरौद विधयाक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गहलोत, ग्रासिम यूनिट हेड शांतनु कुलकर्णी, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुलतान सिंह शेखावत, पूर्व विधायक लाल सिंह राणावत, दिलीप सिंह शेखावत एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा तथा लायंस क्लब अध्यक्ष अशोक बिसानी उपस्तिथ थे जिनका स्वागत स्नेह के स्टाफ द्वार किया गया।

स्नेह संस्थापक डॉ. पंकज मारू ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि विगत ढाई महीने में स्नेह के बच्चों एवं सेल्फ एडवोकेट्स द्वारा अपने प्रशिक्षकों के सहयोग से 60000 कलात्मक दीपकों का निर्माण आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किया गया था जिन्हें देश भर में विक्रय किया गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पुनर्वास के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए स्नेह के दिव्यांगजन, वोकेशनल विभाग में किस प्रकार दीपकों का निर्माण करते हुए आत्मनिर्भर बनने की और कदम बढ़ा रहे है, वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। उन्होंने बताया स्नेह दीप इस वर्ष देश के प्रमुख शहरों के साथ साथ अमेरिका भी भेजे गए। दीपकों को शहर के सभी उद्योग समूहों, व्यापारियों एवं स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी खरीदे व इसके साथ ही दीपकों को देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, केबिनेट मंत्रियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, तीनो सेनाओं के प्रमुख सहित प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत सीईओ को उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की और से प्रेषित किये गए। दीपकों की बिक्री से प्राप्त आय से 175 बच्चों एवं 40 प्रशिक्षकों को उनकी पसंद के नए कपडे, मिठाई एवं पटाखों के साथ साथ बोनस का वितरण भी किया गया। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में दीप पर्व की शुभकामनाये प्रेषित करते हुए स्नेह के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर स्नेह दीप के नवीन बॉक्स का विमोचन भी अतिथियों ने किया।

इस अवसर पर केमिकल डिविजन के अजय नागर, ग्रासिम के अशोक शर्मा, अजय महेश्वरी, बंधन बैंक के गोपाल यादव, वीरेंद्र मालपानी, विजय पोरवाल, सुरेन्द्र सिंह चौहान, राजेश मोहता, झमक राठी, सतीश बजाज, झमक राठी, निर्मल जैन, राजेश इंद्र, राजेश धाकड, सुबोध स्वामी, मुकेश राठौर, आशीष पोखरना, शरद जैन, मनीष चपलोत, कमल जैन सहारा, श्रेणिक जैन बच्चो के अभिभावकगण, स्नेह स्टाफ, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्तिथ थे। कार्यक्रम का संचालन स्नेह के उप निदेशक महेशचंद्र राठौड़ ने किया एवं आभार विनय राज शर्मा ने माना।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव




**महिदपुर।** सेंट जोसफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, महिदपुर में दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक फादर जार्ज वडक्केल, प्राचार्य सोबी थोमस सर एवं उप प्राचार्य अनिश थोमस सर एवमं शिक्षक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा 11 वीं की छात्रा अदिति राठौर ने स्वागत भाषण दिया। छात्रो की ओर से कक्षा छठी की छात्रा देविका डोडिया ने दीपावली भाषण प्रस्तुत किया। शिक्षक दिलीप यमलंब ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्रो को दीपावली के महत्व से अवगत कराया। नन्हे-नन्हे छात्रो का नृत्य आर्कषण का केन्द्र रहा। विद्यालय प्रबंधक फादर जार्ज वडक्केल ने अपने उद्बोधन में दीपावली पर्व की सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए बताया कि यह प्रकाश पर्व सत्य की विजय के साथ जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के निर्वाण का भी पर्व है। साथ ही छात्र-छात्राओ को सुरक्षित रह कर दीपावली मनाने का आग्रह किया। विद्यालय प्राचार्य सोबी थोमस सर ने सभी छात्रो को दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित की। अंत में मिष्ठान्न वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जिनदत्त विद्यालय ने मनाई सार्थक दिपावली




**महिदपुर।** नगर के प्रज्ञा शिक्षण समिती द्वारा संचालित जिनदत्त विद्यालय में म.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार धार्मिक उत्सव आयोजन की कड़ी मे सार्थक दिपावली मनाई गई। जिनदत्त विद्यालय ने दिपावली के अवसर पर नगर के महालक्ष्मी मंदीर (देवीजी) मे लगभग 150 बच्चों के साथ मिठाई एवं पटाखे वितरण किये साथ ही विद्या भारती के द्वारा संचालित बालवाड़ी मे लगभग 110 बच्चों को मिठाई एवं पटाखे वितरण किये एवं स्थानिय झारड़ा कटन पर स्थित गौशाला में गॉयो को हरा चारा, गुड़, पशुआहार खली, चापड़, रोटी, तथा श्वानों को बिस्कीट एवं पक्षियों को ज्वार दाना से आहार करवाया गया इस प्रकार से दिपावली मनाने के पिछे जिनदत्त विद्यालय के संचालक संदीप चैपड़ा, प्रज्ञा चैपड़ा का उद्देश्य विद्यार्थियों को जरूरतमंद लोगो के बिच ले जाकर सार्थक दिपावली मनवाना जिससे विद्यार्थी अपने से निचे तबके वाले लोगो की समस्याओं को समझ सके एवं मदद कर सके इस अवसर पर सेवा भारती के डॉ. विमल पाठक एवं सतपाल भाई साहब ने अपने उद्बोधन मे कहां की जिनदत्त विद्यालय के संचालक संदीप चैपड़ा, प्रज्ञा चैपड़ा एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा जो सार्थक दिपावली मनाने का प्रयास किया गया यह नगर के किसी भी विद्यालय के द्वारा र्पथम प्रयास है एवं विद्या भारती परिवार इसके लिये जिनदत्त विद्यालय परिवार का हृदय से आभारी है।

# पटाखे, नई ड्रेस, मिठाइयां एवं गिफ्ट पाकर खिले बच्चों के चेहरे

दबंग दुनिया ● नागदा




सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर लगातार तीसरे वर्ष भी गोद ली गई 31 बालिकाओं जिसमें 25 नागदा की 5 महिदपुर रोड की 1 खाचरोद की बालिका को नई ड्रेस, किराना सामान किट, पटाखे, मिठाई, रंगोली कलर एवं दीपक का वितरण किया गया जिससे जरूरतमंद बालिकाएं एवं उनके परिवार भी अच्छे से दीपावली मना सके।

संस्था अधिकारी द्वारा बताया गया सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा लगातार प्रत्येक त्यौहारो पर, शिक्षण व बीमारी में हर तरह से बालिकाओं का ध्यान रखती है। इन बालिकाओं के पिता नहीं है और किसी-किसी की तो माता-पिता दोनों ही नहीं है। ऐसे में ना तो यह बच्चे पटाखे खरीद पाते हैं और ना ही कपड़े खरीद पाते हैं। यहां तक कि उनके घर में राशन लाने का सामान तक नहीं होता है। इनकी मां छोटे-मोटे काम कर कर अपने घर चला रही है।

संस्था हर त्योहार पर छोटी से छोटी मदद करने का प्रयास करती है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्रीमती बबीता रघुवंशी, एसआई योगिता उपाध्याय रही। कार्यक्रम में नए सदस्यों प्रमिला रघुवंशी, योगिता विश्वकर्मा, श्यामल पोरवाल, जागृति राठौड़, सौरवी भदोरिया, उमाजी रघुवंशी, अनीता शर्मा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्था अधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रही।

## प्रदेश के साढे चार लाख पेंशनरों को दिपावली पर निराश किया सरकार ने

दबंग दुनिया ● नागदा

मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया मोहन यादव द्वारा प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है, जबकि प्रदेश के 4 लाख 50 हजार पेंशनरों को इस घोषणा में शामिल नहीं कर पेंशनरों को निराश किया है। मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष स्वरूप नरायण चतुवेर्दी ने प्रेस बयान में बताया कि देश के अन्य राज्य जिसमें छत्तीसगढ, राजस्थान, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, आसाम व अन्य प्रदेशों में सरकार द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पेंशनरों को भी 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया गया है। जबकि मध्यप्रदेश के पेंशनरों को 46 प्रतिशत दिया जा रहा है। वही केन्द्र सरकार के अधिकारियों, कर्मचारियों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा भेदभाव किए जाने तथा पेंशनरों को 4 प्रतिशत डीए का लाभ नहीं दिया जाना एक तरह से दोयम दर्जे का व्यवहार किए जाने के समान है। श्री चतुवेर्दी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री यादव से मांग की है कि राज्य अधिकारियों, कर्मचारियों के समान ही पेंशनरों को समान रूप से महंगाई भत्ता दिया जावे।

## नि शुल्क साइकिल मिलने पर छात्र छात्राओं के खिले चेहरे



**कायथा।** राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय पिपलिया कायथा में साइकिल वितरण किया गया।सरकार ने सरकारी स्कूलों मे पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को सरकारी स्कूलो से जोड़ने तथा उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निः शुल्क साइकिल वितरण योजना प्रारंभ की विद्यार्थी दूरी की वजह से विद्यालय नहीं पहुंच पाते स्कूलों मे आने जाने मे दिक्कत होती है इन्ही सब बातों को लेकर सरकार ने विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क साइकिल वितरण योजना प्रारंभ की शासकीय माध्यमिक विद्यालय पिपलिया कायथा मे बाहर गांव से आने वाले 15 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण सरपंच स्वरूप पांडे (गुड्डू भैया ) के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष वासुदेव पांडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ साइकिल मिलने पर छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी इस अवसर पर सरपंच द्वारा छात्रों को स्कूल आने हेतु प्रेरित किया गया तथा साइकिल का महत्व बताया गया कार्यक्रम में पूर्व संस्था प्रधान जगदीश चंद्र परमार तथा संस्था प्रभारी प्रभुलाल नवरंग,मुन्नालाल मालवीय,दुर्गेश बाली तथा अतिथि शिक्षक हितेश कुमार,श्रीमती रत्ना जाट शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह,बने सिंह तथा बाबूलाल टेलर उपस्थित थे।

# नरक चतुर्दशी पर दीप यदि श्राद्ध कर पितरों को प्रसन्न करने देव दिवाली मनाएंगे

दबंग दुनिया ● नागदा

**30 अक्टूबर प्रातः 4.30 बजे से शुरू कर ब्रह्म मुहूर्त मे पुण्यदायिनी चंबल तट पर दीप यादि श्राद्ध एवं तर्पण कर पितरों के मोक्ष की प्रार्थना कर बहते जल में पिंड विसर्जित करेंगे**

पितरों के जाने-अनजाने में किए गए शुभ-अशुभ कर्म का प्रायश्चित नरक चतुर्दशी श्राद्ध पर पण्डित अजय, दीपक पण्ड्या एवं पंडित अजय पंड्या द्वारा निःशुल्क अनुष्ठान जन कल्याण हेतु वैदिक नीति से कराया जाएगा। विगत कई वर्षो से ये अनूठी शास्त्रोक्त पद्धति का प्रचलन जल कल्याण हेतु शुरू किया गया है। पितरो के निमित्त कथा, श्रीमद् भागवत पुराण में है। विगत 3 वर्षो से प्रत्येक कार्तिक माह की रूप चौदस पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त मे करवाया जा रहा है और इस वर्ष भी 30 अक्टूंबर को प्रातः 4.30 बजे से 6 के मध्य मुक्तेश्वर मन्दिर प्रांगण नागदा में करवाया जायेगा।

आचार्य पंडित पंड्या द्वारा बताया गया की दीप यादी श्राद्ध वह श्राद्ध है, जिससे यम धर्मराज प्रसन्न होते है। पितर के द्वारा किए गए गुप्त से गुप्त कर्म, पाप कर्म एवं अनेक प्रकार के इम ऐसे कर्म होते है जिनका प्रायश्चित या तो करने मे नहीं आता है, या समय-समय पर हो नहीं पाता है। उन पितर परिवार के पुत्र या परिवार के सदस्य यह उत्तम कर्म करे तो मृत प्राणी को सद्गति एवं वेकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। मनुष्य का किया गया शुभ- अशुभ कर्म ही उसके सुख और दुख का कारण होता है, जिसके बारे मे गरुण पुराण मे लिखा है। इस श्राद्ध को करने हेतु पूजन सामग्री में 4 गन्ने, पानी कि छोटी कुल्लड़ 6 नग, चाँदी का दिया छोटा 1, ताम्बे का दिया 5 नग, मिटटी के दिए 16 नग, लम्बी रुई कि बत्ती 16 नग, फुल बत्ती रुई कि 6 नग, छोटी थाली 2 नग, एक परात (स्टील कि आटा लगाने वाली या ताम्बे का तरबाना), लोटा 1 नग, पानी कि बाल्टी 1 नग, काले तिल, जों, अबीर, चन्दन, हल्दी, हल्दी वाला कुमकुम (रोली कुमकुम), 5-5 के, फुल 5 रुपए के, मिठाई 50 ग्राम, दोने 6 नग, धानी, बताशे 5 रुपए के, पितरो के उत्सव को बनाने के लिए, फुलझड़ी, चकरी, अनार, फटाका के एक पेकेट उत्सव बनाने के लिए, तेल की शीशी 1 मीठे तेल की घी 200 ग्राम।

शीत ऋतु के कारण स्वयं के उपयोग हेतु, अपने घर से साल, स्वेटर, दरी, आसन, ऊनि टोपा लावे। कार्य 30 अक्टूंबर को प्रातः 4.30 बजे से 6 के मध्य किये जायेगा। निःशुल्क अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए मोबाइल नंबर 8966082516, 9713708673, 9826411331 पर संपर्क किया जा सकता है। दीपावली 31 अक्टूबर को बनाई जाएगी एवं बिना जानकारी के कोई कार्य न करे। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

## सामाजिक नारी संगठन द्वारा रांगोली प्रतियोगिता 30 अक्टुबर बुधवार को

दबंग दुनिया ● नागदा



सामाजिक नारी संगठन द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन अवसर पर रूप चतुर्दशी 30 अक्टुबर बुधवार को रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। विगत 8 वर्षो से सामाजिक नारी संगठन वार्ड नं. 16 में प्रतियोगिता आयोजित करती आ रहा है।

संयोजक सीमा सारस्वत ने बताया कि इस वर्ष रांगोली प्रतियोगिता में जल बचाओ व पेड़ बचाओ पर्यावरण विषय को लेकर रखी गई है। आज के समय में जल का दुरूपयोग अधिक मात्रा में हो रहा है व पेड़ो की कटाई अधिक होने के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर रांगोली प्रतियोगिता में विषय निर्धारित किया गया। जिसके लिए टोकन वितरण का कार्य आज से प्रारम्भ किया गया।

प्रतियोगिता में वार्ड नं. 16 पाडल्या रोड, पटेल गली, देवाटाप की गली के प्रतियोगी भाग ले सकते है। रांगोली प्रतियोगिता में देवी-देवताओं के चित्र मान्य नहीं होंगे। रांगोली अपने-अपने घरो पर निर्धारित समय पर बनाना होगा। जिसके लिये समिति ने प्रथम पुरस्कार पार्षद अंतिम मावर, द्वितीय दो पुरस्कार आशीष व्होरा पूर्व पार्षद, तृतीय दो पुरूस्कार सज्जनश्री आटो मोबाईल व रूपश्री सौन्दर्य के सहयोग से चतुर्थ पुरूस्कार तीन गुलजारीलाल त्रिवेदी, दो पुरूस्कार बान कंस्ट्रक्शन, चार पुरूस्कार जैन सोश्यल ग्रुप के सहयोग से, पांच सांत्वना पुरूस्कार सत्यसांई कान्वेंट स्कूल, तीन सांत्वना पुरूस्कार सुनील त्रिवेदी, पांच पुरूस्कार पंकज नामदेव, पांच पुरूस्कार राधा पांचाल, पांच पुरूस्कार आशीष कोठारी, पांच पुरूस्कार पुरूषोत्तम पुरोहित एवं 11 पुरूस्कार राहुल जायसवाल के सहयोग से रखे गये।

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु निशा पाल, शकुन्तला मकवाना, सरोज मकवाना, सीमा बिफोर, ममता पांचाल, राखी सेठिया, किरण रघुवंशी, आशा पोरवाल, माया कछावा, ऋतु पाण्डेय ने अपील की है। पुरूस्कार वितरण दिनांक 1 नवम्बर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे गौशाला पाल्या रोड पर वितरीत की जावेगी।

## शेषशायी कॉलेज में रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

दबंग दुनिया ● नागदा



रोटरेक्ट क्लब ऑफ शेषशॉयी कॉलेज नागदा के द्वारा रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्याथीर्यों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यशोदा चौहान रहीं एवं द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी कल्याणे व तृतीय स्थान पर वैष्णवी पाठक, रितिका पाटीदार, शीतल महानन्द एवं नन्दनी मोदी रही। सभी विद्याथीर्यों को प्राइज देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज का स्टाफ एवं विद्यार्थी सहित रोटरेक्ट पदाधिकारी मौजुद रहे। निर्णय सतीष गंगवाल द्वारा किया सभी का आभार कॉलेज संचालक धर्मेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया।

## स्कूली छात्र छात्राओं को बांटी सायकिलें



**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा कन्या हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को सोमवार को जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ,पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौ? हान अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी, जनपद शिक्षा समिति के पदेन सभापति जनपद उपाध्य क्ष किशन सिंह तंवर, जिला पंचायत सदस्य दलजीत कौर गुर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बाबू दास बैरागी, सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण पाटीदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप व्यास, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरत शर्मा, जनपद सदस्य कुलदीप सिंह राठौड़, पंचायत झुटावद सरपंच,शि वलाल सोलंकी, नगर अध्यक्ष रमेश मीणा, राजेश कांठेड़ आदि उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत प्रभारी प्रा चार्य शिवनारायण बामनिया, अशोक पोरवाल ,विमल सूर्यवंशी, अनिल सेठिया, बंसीलाल सोलंकी, शांति सूर्य वंशी ,संगीता पासी आदि ने किया। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी के 65 छात्र-छात्राओं को तथा कन्या हाई स्कूल की 61 स्कूली छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई कार्य क्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अशोक पोरवाल ने किया तथा आभार ज नपद सदस्य रीता बडगूजर ने माना।

## नपा दीपक बेचने वालो से वसूली नहीं करेंगी-नपा अध्यक्ष गेहलोत

**नागदा।** नगर पालिका परिषद नागदा कि अध्यक्षा श्रीमति संतोष ओपी गेहलोत द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के निदेर्शानुसार व्होकल फॉर लोकलह्व को बढ़ावा देने के लिए आगामी दीपावली पर्व पर नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा गया है कि नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आकर छोटे फूटकर लोकल दुकान वाले, मिट्टी के दीपक,पोस्टर, फूंदे आदि बेचने के लिए आने वाले दूकानदारो से 28 से 31 अक्टूंबर तक नगर पालिका नागदा द्वारा समस्त प्रकार की बाजार बैठक कि राशि वसूल नहीं किए जाये साथ ही इन दुकानदार को उनके व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए नगर पालिका की और से यथासंभव मदद की जाए ताकि इनका व्यापार व्यवसाय में वृद्धि हो सकी। वहीं इस बात पर भी ध्यान जाए कि उन्हें कोई अव्यवस्था न हो। साथ ही वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए नपाध्यक्ष ने शहर वासियों से अपील की कि वे स्थानीय दुकानदारों से और लोकल प्रोडक्ट और स्थानीय उत्पाद ही उपयोग में लाएं।

# बाजार हुआ गुलजार आज होगी धन की वर्षा, दीपावली को लेकर बाजार में दिखने लगी रौनक

## खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़ सजने लगी दुकानें

दबंग दुनिया ● सारंगपुर

दीपावली पर्व को अभी चार दिन का समय है, लेकिन बाजार में पर्व की रौनक दिखने लगी है। वही बाजार में दुकानें सजने लगी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना जाना भी शुरू हो गई है। मौजूदा स्थिति में कपड़ा किराना बाजार में जमकर खरीदी हो रही है। साथ ही सोने-चांदी की पूछपरख कम होगई है। इसी तरह रंगबिरंगी सिरीज झालर,पट्टे डेकोरेट लाइट वहीं मिट्टी के दीये की बिक्री ने भी जोर पकड़ लिया है।

दीपावली पर्व की शुरूआत आज धनतेरस 29 अक्टूबर से होगी। 30 को नरक चौदस और 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा (मुख्य दिवाली) का पर्व मनेगा। वही एक नवंबर को गोर्वधन पूजा और दो नवंबर को भाईदूज मनेगा। उत्साह, उमंग के इस त्योहार को मनाने की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

इसी के तहत बाजार में रौनक लौट आई है और लोगों का पर्व को लेकर उत्साह देखकर दुकानदार भी खुश नजर आ रहे हैं। क्योंकि सुबह से बाजार में भीड़ उमड़ रही है और लोग अपने-अपने स्तर पर खरीदारी भी शुरू कर दी है। ऐसे में व्यापारियों को भी समझ में आगया है कि इस बार दीपावली के लिए बाजार में चमक आने लगी है।इन बातों को ध्यान में रखते हुए दुकानों की सजावट भी शुरू हो गई है। साथ ही दीपावली से संबंधित दुकानों में भीड़ उमड़ रही है। आने वाले दो से तीन दिनों के बाद बाजार में और भी भीड़ उमड़ेगी जो पूरे पर्व तक रहेगा।



### बनने लगी है मिठाई व पकवान

दीपावली पर्व को लेकर मिठाई दुकानदारों में भी तैयारी तेज हो गई है। शहर के सभी छोटे-बड़े मिष्ठान दुकानों पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट मिठाई बनने लगी है। दिवाली में काजू बर्फी, काजू,गजक,काजू चाकलेट बर्फी,पिस्ता बर्फी, गुलाब जामुन और केसर,लडडू के साथ कई प्रकार नमकीन सहित अन्य प्रकार की मिठाइयों की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है।

### कपड़ा बाजार में रौनक

कपड़ा बाजार में अभी से रौनक आ चुकी है। इसकी मुख्य वजह यह है कि पर्व के दौरान इन कपड़ों दुकानों में इतनी अधिक भीड़ रहती है कि मनपसंद रेडीमेंट कपड़े मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में लोग पर्व के लिए अभी से कपड़ो की खरिदारी कर रहे हैं, ताकि पर्व के दौरान शादी-ब्याह में उन्हें छटे हुए कपड़ा न खरीदना पड़े।

### सोना-चांदी व आभूषण बाजार भी है तैयार

सोना-चांदी व अन्य प्रकार की आभूषण की पूछपरख अभी कुछ कम होने लगी है। हालांकि ज्यादातर लोग धनतेरस के दिन सोना-चांदी खरीदते हैं पर अभी अपने पसंद के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण बुक नहीं कराये जा रहे है। वहीं खरीदी धनतेरस को की जाएगी। इस बार ज्वेलर्स वाले कम खुश नजर आ रहे हैं। सारंगपुर सराफी ऐसोसिएशन के अध्यक्ष यशवंत सोनी पटेल ने बताया कि सोने चांदी के भाव में प्रतिदिन उतार चढ़ाव आ रहा है इस कारण ग्रहाकी सुस्त नजर आ रही है आज भी इंदौर सराफा में चांदी पाट के भाव 98000 प्रति किलो एवं कैडबरी सोना 81हजार 200 सौ के लगभग बिक रहा है ऐसे में ग्रहाक को आभूषण काफी महंगे पड़ रहे हैं सोने के आभूषण 74000 हजार रुपए पर पति 10 ग्राम के भाव है एवं चांदी के आभूषणों का 80 से 85 हजार की 100 ग्राम के मान से बेची जा रही है।

### बर्तन बाजार

नगर के प्रमुख बाजारों में बर्तन व्यापारियों का भी एक वर्चस्व है जो काफी अच्छा माना जाता है बर्तन व्यापारी नूर मंसूरी बंसीलाल पुष्पद ने बताया कि इस बार भाव की बाधक के कारण हमारे व्यापार में भी कुछ मंदा पर नजर आ रहा है लेकिन हमने भी फैंसी आइटम आकर्षक डिजाइन के बर्तन घरेलू आइटम लाकर रखे हैं हम भी धनतेरस का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि धनतेरस पर अधिकांश ग्रहणीय बर्तन खरीद कर धनतेरस का त्यौहार मनाती है

### आटो मोबाइल सेक्टर में तेजी

आटो मोबाइल लाइन में अभी से तेजी आ गई है। दो-पहिया वाहन से लेकर चार पाहिया वाहन पहले से बुक कराए जा चुके हैं। गाड़ी खरीदने के लिए लोगों को मशक्कत करना पड़ रहा है। हालत यह है कि अभी ग्राहकों के पसंद के अनुसार से गाड़ी के कलर नहीं मिल पा रहे है। ऐसे में जो भी गाड़ी मिल रही है, उसे बुक कराया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

## सार.समाचार

### सरदार पटेल पार्क में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ आज

भोपाल. दबंग दुनिया। मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 29 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। मंत्रालय सहित सतपुड़ा, विंध्याचल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री दिलाएंगे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

भोपाल. दबंग दुनिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे। साथ ही रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाली रन फॉर यूनिटी इस बार 29 अक्टूबर को आयोजित करने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। इस वजह से 29 अक्टूबर को रन ऑफ यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने और देश की एकता के मंत्र के साथ ही फिटनेस के मंत्र को भी हर तरफ फैलाने की अपील की है। राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाली शपथ और रन फॉर यूनिटी के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिलों में भी इन आयोजन को और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है। जिन जिलों में विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, वहाँ आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में टीटी नगर खेल स्टेडियम में जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में रन फॉर यूनिटी का रूट तय किया गया है कि खेल स्टेडियम से कमला नेहरू स्कूल होकर टॉप एण्ड टाउन, रोशनपुरा चौराहा से वापस अपैक्स बैंक होते हुये खेल स्टेडियम पर समापन होगा। रन फॉर यूनिटी में हजारों की संख्या में युवा, खिलाड़ी, कोच, स्कूली बच्चे, टीचर्स आदि शामिल होंगे। बैठक में संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता, उप सचिव संजय सिंह, संयुक्त संचालक खेल बीएस यादव और स्कूल शिक्षा, नगर निगम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### निःशक्तजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना ऑनलाइन : मंत्री

भोपाल. दबंग दुनिया। सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन की शिक्षा में बाधाओं को कम करने और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है। विभाग द्वारा दिव्यांगजन को सुविधा की दृष्टि आवेदन प्रक्रिया को स्पर्श पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर दिया गया है। दिव्यांगजन 31 अक्टूबर 2024 तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयुक्त सामाजिक न्याय डॉ. आरआर भौसले ने बताया कि दिव्यांगजन को शिक्षा और तकनीकी की सहायता से सशक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना की क्रियान्वयन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। इसके तहत एनआईसी मप्र के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर नई प्रणाली विकसित की गई है। छात्र 31 अक्टूबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं और 15 नवंबर तक इन आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। पात्र छात्रों को 3 दिसंबर 2024, विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में लैपटॉप या मोटराइज्ड साइकिल वितरित किए जाएंगे।

## जलवायु परिवर्तन के लिए वैश्विक प्रयास पर संगोष्ठी

# सौर ऊर्जा उत्पादन में सर्वाधिक योगदान देंगे : मुख्यमंत्री यादव

### भारत की प्रतिबद्धता में राज्यों का योगदान पर विमर्श और राष्ट्रीय संगोष्ठी

दबंग दुनिया ◆ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यावरण आज सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय है। वसुधा को बचाने का कर्तव्य हम सभी को निभाना है। भारत की पहचान दुनिया में प्रकृति और पर्यावरण को बचाने के संदर्भ में भी बनी है। प्रकृति और प्रगति में समन्वय आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी सारे विश्व में अपने सक्षम नेतृत्व से भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। पर्यावरण के प्रति उनकी चिंता इस बात से सिद्ध होती है कि वे वर्ष 2030 तक भारत द्वारा 500 गीगावाट नवकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। निश्चित ही हम कार्बन उत्सर्जन में एक बिलियन टन की कमी लाने में सफल होंगे। पर्यावरण की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण संकल्प है। इसकी पूर्ति के लिए राष्ट्रवासी भी सहयोग कर रहे हैं। मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प के अनुसार सौर ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रदेश अधिक से अधिक योगदान देगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में जलवायु परिवर्तन के लिए वैश्विक प्रयासः भारत की प्रतिबद्धता में राज्यों का योगदान? विषय पर आयोजित विमर्श सत्र एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रह थे। इसका आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण संस्थान (एग्पा) और मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद ने नर्मदा समग्र संस्था पैरवी और सिकोइडिकोन संगठन के सहयोग से किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया जिस दौर से गुजर रही है, उसमें हमारी भारतीय जीवन पद्धति, हमारी मान्यताओं और परमात्मा एवं प्रकृति से जुड़ने के हमारे मूल दृष्टिकोण का अपना महत्व सामने आता है। एक श्रेष्ठ जीवनशैली के लिए भारतीय जाने जाते हैं। खान-पान और जल की शुद्धता के लिए हम गंभीर हैं। मध्यप्रदेश पर परमात्मा की विशेष कृपा है। जहाँ हमारा देश मानवता प्रेमी है, वहीं पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता के लिए भी भारत सक्रिय है। विश्व के कल्याण के लिए भारत के उदात्त भाव से सभी परिचित हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के देशों के लिए आशा की किरण हैं। जहाँ रूस और यूक्रेन के युद्ध की परिस्थितियां सभी के सामने हैं, वहीं इजराइल जैसे राष्ट्र जो तकनीक के उपयोग और अस्मिता के संघर्ष के लिए जाने जाते हैं, भारत के लिए इन सभी राष्ट्रों का सम्मानजनक रूख है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज प्रधानमंत्री मोदी और भारत की सामर्थ्य एवं पर्यावरण प्रेमी होने के दृष्टिगत हमारी प्रतिष्ठा विश्व में बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने नर्मदा नदी और उसके तटों की पर्यावरणीय संरक्षण के लिए आवश्यक निर्णय लिए हैं। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। सभी नदियों की स्वच्छता और हमारे ईको सिस्टम का संतुलन बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। हमारी सोन नदी, पुण्य सलिला गंगा को बलिष्ठ बनाती है। गंगा बेसिन के लिए यमुना के माध्यम से चंबल और क्षिप्रा भी यही भूमिका निभाती हैं। बेतवा भी यमुना जी में जाकर मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा विश्वास जियो और जीने दो में है। भोपाल के पास रातापानी टाइगर अभ्यारण्य है। भोपाल के पास सड़कों पर दिन में मनुष्य और रात्रि में टाइगर दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी और विमर्श-सत्र से पर्यावरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आएंगे। उन्होंने इस वैचारिक कार्यक्रम की सफलता की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप जलाकर विमर्श-सत्र का शुभारंभ किया। सत्र को नार्वे के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय विकास और पर्यावरण मंत्री और यूएनडीपी के पूर्व कार्यकारी निदेशक एरिक सोलहेम ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश बहुत सुंदर राज्य है। इसकी हेरिटेज देखने लायक है। मध्यप्रदेश में होने वाले जलवायु संरक्षण के कार्यों का वैश्विक महत्व होगा।

## जलवायु परिवर्तन को रोकने व्यवहार में बदलाव जरूरी

### विभिन्न विषयों हुए पैनल डिस्कशन में वक्ताओं ने रखे विचार

दबंग दुनिया ◆ भोपाल

जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पंचामृत की जो बात कही गई है, उसका पालन सभी को करना चाहिए। भारत हमेशा प्रॉब्लम सॉल्वर के रूप में सामने आया है। विषय-विशेषज्ञों ने इस तरह के विचार जलवायु परिवर्तन के लिये वैश्विक प्रयास भारत की प्रतिबद्धता में राज्यों का योगदान पर हुई संगोष्ठी में इंडियाज पर्सपेक्टिव ऑन क्लाइमेट चेंज और पॉजिटिव एफर्ट्स फॉर क्लाइमेट प्रोटेक्शन एट नेशनल एण्ड इंटरनेशनल लेवल्स पर हुए पैनल डिस्कशन में व्यक्त किये। सेवानिवृत्त आईएएस रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कार्बन बाजारों में प्रवेश के लिये ठोस फ्रेमवर्क बनाने की जरूरत है। इससे प्राकृतिक खेती और सतत वन विकास एवं पर्यावरणीय प्रयासों को वित्तीय सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को प्रोत्साहित करेगा बल्कि भारत को वैश्विक हरित अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका में स्थापित करेगा। प्रसाद ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक प्रभाव गरीबों पर पड़ता है, अतः क्लाइमेट जस्टिस जरूरी है। वरिष्ठ पत्रकार की अभिलाषा खांडेकर ने कहा कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाने के लिये नेचर वॉलेंटियर्स बनाने की जरूरत है। पानी का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज को रोकने के व्यवहार में परिवर्तन जरूरी है। आईआईएफएम के प्रोफेसर डॉ. योगेश दुबे ने कहा कि क्लाइमेट चेंज को रोकने के लिये भारत सरकार ने बड़ी तेजी से कदम आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं ग्लास में एक भी बूंद पानी की नहीं छोड़ता। दुबे ने कहा कि स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने का कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। वनीकरण और हाइड्रोजन फ्यूल के उपयोग को बढ़ावा देना क्लाइमेट चेंज को रोकने में मददगार साबित होंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया के वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन ने कहा कि सभी को मिलकर समग्र प्रयास करने की जरूरत है। वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्राचीन पर्यावरणीय संरचनाओं पर गहराई से अध्ययन करने की योजना बनाई गई है। इसमें बारिश को प्रभावित करने वाले वायुकणों का अध्ययन, जलवाष्प का विश्लेषण जैसे विषयों को शामिल किया गया है। संचालक अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान राजेश गुप्ता ने कहा कि यहां जो चर्चाएं हुई हैं, वह दूर तलक जाएंगी। यह एक शुरूआत है, हम जरूर कामयाब होंगे। नर्मदा समग्र के चीफ एक्जीक्यूटिव कार्तिक सप्रे ने कहा कि मैं से हम और हम से सब के सूत्र पर काम कर रहे हैं।

## निकायों में हरित क्षेत्र विकास के लिए 390 योजनाओं को स्वीकृति

### अमृत 2.0 में स्वीकृत योजनाओं पर खर्च होंगे 118 करोड़

दबंग दुनिया ◆ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहरों में पार्क और हरित क्षेत्र के विकास के लिये अमृत 2.0 मिशन में 390 योजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं पर 118 करोड़ 8 लाख रुपए की स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सतत विकास के कार्य किये जा रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री भरत यादव ने बताया कि शहरों में पर्यावरण-संरक्षण के उद्देश्य से अमृत 2.0 मिशन के तहत पार्क और उससे जुड़े सभी कार्य गुणवत्ता के साथ नियत समय में पूरे कराये जायेंगे।

इन योजनाओं का उद्देश्य शहरी इलाकों में हरित स्थानों का विकास करना, स्थानीय समुदायों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध कराना है। इन योजनाओं के माध्यम से नागरिकों के शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार आयेगा। साथ ही पार्कों में बच्चों के खेलने के स्थान, बुजुर्गों के लिए विश्राम स्थल, वॉकिंग ट्रैक, और योग के लिये क्षेत्र विकसित किये जा रहे हैं। इन क्षेत्रों के विकास में पार्कों में लाइटिंग, जल-संरक्षण, और पौध-रोपण के प्रावधान भी किए जा रहे हैं। इन पार्कों को ऊर्जा-सक्षम और पर्यावरण अनुकूल भी बनाया जा रहा है।

स्वीकृत योजनाओं में से 41 योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए हरित क्षेत्र के विकास में स्थानीय पौधों एवं छायादार पौध-रोपण पर जोर दिया जा रहा है। चयनित स्थलों पर सामुहिक जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये लोक चित्रकला से पार्कों की दीवारों में चित्र बनाकर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। अमृत 2.0 के माध्यम से विकसित किये जा रहे पार्क में मनोरंजन और स्वास्थ्य सुविधाएं प्राथमिकता के साथ प्रदान की जा रही हैं।

### गुजरात मेट्रो का मॉडल देखकर लौटे भोपाल के अफसर

भोपाल. राजधानी में भोपाल मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों ने अहमदाबाद (गुजरात) में मेट्रो के मॉडल को देखा। अंडरग्राउंड और एलिवेटेड स्टेशनों पर जाकर मेट्रो के संचालन की पूरी प्रोसेस देखी। कंट्रोल रूम से कैसे नजर रख सकते हैं, ये भी जाना। भोपाल और इंदौर मेट्रो में भी यह काम होगा। मप्र मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारी पिछले सप्ताह शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे थे। वे तीन दिन के अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस-एक्सपो में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने मेट्रो का काम भी देखा। सोमवार को अधिकारी वापस लौट आएं।

## पीएम जन-मन में 118 पीवीटीजी बहुल गांव बन रहे आदर्श ग्राम

दबंग दुनिया ◆ भोपाल

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जन-मन) योजना में प्रदेश में विशेष रूप से कमजोर और पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के समग्र कल्याण के लिये तेजी से काम जारी है। प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातियां पीवीटीजी में आती हैं। पीएम जन-मन में 24 जिलों के 118 पीवीटीजी बहुल गांव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिये चुना गया है। चयनित आदर्श ग्रामों में सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणी के अधोसंरचना विकासमूलक कार्यों सहित सभी प्रकार के कल्याण कार्यक्रमों का तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। चुने गये 118 आदर्श ग्रामों में से सिवनी जिले का झिंजरई गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित हो चुका है। यहां योजनाओं को शत-प्रतिशत अमल में लाया गया। योजना में 23 जिलों के 92 आदर्श ग्रामों में अधोसंरचनात्मक विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। 16 जिलों के 48 आदर्श ग्राम में हितग्राही मूलक काम पूरे होकर लाभार्थियों को दे दिये गये हैं। 7 जिलों के 19 आदर्श ग्राम में विकास एवं हितग्राहीमूलक दोनों कार्य पूरे कर लिये गये हैं। 118 पीवीटीजी बहुल गांव को मॉडल विलेज बनाकर सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन कर यहां आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने का लक्ष्य है। योजना में छिंदवाड़ा एवं डिंडोरी जिले में 7-7 एवं कटनी में 6 पीवीटीजी बहुल गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किये जा रहे हैं। अनूपपुर, अशोकनगर, उमरिया, गुना, ग्वालियर, जबलपुर, दतिया, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, मुरैना, रायसेन, विदिशा, शहडोल, शिवपुरी, श्योपुर, सिंगरौली, सिवनी एवं सीधी जिले में 5-5 पीवीटीजी बहुल गांव, आदर्श ग्राम के रूप में तैयार किये जा रहे हैं। मैहर के 2, भिंड के एक गांव को भी आदर्श ग्राम बनाया जा रहा है।

## मप्र के स्थापना दिवस पर हायर सेकंड्री के टॉपर्स का सम्मान करे सरकार

### अर्द्ध शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ की मांग

दबंग दुनिया ◆ भोपाल

अर्द्ध शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हायर सेकंडरी में 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवंबर पर सम्मानित करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने कहा, इन विद्यार्थियों को 25 हजार या लेपटॉप देने की घोषणा सरकार ने की थी। इस वादे को पूरा किया जाए। वर्मा कहते हैं कि परीक्षा परिणाम आने के 5 माह बाद भी मेधावी छात्रों का सम्मान नहीं किया गया है। अब सरकार अपना वादा पूरा करे। स्थापना दिवस पर स्टूडेंट का सम्मान करने की मांग करने वालों में निगम-मंडल के वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई, डॉ. कालिका प्रसाद यादव, जेएन कुशवाहा, जेएस राठौर, आरएन कौल, पीसी जैन, डॉ. केएन स्वर्णकार, एसके अमलाथे, गोपाल सिंह चौहान, संजय जैन, श्याम सुंदर शर्मा, एससी त्रिपाठी, आरके खरे, अनिल व्यौहार, पीएल शर्मा, आरएस रघुवंशी, हीरालाल साहू, ओपी सोनी, व्हीके शुक्ला, एसके शर्मा, शिल्पा फड़नीस, वीणा जोशी, प्रतिभा तिवारी, हातिम अली अंसारी, गैवीनाथ मिश्रा, पीएस विश्वकर्मा, आरपी पांडे आदि शामिल हैं।

## वोटर लिस्ट में आज से जुड़वा सकेंगे नाम

### पता चेंज कराने वालों के लिए भी मौका

दबंग दुनिया ◆ भोपाल




अगर आपका नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है और आप 18 साल के हो चुके हैं या फिर आपने अपना निवास क्षेत्र बदल दिया है। अगर आपका नाम वोटर लिस्ट से किसी कारण से हट गया है और आप पिछली सूची में नाम नहीं जुड़वा पाए हैं तो आपके लिए यह मौका आ गया है। मंगलवार 29 अक्टूबर से आप अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी किया है। इसमें मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी गतिविधियों के साथ मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन आगामी 29 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। इसके बाद दावे-आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक लिए जाएंगे। चुनाव आयोग ने इसके लिए 9 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं। दावे-आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा।

### अब तक यह काम कर चुके बीएलओ

अब तक आयोग ने जो जिम्मेदारी बीएलओ को सौंपी है, उसके अनुसार आवंटित मतदान केंद्र की सूची में कोई भी ऐसा व्यक्ति सम्मिलित नहीं होना चाहिए, जिसकी मृत्यु 31 जुलाई 2024 के पहले हो चुकी है। एक से अधिक एंट्री, मृत मतदाता और स्थायी तौर पर शिफ्ट हुए वोटर्स के नाम सूची से हटाए गए हैं। सभी लॉजिकल एरर, पते का मानकीकरण, फोटो की क्वालिटी जांचने के साथ ईपिक की सभी विसंगति दूर कर दी गई है। जिनके नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हैं, उनकी जानकारी एक अक्टूबर 2024 के आधार पर एकत्र कराई गई है। ऐसे मतदाताओं की जानकारी भी जुटाई गई है जो एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2025 को 18 साल के होंगे और वोट डालने के लिए पात्र हो जाएंगे।

# डीए को लेकर कर्मचारियों में कहीं खुशी कहीं गम

### किसी ने आभार जताया, तो किसी ने कहा-3 फीसदी पीछे रह गए

दबंग दुनिया ◆ भोपाल



महंगाई भत्ते में वृद्धि को लेकर मध्य प्रदेश के कर्मचारी खुश भी हैं और नाराज भी। खुशी इस बात की है कि 10 महीने देर से ही सही सरकार ने डीए दे तो दिया और नाराजगी की वजह डीए में केंद्रीय कर्मचारियों से 3 फीसदी पीछे रहना है।

4 फीसदी वृद्धि के साथ राज्य के कर्मचारियों को 50 फीसदी डीए मिलेगा, जबकि केंद्र के कर्मचारियों को 16 अक्टूबर 2024 से 53 फीसदी डीए मिल रहा है। हालांकि, कर्मचारियों ने डीए मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है और शेष 3 फीसदी डीए और पेंशनरों को 7 फीसदी महंगाई राहत देने की मांग की है।

### संघ ने जताया आभार

राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री जितेंद्र सिंह ने 4 फीसदी डीए देने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। संघ ने पिछले दिनों प्रदर्शन भी किया था और उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से भेंट कर डीए दिलाने का अनुरोध किया था। मप्र शिक्षक संघ के अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौर ने भी डीए देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। राठौर ने बताया कि वे डीए की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से मिले थे।

### डीए घोषणा का स्वागत

अर्द्धशासकीय अधिकारी-कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा ने मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की घोषणा की है, उसी प्रकार वादा अनुसार हायर सेकंडरी की परीक्षा में पहली बार 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर सम्मान करें।

### महासंघ ने किया निर्णय का स्वागत

मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी-अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष रमेश राठौर ने कर्मचारियों को 4 फीसदी डीए देने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी अब भी केंद्रीय कर्मचारियों से 3 फीसदी पीछे हैं। सरकार उसे भी घोषित कर दे।

### मुख्यमंत्री ने दिवाली पर सेवकों को दिया तोहफाः शुक्ल

भोपाल. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर सभी शासकीय सेवकों को तोहफा दिया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने समस्त शासकीय सेवकों को जो पूरी मेहनत और लगन से मध्यप्रदेश को बेहतर बनाने के लिये लगे हुए हैं को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि शासकीय सेवकों को दिये जाने वाले महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

# हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर ने जारी किया परिपत्र

» दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, क्रिसमस तथा नववर्ष पर पटाखे फोड़ने की अवधि निर्धारित

दबंग दुनिया ◆ बलरामपुर

जिले में दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा क्रिसमस व नए साल के अवसर पर केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने परिपत्र जारी किया है। साथ ही त्यौहारों में अलग-अलग समय में पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर श्री एक्का ने छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। परिपत्र में कहा गया है कि जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। पटाखे फोड़ने के लिए दीपावली में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गुरु पर्व में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक और क्रिसमस व नये वर्ष में रात्रि 11:55 बजे से रात्रि 12:30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

परिपत्र में कहा गया है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिये बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम लुरघुट्टा के ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

» घरों में ही शुद्ध पेयजल मिलने पर ग्रामीण हुए खुश

» जिला प्रशासन का जताया आभार






दबंग दुनिया ◆ बलरामपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 17 किलोमीटर दूरी पर ग्राम पंचायत तातापानी का आश्रित ग्राम लुरघुट्टा स्थित है। जहां की कुल आबादी 814 है। यहां बिचपारा, जुनापारा, करमटोली, खासपारा मुख्य रूप से 4 बसाहटें है। जहां अधिकांश लोग कृषि कार्य एवं वनोपज पर निर्भर हैं। यहां पेयजल का मुख्य स्त्रोत कुआं, तालाब तथा हैण्डपम्प हुआ करता था, यहां कि महिलाओं को पेयजल हेतु अत्यंत दूर जाना पडता था। गांव के मध्य में एक बड़ा तालाब है, जिसे रजबंधा तालाब के नाम से जाना जाता है जो सिंचाई का मुख्य का साधन है। लुरघुट्टा गांव में एक आंगनबाड़ी केन्द्र तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय है जहां बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करते हैं।

जल जीवन मिशन योजना शासन की एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके तहत सभी घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेय जल पहुंचाना है। योजना अंतर्गत जल संरक्षण एवं वर्षा जल भण्डारण पर मुख्य रूप से ध्यान देते हुए समुचित स्तर पर जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जायेगा। योजना अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम लुरघुट्टा में बसाहट दूर-दूर एवं पहाड़ों के बीच बसे होने के कारण जल जीवन मिशन योजना से पाईप लाईन बिस्तार, घरेलु नल कनेक्शन एवं उच्च स्तरीय जलागार निर्माण का कार्य किया जाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, किन्तु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सक्रियता से कार्य को पूर्ण कराया जाना सम्भव हो सका है। ग्राम लुरघुट्टा अंतर्गत कुल राशि 120.61 लाख रुपये की लागत से 10029 मीटर पाईप लाईन विस्तार कर लगभग 186 घरों में नल से शुद्ध पेय जल प्रदाय किया जा रहा है। इस कार्य हेतु गांव में 12 मीटर स्टेजींग का कुल 06 नग स्टील स्ट्रक्चर लगाया गया है एवं स्वीच रूम का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से जल प्रदाय किया जाता है।

ग्राम पंचायत तातापानी की सरपंच श्रीमति प्रतिमा मिंज की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के पंच एवं सभी ग्रामवासीयों ने भाग लिया जिसमें जल संरक्षण एवं संवर्धन पर जानकारी दिया गया। गांव के सभी घरो में नल से शुद्ध पेयजल प्राप्त होने से सभी ग्रामीण खुश एवं उत्साहित है। ग्राम सभा में पंच, सरपंच एवं समस्त लोगों के सहमति से ग्राम लुरघुट्टा का हर घर जल सर्टिफिकेशन कराया गया। ग्राम लुरघुट्टा की सरपंच श्रीमति प्रतिमा मिंज बताती हैं कि विषेश कर गमिर्यो में तालाब के सुख जाने एवं कुओं में पानी कम हो जाने के कारण दैनिक उपयोग एवं पालतु पशुओं के पेयजल का समस्या उत्पन्न हो जाया करता था परन्तु अब जल जीवन मिशन योजना से प्रत्येक घर में प्रति व्यक्ति 55 लीटर शुद्ध पेय जल प्रदाय होने से ग्रामिणों का जीवन सरल हुआ है और पेयजल की समस्या का समाधन हो गया है। जल जीवन मिशन योजना ग्रामीणों के जीवन में खुशियों लेकर आया है। समस्त ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# कांग्रेसियों ने किया मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला दहन



दबंग दुनिया ◆ बलरामपुर/रामानुजगंज

बलरामपुर के कोतवाली थाना में संदिग्ध परिस्थितियों में स्वास्थ्य कमर्चारी का शव मिला था जिसे कांग्रेस नेताओं ने हत्या करार देते हुए दोषी पुलिस कर्मियों की विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए बर्खास्त की कार्रवाई की करने की मांग की थी। पुलिस हीरासत में हुई मौत को लेकर राज्य शासन की विरुद्ध कांग्रेस एवं एनएसयूआई के द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए लरंगसाय चौक में मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए इस्तीफा की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा जिसके साथ झूम झटकी के बीच पुतला दहन किया गया। इस पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति हो गई है निश्चित रूप से यह पूरे प्रदेश के लिए चिंता है रोज घटनाएं हो रही है परंतु कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है निश्चित रूप से यह राज्य सरकार की विफलता है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह ने कहा कि बलरामपुर में जिस प्रकार से घटना हुई वह निश्चित रूप से पुलिस के द्वारा आत्महत्या करार देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है राज्य सरकार को तत्काल मजिस्ट्रेट जाँच कराकर दोषीयों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करना चाहिए। इस दौरान डॉ दिनेश यादव , व्यासमुनी यादव , नीरज गुप्ता , निशांत चौबे , गौतम सोनी , नसीम अंसारी , शिव शंकर सोनी , गौतम गुप्ता ,रिजवान अंसारी , कृतिव्रत मंडल , टी एस यादव , मुबारक अंसारी सहित अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

## अस्पताल से नदारद डाक्टरों और कर्मचारियों को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश, छुट्टी लिए बिना गायब होने वाले डाक्टरों और कर्मचारियों का एक दिन का अवैतनिक अवकाश करने निर्देश



दबंग दुनिया ◆ पत्थलगांव

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास कर रहे हैं।

इसी कड़ी में कलेक्टर ने लगभग 3 घंटे अस्पताल के एक एक वार्ड का गंभीरता से निरीक्षण किया और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने सभी डाक्टरों और स्टाप को समय पर ओपीडी में बैठने के निर्देश दिए हैं। ताकि मरीजों को इलाज करवाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने पाए।कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नदारद डाक्टरों और स्वास्थ्य कमर्चारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिनका छुट्टी का आवेदन नहीं, बिना सूचना के गायब डाक्टरों और कमर्चारियों का एक दिन का अवैतनिक अवकाश घोषित करने के लिए कहा गया। कलेक्टर ने कहा मरीजों को इलाज करवाने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कारर्वाई करने की बात कही।कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान हमर लैब , जनरल वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, डाक्टरों की ओपीडी आईसीयू, रसोईघर, शौचालय, दवाई भंडारण कक्ष ,सीटी स्कैन, पैथोलॉजी, एक्स रे रूप, मातृत्व और शिशु अस्पताल, सोनोग्राफी सेंटर आदि का वार्ड का बारीकी से अवलोकन करके मरीजों के लिए व्यस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शौचालय की नियमित साफ सफाई करने के लिए कहा है। साथ ही मरीजों को मैन्यू के आधार पर भोजन देने के लिए कहा और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने मातृत्व और शिशु अस्पताल के परिसर में मरीजों को दवाई वितरण करने के अलग काउंटर बनाने के लिए कहा है ताकि मां और बच्चे को शीघ्र दवाई उपलब्ध कराई जा सके।

# ससुराल में भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखने वाले आरोपी नीलम लकड़ा तुमला पुलिस के हत्थे चढ़ा



दबंग दुनिया ◆ पत्थलगांव

संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जशपुर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को दिनांक 28.10.2024 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जोरण्डाझरिया लारीपारा में रहने वाला नीलम लकड़ा जो काफी दिनों से अपने ससुराल में रह रहा है एवं अपने ससुराल के घर में खपाने के उद्देष्य से अवैध रूप से गांजा को रखा है। इस सूचना पर थाना तुमला से निरीक्षक कोमल नेताम के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्काल कार्यवाही हेतु रवाना किया गया, टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति के घर जाकर गांजा रखने के संबंध में पूछताछ करने के उपरांत बारीकी से तलाशी लेने पर उसके घर के एक हिस्से से प्लास्टिक बोरा में रखा हुआ 07 अलग-अलग पैकेट में कुल 09 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिलने पर गांजा को जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त मादक पदार्थ गांजा को खपाने एवं विक्रय करने के उद्देष्य से अपने पास रखना बताया। आरोपी नीलम लकड़ा उम्र 35 साल निवासी मेण्डेर का कृत्य धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे दिनांक 28.10.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की गई है। विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक कोमल नेताम, आर. 478 सुजीत खाखा, आर. 711 सुरेष मिंज, आर. 751 बेनेदिक तिग्गा, आर. 665 रामवृक्ष राम, सै. बेनूधर बारिक का योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है किः- जशपुर पुलिस द्वारा अवैध कृत्य में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। आप भी अपने आस-पास हो रहे किसी प्रकार की अवैधानिक कृत्य के संबंध में तत्काल सूचना मुझे देवें। जशपुर पुलिस का नशे के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।

# विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा, सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के दिये निर्देश





दबंग दुनिया ◆ बलरामपुर

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, विभागीय योजनाओं और जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की गहन समीक्षा की। श्रीमती जमील ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ राजस्व विभाग में विवादित एवं अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन जैसे मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वन अधिकार पट्टा, और स्वच्छ भारत अभियान जैसी प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील ने कहा कि राजस्व अधिकारियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने चाहिए ताकि लक्षित वर्गों को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों के भुगतान की स्थिति और आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। श्रीमती जमील ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पीएम आवास योजना की विकासखण्डवार जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सुगर, स्वास्थ्य, टीबी, और सिकल सेल की नियमित जांच की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने एनआरसी सेंटर के संचालन की स्थिति की जानकारी ली और बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने छात्रावास और आश्रम में रहने वाले बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री शशि चौधरी, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व तहसीलदार सहित अधिकारी-कमर्चारी उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्रों में किया जाएगा विशेष शिविर का आयोजन

दबंग दुनिया ◆ बलरामपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्रों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की गई है। जिसके लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों में तिथिवार विशेष शिविर का अयोजन किया जाना है। जिसके तहत 09 एवं 10 नवम्बर 2024 तथा 16 एवं 17 नवम्बर 2024 को शिविर आयोजित होगा।

शिविर में नये मतदाता बनने के लिए, आधार से मतदाता पहचान पत्र लिंक करने, मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने तथा मतदाता सूची में संशोधन/स्थानांतरण, नया ईपीक कार्ड प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाले के लिए वोटर हेल्पलाईन एप्प या वोटर पोर्टल सर्विस तथा हेल्पलाईन नम्बर 1590 के माध्यम से घर पर ही फॉर्म-06 भरकर नये मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# जशपुर में हुआ एकता दौड़ का आयोजन, कलेक्टर रोहित व्यास ने हरी झंडी दिखा कर रवाना, दिलाया सभी को एकता और अखंडता का शपथ




दबंग दुनिया ◆ जशपुर

31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के लिए एकता दौड़ का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। एकता दौड़ जिला चिकित्सालय से शुरू होकर महाराजा चौक होते हुए रणजीता स्टेडियम में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जिसमें कलेक्टर सहित स्कूली बच्चे, स्वच्छता कर्मी, एनसीसी कैडेट, युवा एवं शासकीय अधिकारियों ने भाग लिया। अंत में सभी ने रणजीता स्टेडियम में एकता का संकल्प लेते हुए आधुनिक भारत के निर्माता माने जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को स्मरण किया। उल्लेखनीय है कि सरदार पटेल को रलौह पुरुषर के नाम से भी जाना जाता था उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे भारतीय संघ के निर्माण के पीछे की प्रेरणा थे और उन्होंने विभाजन के बाद देश के विभिन्न राज्यों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी दृढ़ निष्ठा और साहस ने यह सुनिश्चित किया कि भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में उभरे।इस अवसर पर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा, सहायक आयुक्त संजय सिंह, सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित बड़ी संख्या नागरिक एकता दौड़ में शामिल हुए।

Scanned with OKEN Scanner

## शिवराज ने वोटरों के हाथ जोड़े तो प्रियंका ने हाथ मिलाया...



झारखंड के देवघर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया।



केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने प्रचार के दौरान लोगों से हाथ मिलाया।

# जेलेंस्की बोले- यूक्रेन-रूस जंग रुकवा सकते हैं मोदी

## विश्व के ज्यादातर नेताओं पर पुतिन को नही है भरोसा

### जेलेंस्की बोले- तटस्थ रहने का कोई मतलब नहीं, इससे रूस को फायदा

**एजेंसी ♦ कीव/नई दिल्ली**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन जंग खत्म कराने में बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हम चाहते हैं कि दूसरी यूक्रेन पीस समिट नई दिल्ली में हो। मोदी चाहें तो ऐसा कर सकते हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि मोदी, आबादी और इकोनॉमी के हिसाब से एक बहुत बड़े देश के प्रधानमंत्री हैं। किसी भी संघर्ष के रोकने में भारत और मोदी का बड़ा असर हो सकता है। ढट मोदी की तरफ से यूक्रेन और रूस के बीच बातचीत कराने की संभावना पर उन्होंने कहा कि बिल्कुल, वे ऐसा कर सकते हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रिक्स समिट फेल हो गई। इसमें एकता का अभाव दिखा। समिट में ब्राजील के नेता नहीं पहुंचे। ब्रिक्स समिट में कई देशों के नेता मौजूद थे, लेकिन इसमें ज्यादातर ऐसे थे जिन पर पुतिन को भरोसा नहीं है। सऊदी अरब को संगठन में शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया था, लेकिन वह शामिल नहीं हुआ। पुतिन इस समिट के जरिए दुनिया के बड़े हिस्से को अपनी तरफ लाना चाहते थे, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके।



संयुक्त राष्ट्र महासचिव के ब्रिक्स समिट में शामिल होने पर जेलेंस्की ने कहा कि अगर कोई कहता है कि वह यूक्रेन-रूस जंग के बीच तटस्थ है तो इसका मतलब ये है कि वह रूस के साथ है। जेलेंस्की ने कहा कि तटस्थता सिर्फ रूस की मदद करती है। हमलावर और पीड़ित के बीच, तटस्थता नही हो सकती। बीते हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के कजान शहर में 16वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया था। इस दौरान मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से ही होना चाहिए। मोदी ने कहा कि आने वाले समय में भी भारत हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

**प्रतिबंधों का रूस पर असर पड़ा, भारत-चीन चाह लें तो जंग रुक जाएगी-** जेलेंस्की ने कहा कि रूस की इकोनॉमी को कमजोर कर जंग को रोका जा सकता है। कई लोग तर्क देते हैं कि प्रतिबंध से रूस पर कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन हकीकत यह है कि इसका रूस पर थोड़ा ही सही लेकिन असर पड़ा है। भारत, चीन, तुर्की और बाकी बड़े देश रूस पर प्रतिबंध लगा दें तो पुतिन जंग रोकने के लिए मजबूर हो जाएंगे। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के हजारों बच्चों का अपहरण कर लिया है। हम चाहते हैं कि मोदी हमारे बच्चों को वापस लाने में मदद करें। वे पुतिन से कह सकते हैं कि मुझे सिर्फ 1,000 यूक्रेनी बच्चें दें, जिसे यूक्रेन को हम लौटा देंगे। अगर मोदी ऐसा करेंगे तो हम अपने ज्यादातर बच्चे को वापस अपने लाने में सफल हो सकते हैं।

**अमेरिका का राष्ट्रपति कोई बने, वे यूक्रेन समर्थक होंगे-** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को लेकर जेलेंस्की ने कहा, नेता बदलने से अमेरिकी नीतियां नहीं बदलती हैं। कोई भी अमेरिका का राष्ट्रपति बना वह यूक्रेन को अपना समर्थन देना जारी रखेगा। अगर अमेरिका की नीति बदलती है तो हमारे लिए मुश्किल होगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोप अकेले भी रूस को टक्कर देने के काबिल है। यह एक शक्तिशाली महाद्वीप है। रूस से यह आबादी के मामले में 5 गुना बड़ा है। आर्थिक रूप से यह दर्जनों गुना बड़ा है। यूरोप अगर एकजुट रहे तो यह बेहद ताकतवर है। हमारे लिए ये जरूरी है कि हम यूरोप की एकता को बनाए रखें। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन और यूक्रेनी लोगों के लिए यह तीसरी कठोर सर्दी है।

## जापान में किसी को बहुमत नहीं, पीएम बोले- फिर भी पद पर रहूंगा

# शिंजो आबे की पार्टी 15 साल बाद बहुमत चूकी

**एजेंसी ♦ टोक्यो**

जापान में सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) गठबंधन को संसद में बहुमत नहीं मिल पाया है। शिंजो आबे की पार्टी को सिर्फ 191 सीटें मिली हैं और उसे 65 सीटों का नुकसान हुआ है। पिछले 15 साल में पार्टी का यह सबसे खराब रिजल्ट है। एलडीपी और उसकी सहयोगी पार्टी कोमिटो को कुलमिलाकर 215 सीटें मिली हैं। सरकार चलाने के लिए गठबंधन को 233 सीटें हासिल करनी होंगी। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था, इसके बाद वे देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद इशिबा ने चुनाव कराने का ऐलान किया था।

चुनाव परिणाम के बाद जापान के पीएम ने कहा कि चुनाव परिणाम उनके पक्ष में नहीं आए हैं। जनता ने कठोर फैसला सुनाया है। वे विनम्रता से इसे स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल वे किसी और दल को जोड़ने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। चुनाव से पहले जापानी मीडिया में दावा किया जा रहा था कि एलडीपी को अगर बहुमत नहीं मिला तो पीएम इशिबा पद छोड़ सकते हैं। अगर ऐसा होता तो वे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे कम समय तक प्रधानमंत्री बनने वाले शख्स बन जाते। हालांकि इशिबा ने कहा कि वे पद पर बने रहेंगे।



### भ्रष्टाचार के खुलासे का नुकसान हुआ

2009 के बाद यह पहली बार है, जब एलडीपी को बहुमत नहीं मिला है। खबरों के मुताबिक, बहुमत हासिल नहीं करने के पीछे एलडीपी नेताओं का कई घोटाले में घिरा होना है। यही वजह है कि पार्टी की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आई है। इस साल की शुरुआत में एलडीपी की अप्रूवल रेटिंग 20% से कम हो गई थी।

### भ्रष्टाचार के आरोप

एलडीपी के सांसदों पर आरोप लगा कि उन्होंने पार्टी को मिले राजनीतिक चंदे का पैसा हड़प लिया। उन्होंने अकाउंट में हेराफेरी कर पार्टी का पैसा खुद के अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। मामले का खुलासा होने के बाद पीएम किशिदा ने कई कैबिनेट मंत्रियों और अन्य लोगों को पद से हटा दिया था। हालांकि इससे जनता का गुस्सा शांत नहीं हुआ। इस वजह से फुमियो किशिदा को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। एलडीपी की सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी जापान की संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी (एसडीपी) ने बेहतर प्रदर्शन कर के दिखाया। योशिहिको नोडा ने कहा कि वह मौजूदा सरकार को हटाने के लिए गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गठबंधन के पास 163 सीटें हैं, जो बहुतमत से दूर हैं।

## सार.समाचार

### पीयूष गोयल दो दिनी दौरे पर सऊदी अरब जाएंगे

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मंगलवार से सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर होंगे और वहां शीर्ष सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत में द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के संबंधों को और मजबूत करने के नए मार्गों की नई राह तलाशना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान गोयल रियाद में सऊदी अरब के साथ भारत के संबंधों की भविष्य की दिशा में पहल ( फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशियेटिवा (एफआईआई) ) के 8वें संस्करण में भी भाग लेंगे। यह वहां आयोजित किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण आर्थिक मंच है, जो वैश्विक नेताओं, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों को एक साथ आने का अवसर प्रदान करता है।

### मोदी रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और रोजगार मेले को संबोधित भी करेंगे। मोदी ये नियुक्ति पत्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वितरित करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएगा। देशभर में 40 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नए कर्मचारी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागो के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। कर्मयोगी पोर्टल पर 1400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

### गाजा में इजरायली हमले में 9 की मौत

गाजा। गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में तीन पत्रकारों सहित नौ फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक इजरायली विमान ने अस्मा स्कूल पर कम से कम एक मिसाइल से हमला किया। मेडिकल टीमों ने बच्चों सहित नौ पीड़ितों के शव बरामद किए, जबकि विभिन्न चोटों वाले 20 से अधिक अन्य लोगों को अस्पताल ले जाया गया। गाजा में नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने कहा कि उसकी टीमें, चिकित्सा कर्मियों के साथ समन्वय में, मलबे के नीचे लापता व्यक्तियों की तलाश जारी रख रही है।

### तुर्की में भूकंप के तीव्र झटके

अंकारा। तुर्की के दक्षिणी प्रांत अदाना में भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए हैं। तुर्की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार रविवार शाम करीब 05 :07 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .0 मापी गई। भूकम्प का केंद्र कोजान जिले में लगभग 20 .13 किलोमीटर की गहराई में था।

### खामेनेई का एक्स अकाउंट ब्लॉक

तेहरान। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का हिब्रू भाषा का अकाउंट शुरू होने के एक दिन बाद सोमवार को ब्लॉक कर दिया। खामेनेई ने पोस्ट किया कि इजरायल ने ईरान पर हमला करके गलती की है और अपने क्षेत्र पर हमले के लिए ईरान की संभावित प्रतिक्रिया का संकेत दिया।

## तटरक्षक बल के दो जहाज अदम्य और अक्षर लांच

**नई दिल्ली।** भारतीय तट रक्षक ने सोमवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित दो फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) जहाज अदम्य और अक्षर एक साथ लॉन्च किए। भारतीय तटरक्षक के प्रवक्ता ने बताया कि ये जहाज उन आठ जहाजों का हिस्सा है जिनके लिए जीएसएल से 473 करोड़ रुपए का अनुबंध किया गया है। ये दोनों 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बनाए गए हैं। ये उन्नत जहाज सुरक्षा, निगरानी और ????नियंत्रण प्रणालियों से लैस हैं और इनसे तटरक्षकों को अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की रक्षा में मदद मिलेगी। इनकी लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर, अधिकतम गति 27 समुद्री मील है और इसका वजन 320 टन है। जहाजों को अमेरिकन ब्यूरो ऑफ शिपिंग और इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग के कड़े दोहरे वर्ग प्रमाणीकरण के तहत आईसीजी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है।

## वाराणसी पीड़िता की लड़ाई में हम उसके साथ हैं : फोगाट

**एजेंसी ♦ नई दिल्ली**

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नव निर्वाचित पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि वाराणसी में पीड़ित महिला के परिजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भाजपा (आरएसएस-भाजपा) नेता की सह पर जेल में है और जिस पर आरोप लगे हैं, वह छुट्टा घूम रहा है, इसलिए पीड़िता की लड़ाई में वे उसके साथ खड़ी हैं और मिलकर उसकी लड़ाई लड़ेंगी।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सुश्री फोगाट ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीड़िता को आरएसएस-भाजपा नेता चार साल से दुष्कर्म की धमकियां दे रहा है, लेकिन पुलिस में शिकायत करने पर उसे जेल भेजने की बजाय पीड़िता के परिजनों को ही जेल में डाल दिया और आरोपी खुला घूम कर भाजपा नेताओं का उसे बचाने के लिए आभार जता रहा है। उन्होंने कहा, बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की एक बेटी की आपबीती है, जिसे भाजपा आरएसएस नेता धमकियां दे रहा है।

## सूडान में हेलिकॉप्टर से टकराया वाहन, 4 की मौत

**खार्तूम।** सूडान के पूर्वी प्रांत गेदारेफ में एक कीट नियंत्रण छिड़काव हेलिकॉप्टर रनवे पर एक वाहन से टकरा जाने से चार कृषि श्रमिकों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। गेदारेफ राज्य के कार्यवाहक कृषि मंत्री अम्मार सुलेमान ने शिन्हुआ को बताया कि यह घटना तब हुई, जब एक कीट नियंत्रण छिड़काव हेलिकॉप्टर कृषि क्षेत्र में उतर रहा था। उसी दौरान, एक तीन पहिया वाहन अचानक रनवे पर आ गया, जिससे उसकी हेलिकॉप्टर से टक्कर हो गी। इसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से एक की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए पड़ोसी राज्य के कसाला अस्पताल में रैफर कर दिया गया है। फिलहाल, गेदारेफ राज्य में तिल की फसल के साथ-साथ अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की कटाई शुरू हो गई है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: वोटिंग 6 नवंबर को होना है, लेकिन 4 करोड़ से ज्यादा लोग कर चुके हैं प्रि-वोटिंग

# ट्रम्प की न्यूयॉर्क रैली में जुटी हजारों की भीड़, शामिल हुए कई स्टार

**वॉशिंगटन » एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को वोट डाला। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पिछले सप्ताह ही मेल के जरिए वोटिंग कर चुके हैं। शनिवार तक 4.2 करोड़ से ज्यादा लोग चुनाव से पहले ही वोट दे चुके हैं। अमेरिका में इस साल करीब 70 प्रतिशत लोग चुनाव से पहले वोटिंग कर सकते हैं। चुनाव से पहले वोट देने की इस प्रक्रिया को एडवांस पोलिंग या प्री पोल वोटिंग कहा जाता है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए 6 नवंबर को वोटिंग होनी है।

अमेरिकी चुनाव को अब सिर्फ 8 दिन बाकी हैं। ऐसे में ट्रम्प और कमला हैरिस दोनों का चुनाव प्रचार अंतिम दौर में है। ट्रम्प ने न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आखिरी रैली की। इसमें ट्रम्प की पत्नी मेलानिया भी शामिल हुईं। इस दौरान ट्रम्प ने पत्नी के साथ मंच पर डांस भी किया।





दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner